स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, मंगलवार
23 अप्रैल, 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष 15
सं. 2081 वि.
वर्ष 77, अंक 241 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये   epaper : epaper.swatantrabharat.net   web portal : swatantrabharat.net

अंपायर से बहस में कोहली पर मैच का 50 फीसदी जुर्माना





**आज का मौसम**

अधिकतम तापमान - 41⁰
न्यूनतम तापमान - 25⁰
सूर्योदय - 5:35
सूर्यास्त - 6:34
मौसम सामान्य रहेगा।

**खबर एक नज़र**

### नीतीश पर तेजस्वी का पलटवार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दंपति लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के नौ बच्चों को लेकर एक टिप्पणी ने बवाल का रूप ले लिया है। लालू-राबड़ी के बेटे और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि सीएम ये सब कहना नहीं चाहते, उनसे कहलवाया जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि सीएम से इस तरह की बात करवाने वालों को बता दें कि बाबा साहब आंबेडकर खुद 14 भाई-बहन थे, बाबा साहब अपने माता पिता की 14वीं संतान थे। नेताजी सुभाष चंद बोस 8वें भाई थे। सीएम नीतीश कुमार पांच भाई-बहन हैं। अटल बिहारी बाजपेयी भी 7 भाई-बहन हैं। पीएम नरेंद्र मोदी 6 भाई-बहन हैं। नीतीश ने पिछले हफ्ते एक चुनावी सभा में आरजेडी में लालू-राबड़ी के परिवारवाद पर कहा था कि एतना बच्चा कोई पैदा करता है। लालू जब खुद कुर्सी से हटे तो बीवी को बिठा दिया। फिर बच्चा को ले आए।

### मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की मांग

**किशनगंज।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को बताते हुए मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की वकालत की है। ओवैसी ने इस दौरान बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग एआईएमआईएम पर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के खिलाफ होने का झूठा आरोप लगाते हैं। दिवंगत दिवंगत नेता हुमेरा अजीज का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि हमने 2004 के लोकसभा चुनाव में सिकंदराबाद से एक महिला उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतारा था। उन्होने कहा आजादी के बाद से देश में 17 लोकसभा चुनाव हुए हैं लेकिन सांसद बनने वाली मुस्लिम महिलाओं की संख्या सिर्फ 20 रही है, तो फिर मुस्लिम महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं मिलना चाहिए।

### शरद पवार का तंज

**अमरावती।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता शरद पवार ने सोमवार को दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्रियों ने एक नया भारत बनाने के लिए काम किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल दूसरों की आलोचना करते हैं और यह नहीं बताते हैं कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्ष में लोगों के लिए क्या किया। अमरावती में महा विकास आघाडी के उम्मीदवार के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि देश के प्रति पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के योगदान पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि कुछ भाजपा नेताओं ने संविधान बदलने के बारे में सार्वजनिक तौर पर बात रखी है। उन्होंने लोगों से भारत में तानाशाही न आने देने की अपील की।

### मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने सोमवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घुसपैठिया टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम उनके (पीएम मोदी) पद का सम्मान करते हैं, वह उतने ही हमारे प्रधानमंत्री हैं जितने आपके या भाजपा के। वह जितना ऊंचे पद पर होता है, संयम बरतने का उसका दायित्व उतना ही अधिक होता है। दुर्भाग्य से उन्होंने जिस बयान का हवाला दिया, वह गंभीर रूप से आपत्तिजनक है। सिंघवी ने कहा कि हम पीएम से ऐसी उम्मीद कभी नहीं कर सकते। हम उनसे हाथ जोड़कर प्रार्थना करेंगे कि वह इन टिप्पणियों को वापस लें और स्पष्टीकरण दें।

# देश से बड़ा कुछ नहीं:मोदी

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को उत्तर प्रदेश के अलिगढ़ में एक चुनावी सभा में कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप

**■ अलीगढ़ में पीएम बोले अब गरीबी मिटाने का वक्त आ गया**

सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिली है।

मोदी ने कहा कि अच्छे भविष्य, विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है। अब देश को गरीबी से पूरी तरह मुक्त करने, देश को भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त



कराने का, देश को परिवारवादी राजनीति से मुक्त कराने का समय आ गया है। इसके लिए जरूरी है - फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि देश से बड़ा कुछ नहीं होता। देश का इतना महत्वपूर्ण चुनाव चल रहा है, हमें सारे काम छोड़कर वोट करना चाहिए। सुबह-सुबह धूप निकलने से पहले, जलपान से पहले आपको मतदान करना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले आर्टिकल 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी शान से जीते थे और हमारे फौजियों पर पत्थर चलाते थे। अब इन सब पर फुल स्टॉप लग गया है। उन्होंने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती आदि तो सपा सरकार का ट्रेडमार्क ही था, यही उनकी पहचान थी और उनकी राजनीति भी इसी से चलती थी। लेकिन अब योगी जी की सरकार में अपराधियों की हिम्मत नहीं है कि वो नागरिकों का अमन-चैन बिगाड़ें। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया। जब मैं पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तो इनके बाल खड़े हो जाते हैं। क्योंकि ऊपर के लोगों ने मलाई खाई और पसमांदा मुसलमानों को उनके हालात पर जीने के लिए मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है।

### सऊदी प्रिंस से बढ़वाया हज कोटा

पीएम मोदी ने कहा मैंने सउदी अरब के क्राउन प्रिंस से आग्रह किया था कि हमारे भारत के मुस्लमान भाई बहनों के लिए हज का कोटा बढ़ाएं। आज न सिर्फ भारत के हज का कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। सरकार ने एक बहुत बड़ा अहम फैसला लिया। पहले मुस्लिम माताएं-बहनें हज नहीं जा सकती थीं। लेकिन अब सरकार ने बिना मेहरमा हज जाने की अनुमति दी हैं। आज हजारों ऐसी बहनें मुझे आशीर्वाद दे रही हैं जिनका हज जाने का सपना पूरा हुआ।

## कन्नौज से अखिलेश नहीं तेज प्रताप लड़ेंगे



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवार चयन को लेकर चल रही अटकलों पर स्पष्टता ला दी है। उम्मीदवारों की हालिया घोषणा में, पार्टी ने सोमवार को तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज

**■ बलिया से सनातन पांडे को टिकट**

लोकसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया। गौरतलब है कि यह घोषणा अखिलेश यादव के कन्नौज सीट से चुनाव लड़ने की बढ़ती अटकलों पर पूर्ण विराम लगाने के बाद हुई है। 2015 में तेज प्रताप ने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे छोटी बेटी राज लक्ष्मी यादव से शादी की थी। इसके अलावा तेज प्रताप यादव की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही पार्टी ने बलिया सीट से सनातन पांडे को भी मैदान में उतार दिया है। कन्नौज उत्तर प्रदेश के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। राज्य में 80 संसदीय सीटें हैं। कन्नौज सीट में छिबरामऊ, तिर्वा, कन्नौज, बिधूना और रसूलाबाद समेत पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र एक सामान्य सीट है और अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित नहीं है।

## चुनाव नतीजों से पहले भाजपा का खाता खुला

**सूरत।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट आ गई है। दरअसल, गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध

**■ सूरत से मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित**

निर्वाचित हो गए हैं। एक अधिकारी के मुताबिक, कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद ऐसे समीकरण बने हैं। नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया।

इसमें बसपा के प्यारेलाल भारती के अलावा अधिकतर निर्दलीय हैं। इससे पहले भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सूरत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहला कमल भेंट किया है। मैं सूरत लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं।

### तानाशाह की असली 'सूरत' फिर सामने : राहुल

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है! जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। मैं एक बार फिर कह रहा हूं - यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है।

# आस्था से खिलवाड़ कर रहा विपक्ष : योगी

**अलीगढ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस पर हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि अब अवसर आ गया है कि जनता चुनाव में इन दलों की किस्मत पर ताला लगाकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपे।

**■ मोदी को तीसरी बार सौंपें देश की सत्ता**

मुख्यमंत्री ने ताला नगरी अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी जनसभा के अवसर पर अपने भाषण में कहा, जिन सपा, बसपा और कांग्रेस के लोगों ने आपको विकास से वंचित रखा, आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया, आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया अब अवसर आ गया है कि चुनाव के माध्यम से आप उनकी किस्मत पर




अलीगढ़ का ताला लगाकर तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को देश की सत्ता सौंपें। उन्होंने कहा, हमने विकास, विरासत और गरीब कल्याण की जिन योजनाओं को पिछले 10 वर्षों के अंदर इस देश में मूर्त रूप लेते हुए देखा है, वह अभूतपूर्व है। यह देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में हम सबको प्राप्त हुआ है। इस सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक अवसर लोक सभा चुनाव 2024 हम सबको प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने दावा किया, पूरे देश में पहले चरण के तहत 102 लोकसभा सीट पर जिस तरह का जनता के मन में एक उत्साह और उमंग दिखी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यों को ध्यान में रखकर जनता-जनार्दन का जो आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है, उसके आधार पर हम कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश के प्रथम चरण की आठ लोकसभा सीट पर विपक्षी दलों का खाता नहीं खुलने जा रहा है। उन्होंने कहा, अलीगढ़ और हाथरस की जनता को प्रधानमंत्री ने वह सब कुछ दिया जो यहां की जनता की दशकों से मांग थी। जो लोग कभी यह नहीं सोचते थे कि यहां पर भी इस तरह के कार्य हो पाएंगे, उन सभी लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए कार्य किये गये हैं।याद करिए महान स्वतंत्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री मोदी स्वयं आए थे और यह विश्वविद्यालय तैयार होकर अपना शिक्षण सत्र भी शुरू कर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी अलीगढ़ को 'डिफेंस कॉरिडोर' प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, आपने अयोध्या देखी होगी। रामनवमी में भगवान राम का सूर्य तिलक और इस अद्भुत अवसर का आप सबको आनंद और गौरव प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हम सबके सामने हैं।

# सियाचिन भारत की वीरता की राजधानी : राजनाथ

जम्मू/लेह। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया।

इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी।



उन्होंने कहा, सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है। इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे।

इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर भारत माता की जय के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए। राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया। सियाचिन ग्लेशियर हिमालय में पूर्वी काराकोरम रेंज में स्थित है और इसे अक्सर दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र माना जाता है। इससे पहले 13 अप्रैल को, भारतीय वायु सेना ने प्रसिद्ध ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ मनाई थी, जिसे भारतीय सेना ने सियाचिन ग्लेशियर पर कब्जा करने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल करके उस पर नियंत्रण हासिल करने के लिए चलाया था।

### भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रखना संभव

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिडे ने सोमवार को कहा कि अनुकूल मानसून, उच्च कृषि उत्पादकता और बेहतर वैश्विक व्यापार के दम पर चालू वित्त वर्ष और उसके बाद भी भारत के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रख पाना मुमकिन है। हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विनिर्माण और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से आर्थिक वृद्धि दर लगभग आठ प्रतिशत रहने की संभावना है। भिडे ने एजेंसी से बातचीत में कहा, चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी समर्थन मिलने की संभावना है। सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना संभव लगता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबी अवधि में खाद्य मूल्य स्थिरता हासिल करने के लिए उत्पादकता में सुधार की जरूरत प्रमुख कारक बनी रहेगी।

## केजरीवाल को डॉक्टर से परामर्श की इजाजत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा। उन्हें डॉक्टर से रोज 15 मिनट परामर्श की इजाजत नहीं मिली। सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डायबिटीज की रेगुलर जांच, कंसल्टेंशन और इंसुलिन की मांग की थी। ईडी ने 18 अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट से कहा था कि जेल में केजरीवाल जानबूझकर आम और मिठाई खा रहे हैं, ताकि उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल जाए। कोर्ट ने ईडी से इस पर जवाब मांगा था। इससे पहले सुबह हाईकोर्ट ने उनसे जुड़ी 2 याचिकाओं पर सुनवाई की। पहली- हाईकोर्ट ने जमानत के लिए दायर की गई जनहित याचिका खारिज कर दी। याचिका वी द पीपुल ऑफ इंडिया के नाम से एक लॉ स्टूडेंट ने लगाई थी। केजरीवाल की ओर से एडवोकेट राहुल मेहरा ने कहा- सभी मामलों में असाधारण जमानत दें। ऐसी अपील कैसे की जा सकती है। यह पूरी तरह से पब्लिसिटी के लिए दायर की गई याचिका है। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से पूरी सरकार रुक गई है। वे सरकार के मुखिया हैं। कोर्ट ने कहा- राहुल मेहरा सीएम की ओर से पेश हुए हैं। उनका कहना है कि वे अपना काम कर रहे हैं। उन्हें आपसे कोई मदद नहीं चाहिए।

**■ दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका**



### बरेली में मजदूर ने की ईंट भट्ठा मालिक की हत्या

**बरेली।** बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह ईंट भट्ठा मालिक की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि भट्ठा पर काम करने वाले मजदूर ने उनके सीने में गोली मारी है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। फरीदपुर क्षेत्र के ढकनी गांव निवासी मोहम्मद मजहर खान उर्फ बॉबी एडवोकेट का ईंट भट्ठा गांव पदारथपुर में है। भट्ठे पर काम कर रहे भुता क्षेत्र के गांव कल्यानपुर निवासी महिला सितारा व उसके बेटे और फरीदपुर के मोहल्ला भूरेखां गौटिया निवासी रेहान के बीच सोमवार सुबह करीब 10-30 बजे घोड़ा बग्घी लगाने को लेकर विवाद हो गया। रेहान ने सितारा के लड़कों को लोहे की रॉड, लाठी-डंडों से पीटा। लोगों के बीचबचाव के बाद आरोपी रेहान ने अपने साथियों को बुला लिया। उसके साथी पिकअप गाड़ी से आ गए और महिला के बेटों को दोबारा पीटने लगे। इस बीच वहां भट्ठा मालिक मजहर खान पहुंच गए।

## वेंकैया नायडू समेत 3 को पद्म विभूषण मिथुन, उषा उथुप को पद्म भूषण सम्मान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार शाम पद्म सम्मान दिए गए। सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। 25 जनवरी को ये सम्मान घोषित किए गए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत कुछ लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत कुछ हस्तियों को पद्मश्री दिया गया। इस बार 2024 के लिए 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है। आज के समारोह में इनमें से कुछ हस्तियों को सम्मान नहीं मिल सका, इन्हें अगले हफ्ते सम्मानित किया जाएगा। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा लिस्ट में चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं। इनमें 8 विदेशी/एनआरई/पीओआई/ ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 9 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। पद्म भूषण मिलने पर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा मैं बहुत खुश हूं। मैंने जीवन में कभी किसी से अपने लिए कुछ नहीं मांगा। जब मुझे फोन आया कि आपको पद्म भूषण दिया जा रहा है, तो मैं एक मिनट के लिए चुप हो गया क्योंकि मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी।

# केंद्रीय मंत्री के बेटे पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी में किसान आंदोलन के दौरान 4 लोगों को कार से कुचलकर मारने के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि यदि आशीष मिश्रा यूपी में

**■ आशीष मिश्रा का यूपी में घूमना बेल की शर्तों का उल्लंघन**

आकर आयोजनों में हिस्सा ले रहा है तो वह उसे मिली अंतरिम बेल की शर्तों का खुला उल्लंघन है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने कहा कि यदि आशीष मिश्रा खुद कार्यक्रमों में आ रहा है तो यह शर्तों को उल्लंघन है। आशीष मिश्रा को बेल देते हुए अदालत ने शर्त रखी थी कि वह उत्तर प्रदेश से बाहर रहेगा। आशीष मिश्रा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी का बेटा है। अदालत ने आशीष मिश्रा को अंतरिम बेल देते हुए कहा था, आपको लखीमपुर खीरी



मामले में ट्रायल के दौरान यूपी जाने की परमिशन होगी। इसके अलावा आपको प्रदेश से बाहर ही रहना होगा। कोर्ट ने ऐसा इसलिए कहा था ताकि आशीष मिश्रा मौके पर स्थिति को प्रभावित न कर सके और उसका गवाहों पर भी कोई असर न पड़े। आरोप है कि जिस कार से किसान आंदोलन के दौरान एक पत्रकार समेत 4 लोग कुचले गए थे, वह आशीष मिश्रा की थी और वह खुद ही चला भी रहा था। मारे गए किसानों के परिजनों का पक्ष रखते हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि आशीष मिश्रा बेल की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है और यूपी आ रहा है। प्रशांत भूषण ने अदालत में कहा, मी लॉर्ड बेल की शर्तों में लिखा है कि वह सिर्फ ट्रायल के लिए ही यूपी आ सकता है। लेकिन वह बहुत से आयोजनों में भी हिस्सा ले रहा है। उसने यूपी में रिक्शे बांटे हैं। मैं नहीं जानता कि आखिर कैसे इसकी परमिशन दी जा रही है। मैं इसे लेकर एक एफिडेविट दाखिल कर सकता हूं, जिसमें इसकी जानकारी होगी। वहीं आशीष मिश्रा का पक्ष रखने वाले वकील ने इन आरोपों को खारिज किया। आशीष मिश्रा के वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा, ऐसा कुछ भी नहीं है। हम मूर्ख नहीं हैं कि इस तरह से उल्लंघन करें। वकील जो कह रहे हैं और वास्तव में जो स्थिति है, उसमें अंतर है। मैं वीडियोज पर यकीन नहीं करता। इसके बाद अदालत ने प्रशांत भूषण से कहा कि आप अपने आरोपों को लेकर एफिडेविट दाखिल करें। हालांकि अदालत ने जो आदेश पारित किया, उसमें रिकॉर्ड में कुछ नहीं कहा गया।आशीष मिश्रा को जनवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी। बेल देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि आशीष मिश्रा यूपी या फिर दिल्ली में ठहर नहीं सकता। हालांकि बाद में उसे परमिशन मिल गई थी कि वह अपने बीमार परिजनों से मुलाकात और उनकी देखरेख के लिए दिल्ली में रुक सकता है।

### 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में गर्भपात की इजाजत

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 14 वर्षीय एक दुष्कर्म पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत दे दी। इसी के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट के लड़की को गर्भ गिराने की मंजूरी न देने के फैसले को भी पलट दिया। कोर्ट ने डॉक्टरों के एक्सपर्ट पैनल के नेतृत्व में पीड़िता की प्रेग्नेंसी को खत्म करने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगरपालिका सर्वसाधारण रुग्णालय एवं वैद्यकीय महाविद्यालय (एलटीएमजीएच) के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें।





# शहर के दो दर्जन से अधिक मोहल्लों में पानी का संकट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भीषण गर्मी में राजधानी के कई क्षेत्रों में पानी की समस्या गहरा रही है। लगभग दो दर्जन से अधिक इलाकों में नलकूप दम तोड़ चुके हैं। हालांकि जल कल विभाग नलकूपों की रिबोरिंग





### भीषण गर्मी में दम तोड़ रहे नलकूप, जलकल विभाग मरम्मत में जुटा

में जुटा है मगर सरकारी व्यवस्था की बदहाली से आलमबाग, कृष्णानगर, इंदिरानगर व पारा सहित कई दर्जन मोहल्ले पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि जलकल विभाग नलकूपों की मरम्मत में जुटा हुआ है मगर रिबोरिंग आदि में समय लगने से समस्या जस की तस बनी हुई है। जल कल अधिकारियों को कहना है कि शहर शहर में जहां भी पेयजल की शिकायत मिल रही है उसे दुरुस्त कराया जा रहा है। राजधानी में सोमवार को भी कई क्षेत्रों में पानी का संकट रहा। कई मोहल्लों में पानी की समस्या रही। कालोनियों में भी जल संकट से लोग परेशान रहे। डालीगंज, त्रिवेणी नगर, आलमबाग, कृष्णानगर, इंदिरानगर, पारा, नरही, मड़ियांव, कुकरैल, फैजुल्लागंज और सरोजनीनगर सहित दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों के अलग-अलग मोहल्लों में पेयजल का संकट रहा। यह हाल तो उन क्षेत्रों का है जहां जलकल विभाग के अधिकारी नलकूपों के दुरुस्त होने का दावा करते हैं। इसके अलावा शहर के अलग-अलग वार्डों में कई ऐसे मोहल्ले व कालोनी ऐसी हैं जहां न पानी की सरकारी व्यवस्था है ही नहीं। यहां न तो पानी की टंकी है और न ही सरकारी नलकूप। इनमें हरिहर नगर, हरिहरपुर, अवध विहार, सनातन नगर आदि ऐसे सैकड़ों मोहल्ले हैं जहां पानी के लिए लोग सरकारी व्यवस्था का इंतजार कर रहे हैं।

**प्लान बनाकर ईमानदारी से काम होना जरूरी : शशि मिश्र**

निकाय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष शशिकुमार मिश्र कहते हैं कि लखनऊ में पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। इसको लेकर सरकारी स्तर पर जो प्रयास हो रहे हैं वह नाकाफी साबित हो रहे हैं। यदि यही हाल रहा तो आने वाले पांच साल में समचे शहर में पानी के लिए बड़ी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। इसलिए समय रहते प्लान बनाकर उसे जमीन पर उतारना जरूरी है। केवल बयानबाजी से काम नहीं चलेगा।

**कंट्रोल रूप पहुंची 24 घंटे में 34 शिकायतें**

शहर में पानी व सीवर की समस्या के निदान के लिए नगर निगम ने कंट्रोल रूम बनाया है। कंट्रोल रूप में पिछले 24 घंटे में 34 शिकायतें दर्ज की गईं।

कंट्रोल रूम के मुताबिक विकास नगर, राजाजीपुरम, इन्दिरा नगर व विकास नगर सहित कई क्षेत्रों से शिकायतें आईं। इन्हें ग्राउंड स्तर पर देखा जा रहा है। कई समस्याओं का निदान हो चुका है मगर जहां नलकूप आदि की समस्या है वहां कार्य जारी है।

> शहर में जहां-जहां पानी की समस्या है वहां-वहां कर्मचारी दुरुस्त करने में जुटे हैं। कंट्रोल रूम में जो शिकायतें आ रही हैं उनमें अधिकांश का निपटारा उसी दिन कराया जा रहा है। राजधानी में पानी की समस्या को दूर करने के लिए जो संसाधन उपलब्ध हैं उनके जरिये दूर करने का प्रयास जारी रहेगा।
> **रमेश चन्द्रा**
> **जल कल विभाग सचिव**

# महावीर के चरित्र पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर भगवान महावीर के चरित्र पर आधारित एक सुंदर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति महावीर पार्क लखनऊ में हुई। नाटिका का संयोजन गणिनी ज्ञानमती अवध प्रांतीय महिला संगठन ट्रस्ट की महिलाओं ने मिलकर किया।नाटिका में लखनऊ जैन समाज की महिलाओं ने मिलकर खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।जिनमें प्रमुख सुनयना जैन ,शीतूजैन, कंचन जैन प्रतीक्षा जैन,सुलभा जैन चारू जैन ब्राह्मी जैन क्षमा जैन श्वेता जैन अर्चना जैन , पारुल जैन भावना जैन झलक जैन रिशा जैन गरिमा जैन, आकांक्षा जैन आराध्या जैन, आंचल जैन,वर्षिल , आद्विक, विवान , अवनिका ,रिद्धिमा गरिमा का रहा। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सुनयना जैन%शुभा% ने बताया कि भगवान



महावीर स्वामी इस युग के महापुरुष है और वह जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर हैं प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव है भगवान है । यह सभी महापुरुष है और हमें महापुरुषों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए इसीलिए महापुरुषों के जीवन पर आधारित नाटिका लोगों को दिखाई जाती है जिससे लोग उससे प्रेरित होकर अपने समाज का एवं स्वयं का कल्याण कर सकें । उन्होंने बताया कि भगवान महावीर के उद्देश्यों से प्रेरित होकर संस्था की तरफ से ज्ञान देशना पत्रिका एवं भगवान महावीर बाल विद्यालय के नाम से जैन पाठशाला का संचालन डालीगंज जैन मंदिर भी होता है। नाटिका में प्रमुख सहयोग श्री जैन धर्म प्रवर्तनी सभा का रहा जिसमें विशेष रूप से वीर कुमार जैन टिकैट नगर वाले सुबोध जैन, पारस जैन एडवोकेट का रहा। श्री विनय कुमार जैन की अध्यक्षता रही। कार्यक्रम के दौरान पीठाधीश श्री रवींद्रकीर्ति स्वामी जी,राज्यसभा सांसद माननीय श्री दिनेश शर्मा जी विधायक श्री नीरज बोरा जी का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ।

# बलरामपुर अस्पताल में टीएमटी टेस्ट की सुविधा शुरू



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। बलरामपुर चिकित्सालय में ट्रेडमिल टेस्ट की सोमवार से शुरुआत हुई। यह सुविधा हृदय रोगियों के स्वास्थ्य की निगरानी करने में मदद करेगी।

बलरापुर अस्पताल के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि ट्रेडमिल यानी टीएमटी एक प्रकार का भागीदारी चिकित्सा परीक्षण है, जो रोगी को फिजिकल एक्टिविटी के दौरान हृदय की संवेदनशीलता का मूल्यांकन करने में मदद करता है। यह विशेष रूप से हृदय रोगों की निगरानी और निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ट्रेडमिल टेस्ट की शुरुआत एक मील का पत्थर है जो बलरामपुर चिकित्सालय की सेवाओं को और भी अधिक समृद्ध और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। चिकित्सालय में सबसे पहले ट्रेडमिल टेस्ट की शुरुआत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी की जांच से की गई।

# हीट वेव से बचाव में अहम भूमिका निभायेगा सिविल डिफेंस

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। हीट वेव से बचाव के लिए सिविल डिफेंस मोर्चा सम्भालेगा। स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर जागरुकता कार्यक्रम चलेंगे। हीट वेव से कैसे बचें व लू लगने के बाद क्या करें यह

### सीएमओ ने बैठक कर पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जानकारी लोगों को दी जायेगी। इस सम्बंध में सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज अग्रवाल ने सिविल डिफेंस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सिविल डिफेंस के पदाधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने वार्ड में लोगों को हीट वेव के लक्षणों और बचाव के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर इंसानों और जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लू से प्रभावित लोगों को पहचाने और उनकी मदद करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र से समन्वय स्थापित करें और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 108 एंबुलेंस से संपर्क कर मरीज को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने की समुचित कार्य योजना बनाएं। यह सभी गतिविधियां अगले दो माह तक जारी रखें। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गोपी लाल, डॉ.निशांत निर्वाण, सिविल डिफेंस की उपनियंत्रक अनिता प्रताप, एडीसी मनोज वर्मा, एडीसी ऋषि कुमार, एडीसी सुमित मौर्या व ममता आदि मौजूद रहीं।



### दोपहर में बेवजह घर से बाहर न निकलें

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कमजोरी आना, चक्कर आना, पसीना आना, सिर दर्द, और बेहोशी हीट वेव के लक्षण हैं। यदि बेहोशी आए या अन्य कोई समस्या महसूस करें तो शीघ्र ही चिकित्सक से सलाह लें। दोपहर 12 से तीन के मध्य बेवजह घर से बाहर न निकलें। अगर निकलना बहुत जरूरी है तो घर से बाहर निकलते समय सिर को गीले कपड़े या गमछे से ढकें। छाते का प्रयोग करें और पीने का पानी साथ रखें।

## खबर एक नजर

### किसान आंदोलन के चलते कई गाड़ियों का बदला रूट

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। अम्बाला कैंट-सानेह वाल खंड के शंभू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन के चलते रेलवे प्रशासन ने कई और गाड़ियां निरस्त कर दी हैं, वहीं इस आंदोलन के कारण कई गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया है। जिसके चलते सहरसा से सोमवार यानि आज चलने वाली 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते चलाई गई। इसी तरह कल पूर्णिया कोर्ट से चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। यही नहीं अमृतसर से आज चलने वाली 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला के रास्ते चलाई गई। इसी तरह जयनगर से आज चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते चलाई गई। यही नहीं अमृतसर से कल चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला के रास्ते चलाई जायेगी, और तो और अमृतसर से कल चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लुधियाना-धुरी जं.-जाखल के रास्ते चलाई जायेगी। इसके अलावा लालकुआं से कल चलने वाली 15016 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से आज चलने वाली 12587 गोरखपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते चलाई गई।

### पृथ्वी दिवस पर बलरामपुर अस्पताल में गोष्ठी सम्पन्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पृथ्वी हमारी आजीविका का भी स्रोत है। हमें इसके संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वह सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर ओपीडी में आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एनबी सिंह ने कहा कि हमें अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। पृथ्वी के संरक्षण में हमारा सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में नर्सिंग कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं पोस्टर प्रतियोगिता के साथ-साथ अपने विचार व्यक्त किये।

### सआदतगंज में मुसीबत बना नाले का पानी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। सआदतगंज में नाला निर्माण के चलते कई मोहल्लों में गंदा पानी का जमाव हो रहा है। नालियों में कीचड़ बजबजा रहा है। इससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है। सआदतगंज क्षेत्र के पुराना बावली बाजार में नाले का निर्माण हो रहा है। इस वजह से नाले का पानी पुराना बावली, चियाई आदि मोहल्लों में मुसीबत बना हुआ है। यहां स्थिति यह है कि गंदे पानी निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों के घरों के सामने जमा हो रहा है। इस वजह से गलियों में कीचड़ की समस्या हो गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई बार नगर निगम अधिकारियों से शिकायत की गई मगर समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

### लविवि ने बहु-विषयक व्याख्यान की मेजबानी



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भौतिकी विभाग ने एक बहु-विषयक व्याख्यान की मेजबानी की, जिसके बाद विद्वान वक्ता अमित जोशी, आईआईएससी बेंगलुरु ने भौतिक शास्त्र विषय के बीएससी एवं एमएससी के छात्रों के साथ साथ पीएचडी के छात्रों के बीच एक-से-एक बातचीत हुई। इस दौरान छात्र बहुत उत्साहित थे और उन्होंने विज्ञान में विदेशी घटनाओं से लेकर विभिन्न करियर के मार्गों तक अपने उत्तर के साथ-साथ अपने प्रश्न भी रखे। विभागाध्यक्ष प्रो.एन के पांडेय ने बताया कि हम अपने कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए उनके बेहद आभारी हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो.राजेश शुक्ला एवं प्रो.आंचल श्रीवास्तव ने किया।

### भैंसाकुंड श्मशान घाट पर वसूली को लेकर पार्षद खफा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भैंसाकुंड श्मशान घाट पर शवदाह करने गये लोगों से मानक से ज्यादा पैसे लेने का मामला सोमवार को फिर उठा। मनकामेश्वर वार्ड से भाजपा पार्षद रंजीत सिंह ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पार्षद इससे पहले भी यह मामला उठा चुके हैं और भैंसाकुंड में वसूली को लेकर प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

नगर आयुक्त को भेजे पत्र में पार्षद रंजीत सिंह ने कहा है कि मैं स्वयं अपने मनकामेश्वर वार्ड के निवासी दीप चंद्र यादव के अंतिम संस्कार में भैंसा कुंड श्मशान घाट पर सोमवार को गया। वहां पर आधिकारिक पंडा ने प्रत्येक पिंड दान का 100 रुपया यानी शवदाह स्थल पर अंतिम संस्कार में होने वाले तीन पिंड दान के लिए 300 रुपसे मांगे। गोदान के नाम पर 1000 रुपये मागे गये। हालांकि फटकारने के बाद पंडा भाग गया मगर यह वसूली प्रतिदिन हो रही है। इसलिए इस पर अंकुश जरूरी है।

# प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया। विश्व पृथ्वी दिवस हमारी धरती के पर्यावरण के



संरक्षण से सम्बंधित जागरूकता उत्पन्न किये जाने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2024 में पृथ्वी दिवस को आयोजन करने के लिए थीम के रूप में ग्रह एवं प्लास्टिक को चुना गया है। संगोष्ठी के आयोजन का शुभारम्भ डॉ.डी.के.श्रीवास्तव,परिषद निदेशक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.हुमा मुस्तफा, संयुक्त निदेशक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.सी.एम.नौटियाल, पूर्व वैज्ञानिक, बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान, लखनऊ तथा एसएमएस कॉलेज के महानिदेशक,प्रो.भारत राज सिंह थे। मुख्य वक्ताओं द्वारा पृथ्वी पर मनुष्य की गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के प्रदुषण से

### विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

सम्बंधित जानकारी प्रदान की गयी। प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पर विशेष प्रकश डालते हुए डॉक्टर सी.एम.नौटियाल द्वारा प्लास्टिक के उपयोग,उसकी रीसाइक्लिंग एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से मनुष्य एवं अन्य जीव प्रजातियों पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ.पुनीत कुमार सक्सेना,प्रोफेसर लविवि द्वारा पृथ्वी एवं जल में होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर जानकारी प्रदान की। प्रो.भारत राज सिंह द्वारा माइक्रो प्लास्टिक से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण एवं जल जीवो पर उसके दुष्प्रभाव से अवगत कराया इसके अतिरिक्त उनके द्वारा ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हिम ग्लेशियर पिघलने के दुष्प्रभावों से श्रोताओं को अवगत कराया गया है। संगोष्ठी में उपस्तिथ सभी लोगो ने पर्यावरण एवं हमारी पृथ्वी को प्लास्टिक के खतरे से बचाने के लिए शपथ ली। यह शपथ डॉ.हुमा मुस्तफा द्वारा सभी को दिलायी गयी। कार्यक्रम में केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान,केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान,भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों, इंटीग्रल विवि,लखनऊ एवं लविवि के अध्यापकों एवं शोधार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# छात्रों का सराहनीय प्रदर्शन



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। श्री राम एकेडमी, गौरभीट लखनऊ के छात्र एंव छात्रों ने हाई स्कूल और इंटरमीडिटेड की बोर्ड परीक्षा में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परचम लहराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रवण कुमार मिश्रा और विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शुभा मिश्रा ने सभी छात्रों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनके श्रेष्ठतम प्रदर्शन की शुभकामनाए भी दी। विद्यालय में कक्षा 10 की रिद्धि ने 94.5 प्रतिशत, सुमित ने 90.5 प्रतिशत, शिवांशी ने 89.25 प्रतिशत, गायत्री ने 89 प्रतिशत तथा कक्षा 12 की गुंजन ने 88.25 प्रतिशत, स्वेता ने 87.25 प्रतिशत, ऋषिकेश और सलोनी ने ?6 प्रतिशत अंक हासिल करके अपने विद्यालय और माता पिता का नाम रोशन किया।

### सपा नेता के निधन पर अखिलेश दुःखी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुरादाबाद के समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक जताया है। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की और संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# सार्वजनिक, निजी स्थानों से हटायी प्रचार सामग्री

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,13,32,851 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 68,90,862 तथा निजी स्थानों से 44,41,989 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,49,378, पोस्टर के 32,04,555, बैनर के 19,47,169 एवं अन्य 9,89,760 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,95,841, पोस्टर के 20,37,104 बैनर के 10,91,799 एवं अन्य 7,17,245 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1272 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 87 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 93 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# प्लैनेट बनाम प्लास्टिक विषय पर पृथ्वी दिवस का आयोजन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। आज 22 अप्रैल 2024 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सृजन संस्था द्वारा एलबीएस इंटर कॉलेज, हरिहर नगर, लखनऊ में प्लैनेट बनाम प्लास्टिक विषय पर पृथ्वी दिवस 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव श्री कौशल किशोर राय जी ने कार्यक्रम की महत्ता एवं आवश्यकता के विषय पर लोगों को अवगत कराया। सृजन संस्था के सचिव ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान ने हमारे जीवन को सरल एवं सुगम बनाने के लिए अनेकों उपलब्धियां हासिल की हैं जिसे एक समय में केवल कल्पना माना जाता था लेकिन प्लास्टिक की खोज एक ऐसी खोज उभर कर सामने आ रही है जिससे हम प्लास्टिक के चंगुल में दिन प्रतिदिन फसते चले जा रहे हैं। लगभग हर छोटे-बड़े सामान में प्लास्टिक का प्रयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रतिभा सिंह जी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम प्लास्टिक के विकल्प की तलाश करें और जितना हो सके सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने से बचे। स्कूल के प्रबंधक श्री अंगद सिंह जी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए



कहा कि यदि हम अपने जीवन की, वनस्पतियों की, नदियों की रक्षा करना चाहते हैं तो हमें आने वाले पीढ़ी को जागरूक करना ही होगा विशेष तौर पर लड़कियों को ताकि हम अपने पृथ्वी मां के समस्त प्रकार के जीवों की रक्षा सुनिश्चित कर सकें। पर्यावरण कवि एवं उत्तर प्रदेश पुलिश पर्यावरण प्रभारी श्री मुकेशानंद जी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन से हमारे प्रकृति को बहुत ही नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में प्लास्टिक का अत्यधिक प्रयोग एक वैश्विक समस्या के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष लाखों टन प्लास्टिक का उत्पादन होता है लेकिन उसमें केवल लगभग सात प्रतिशत प्लास्टिक ही रीसायकल हो पता है। ऐसे में प्लास्टिक हमारे मृदा में नदियों में समुद्र में घुल मिल जाता है और जहरीले रसायनों का स्राव करता है जिससे विभिन्न प्रकार के जीवो के स्वास्थ्य पर इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए बच्चों को शपथ और अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री विशाल तिवारी जी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में बालिकाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि घर का प्रबंधन मुख्यतः उन्हीं के कंधों पर रहता है। इस अवसर पर महिला कलाकार कुमारी अंजू गुप्ता ने विभिन्न पक्षियों एवं जीव जंतुओं की आवाज निकाल कर बच्चों को जागरूक किया और चिड़ियों को दाना पानी देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रत्येक बच्चों को पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने के लिए कपड़े का बैग एवं पौधारोपण के लिए सदाबहार का पुष्प दिया गया। बच्चों ने आसपास के प्लास्टिक को एकत्रित करने के लिए एक अभियान भी चलाया और उसे एक जगह इकट्ठा कर कूड़े दान में डाला।

# अयोध्या-काशी के बाद अब ब्रज की बारी : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में किरावली में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह पूरा क्षेत्र ब्रज भूमि का भाग है। दुनिया

**■ विपक्षियों की पांच साल की छुट्टी कर दो**

यहां के कृष्ण कन्हैया का दर्शन करती है। अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। अब ब्रज भूमि का भी नंबर आने वाला है। विकास के लिए अब आपको तरसाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाएगा। अब आगरा में भी एयरपोर्ट बन रहा है और यहां के लोग गंगाजल का सेवन कर रहे है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकुमार चाहर को फिर से सदन भेजने की अपील करते हुए कहा कि घर-घर जाकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाइए। कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग माफिया व अपराधी को गले का हार बनाकर बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगा रहे थे। यह लोग माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ रहे हैं। चुनाव में इन्हें बोल दीजिए, वोट तो कमल पर जाएगा, तुम लोगों को पांच साल की छुट्टी दे रहे हैं, जाओ-खूब फातिहा पढ़ो। हम अयोध्या में रामलला का दर्शन करा रहे हैं तो माफिया का राम-नाम सत्य भी करा रहे हैं। हमारा नारा राष्ट्वाद है, जातिवाद नहीं। जाति व परिवार की बात करने वाले देश को कमजोर करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि एक तरफ विरासत का सम्मान तो दूसरी तरफ विकास के कार्य भी हो रहे हैं। 1947 में पाकिस्तान भारत से अलग हुआ था। भारत में 80 करोड लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है और पाकिस्तान में 23 करोड जनता भूखों मर रही है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसान बीमा योजना, किसान सम्मान निधि को संगठन के माध्यम से देश में ले जाने का कार्य भाजपा किसान मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष व आपके सांसद राजकुमार चाहर कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व वायुसेनाध्यक्ष आरकेएस भदौरिया, केंद्रीय मंत्री, सांसद एसपी सिंह बघेल, यूपी की कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिलाध्यक्ष गिरिराज सिंह कुशवाहा, विधायक रानी पक्षालिका सिंह, भगवान सिंह कुशवाहा, धर्मपाल सिंह, छोटेलाल वर्मा, राजेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह सहित कई नेता मौजूद रहे।

# बूथ की मजबूती ही विजय का आधार : धर्मपाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आज अमरोहा तथा मेरठ में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में पार्टी के कार्यक्रमों, अभियानों, जनसम्पर्क, जनसभाओं तथा नुक्कड सभाओं के संचालन पर चर्चा किया। बूथ समिति की मजबूत संरचना विजय का आधार हैं। भाजपा का बूथ केन्द्रीय नेताओं से लेकर पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी है।



धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता को आर्थिक व सामाजिक रूप से सबल भी किया गया है और देश के सांस्कृतिक गौरव की यात्रा भी शुरू हुई है। उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी से मुक्त हुआ है। बहन, बेटियां, घर, खेत खलिहान सुरक्षित हुए है। देश व प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड लोगो तक पहुंचने वाले राशन को कमीशनखोरी की भेंट चढाकर खुद हजम करना चाहते हैं। प्रत्येक शक्तिकेन्द्र पर पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन आयोजित कियें जाए। मतदाताओं तक परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी का पत्र लेकर हर घर की दहलीज तक पहुंचना है। बूथ की विजय के लिए बूथ की टीम पन्ना प्रमुखों को प्रधानमंत्री के नेतृत्व की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णय को प्रत्येक घर तक पहुंचाना है।

# भाजपा ने पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को धोखा दिया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुत कमजोर स्थिति में है। इसके मुकाबले समाजवादी पार्टी पीडीए इंडिया गठबंधन बहुत मजबूत स्थिति में है। भाजपा पीडीए से घबराई हुई है।



भाजपा ने पीडीए-पिछड़े दलित, अल्पसंख्यकों सहित महिलाओं आदिवासियों को भी धोखा दिया है। जनता ने इस बार भाजपा को राम-राम करके विदाई देने का मन बना लिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए में सबका सम्मान और अधिकार सुरक्षित है जबकि भाजपा के सबके साथ के नारे से समाज की गैरबराबरी समाप्त नहीं होने वाली है। भाजपा में सबकी समानुपातिक भागीदारी कहां है। नौकरी में आरक्षण देने और जातीय जनगणना से भाजपा को परहेज है। जातीय जनगणना से सामाजिक न्याय का रास्ता खुलता है। यादव ने कहा कि महंगाई कम नहीं हो रही है। इलेक्टोरल बांड वसूली का माध्यम है। इसमें बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिए डरा धमकाकर वसूली की गई। भाजपा अपराधियों का गोदाम बन गई है। उसका एजेण्डा अमानवीय है। संसदीय व्यवस्था पर भाजपा आघात कर रही है। संवैधानिक संस्थाएं कमजोर की जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि किसान अपने हितों के लिए जागरूक है। सभी किसान चाहते हैं कि उनकी फसलों की एमएसपी पर खरीद हो। एमएसपी की अनिवार्यता हो। इससे किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल सकेगा और किसानों का शोषण नहीं हो पाएगा। किसानों को डॉ. स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर फसलों पर दाम मिलना चाहिए। गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कितना बकाया है। इस पर भाजपा सरकार चुप है। किसानों की कर्ज माफी पर भाजपा नहीं सोचती है जबकि बड़े उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रुपये का बैंक कर्ज माफ कर दिया गया है।

### अखिलेश आज अलीगढ़ व मेरठ में करेंगे जनसभा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को अलीगढ़ एवं बागपत में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों विजेन्द्र सिंह तथा अमर पाल शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। अखिलेश यादव अलीगढ़ में कोहिनूर मंच, नुमाइश ग्राउंड, में दोपहर लोकसभा प्रत्याशी विजेन्द्र सिंह तथा बागपत से प्रत्याशी अमर पाल शर्मा के पक्ष में मेरठ के खिवाई मोड़ पर जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

# परिवारवाद ही सपा का असली मेनिफेस्टो : भूपेंद्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा टिकट बांटने में परिवार को प्राथमिकता देने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने उनका समाजवाद से कोई लेना देना नहीं है। वह सिर्फ परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति कर रहे हैं। अखिलेश ने भतीजे को कन्नौज में तेज प्रताप यादव, मैनपुरी में पत्नी डिंपल यादव, आजमगढ़ में भाई धमेंद्र यादव और चाचा शिवपाल को पहले बदायूं से अब उनके बेटे आदित्य यादव टिकट देने में साफ देखी जा सकती है। इसकी वजह से कार्यकर्ताओं में काफी निराशा और हताशा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं। उनकी यह सोच मोदी सरकार की कल्याणकारियों योजनाओं में साफ देखी जा सकती है।



उन्होंने कहा कि इंडी पार्टनर्स वोट बैंक की राजनीति के लिए तुष्टीकरण पर आमादा है। इनका इतिहास ही एक वर्ग विशेष को खुश करने का है। इनका मेनिफेस्टो भी इसी से प्रेरित है। अब जनता इनके झांसे में नहीं आने वाली है। जब अखिलेश यादव अपनी पार्टी ही नहीं संभाल पा रहे हैं तो वह प्रदेश की जनता की भलाई क्या करेंगे। वह परिवार में इस कदर डूब गये हैं कि अपने कार्यकर्ताओं का टिकट काट कर अपने परिवार को बांट रहे हैं। अखिलेश और इंडी दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। वह अपने वोट की चोट के जरिये शून्य पर आउट होने जा रहे है। मोदी सरकार ने देश की जनता को जो गारंटी दी है, जनता उससे पूरी तरह संतुष्ट और सहमत है, जिसे वह प्रधानमंत्री और भाजपा की जनसभा में अपनी लाखों की संख्या में आमद दर्ज करा रही है। जिन लोगों को लगता है कि वह जनता को दोहन करने के लिए सत्ता में आएंगे, उन्हे प्रधानमंत्री की जनसभाओं में जाकर देखना चाहिये।

# विश्व पटल पर मजबूत हुआ भारत : बृजेश पाठक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज पार्टी मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी। बीजेपी का दामन थामने वालो में पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह (मथुरा), कांग्रेस के पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी), सपा से पूर्व विधायक पहलवान सिंह , राष्टीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पूर्व विधायक कुशलपाल सिंह , बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, सपा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरिता सिंह , स्टेट बैंक अधिकारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह , बसपा से लखनऊ जोन को-आर्डिनेटर, रामजी गौतम के छोटे भाई प्रमोद चौधरी, बसपा के मंडल कोर्डिनेटर करूणाकर पाण्डेय , नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा , सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी (गोण्डा), मुन्नी देवी , ब्लॉक प्रमुख प्रेम चन्देल बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष बेलदार सहित कई नेताओं एवं उनके समर्थक शामिल रहे।

इस अवसर पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज विश्व पटल पर भारत ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। भारत जो कहता उसे दुनिया सुनती और मानती भी है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो चुका है कि देश में भाजपा की लहर चल रही है। वहीं इंडी गठबंधन पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं से जन-जन का विश्वास भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है। भाजपा के संकल्प पत्र में युवा, नारी, गरीब तथा किसान की आर्थिक व सामाजिक समृद्धि के लिए मोदी जी की गारंटी है। प्रत्येक सेक्टर को मजबूती देने की गारंटी है।

# चुनावी शोर में दबी न्यायिक हिरासत की मौतें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अठ्ठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे इस चुनाव में जनता का समर्थन हासिल करने के लिए सभी प्रमुख दल ताबड़तोड़ सभाएं, बैठकें एवं सम्मेलन कर रहे हैं। इस दौरान एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का खेल का बढ़ता जा रहा है। वहीं न्यायिक हिरासत में होने वाली मौतों का मामला चुनावी शोर से दूर है। जबकि विपक्षी दल आम तौर पर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते रहते हैं। वह भी इस मुद्दे पर चुनाव प्रचार में चुप्पी नहीं तोड़ रहे हैं। जबकि न्यायिक अभिरक्षा में होने वाली मौतों में यूपी नम्बर वन पर है।

चुनावी डगर

जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-21 में यूपी में 451 और 2021-2022 में 501 मौतें न्यायिक अभिरक्षा में हुई है। जो कि देश में न्यायिक हिरासत में होने वाली कुल मौतों में करीब 21 प्रतिशत है। बीते कुछ माह में दुर्दांत अपराधी एवं राजनीतिक अतीक अहमद, अशरफ और मुख्तार अंसारी की मौत हुई है। इन मौतों को लेकर विपक्षी दलों ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला था। इन मौतों की सरकार द्वारा जांच भी करायी जा रही है। लेकिन अब तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है। खास बात यह है कि हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर वर्तमान में जब चुनाव प्रचार चरम पर चल रहा है किंतु कोई कहीं चर्चा नहीं कर रहा है। जबकि इन दुर्दातों की मौत के बाद उनका परिजन आज भी न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रहे है। इसके बावजूद यह मामला चुनावी मुद्दा नहीं बन पा रहा है। वहीं भाजपा नेता का कहना है कि प्रदेश सरकार अपराधियों के खिलाफ जीरो टारलेंस चला रही है। गैंगस्टर अधिनियम के तहत प्रदेश सरकार ने करीब 90 अरब की सम्पत्ति इन अपराधियों की जब्त कर ली। साथ ही माफियाओं द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी लगभग 3 हजार करोड़ की सम्पत्तियां जब्त की गयी। इस दौरान करीब 200 अपराधी मुठभेंड़ में मारे गये, 5 हजार के करीब घायल तथा 15 हजार से अधिक अपराधियों को जेल भेजा गया। इसके अलावा कानून का राज कायम करने के लिए सरकार द्वारा पुलिसिंग में सुधार के लिए कई तरह के अभियान एवं सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह ने बताया कि सरकार की जीरो टारलेंस अभियान एक खास वर्ग को केन्द्रित कर चलाया जा रहा है। जो लोग भाजपा के साथ आ गए है वह अपराधी सत्ता का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर इन सभी एनकाउंटरों एवं पुलिस अभिरक्षा में हुई मौतों की जांच करायी जायेगी। जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 21 अप्रैल, 2024 तक कुल 31648.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2958.56 लाख रुपये नकद धनराशि, 4222.65 लाख रुपये कीमत की शराब, 21149.75 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 21 अप्रैल, 2024 को कुल 129.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 11.92 लाख रुपये नकद धनराशि, 85.06 लाख रुपये कीमत की 31611.77 लीटर शराब, 28.60 लाख रुपये कीमत की 62850.10 ग्राम ड्रग एवं 3.43 लाख रुपये कीमत की 4490 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी। 21 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद बुलन्दशहर की खुर्जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 11.13 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 4280 लीटर शराब पकड़ी गयी।

## तीसरा रणः दस क्षेत्र, 100 पहलवान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की 10 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सौ प्रत्याशी मैदान में हैं। इस तरह नाम वापसी के बाद अब सम्भल में 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह हाथरस (अ0जा0) में 10, आगरा (अ0जा0) में 11, फतेहपुर सीकरी में 9 तथा फिरोजाबाद में 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। साथ में मैनपुरी में 8 प्रत्याशी एटा में 10, बदायूं में 11, ऑवला में 9, बरेली में 13 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए मतदान 7 मई को सम्पन्न होगा। प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों के साथ ही 4 जून को इस तीसरे चरण के मतों की मतगणना की जायेगी।

# 10 साल का शासन तो केवल ट्रेलर मात्र, पिक्चर अभी बाकी है

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सीतापुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि इस बार चुनाव में गर्मी है लेकिन विपक्ष इस भीषण गर्मी में ठंडा पड़ गया है। यह सबको पता है कि 2014 के पहले प्रदेश कैसा था, अब प्रदेश कैसा है सुशासन और विकास आज उत्तर प्रदेश की पहचान है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 10 साल का शासन तो केवल ट्रेलर मात्र है पिक्चर अभी बाकी है। यह चार जून को चार बजे जब 400 पार होगा तो रिलीज होगी। 2014 के लोकसभा में ईवीएम का बटन दबा तो कमल खिला और 2017 में जब ईवीएम का बटन दबा तो उत्तर प्रदेश की बदहाली खुशहाली में बदल गई। 2019 में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश का परिदृश्य बदल दिया।कहा कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकले हैं, प्रदेश के लाखों लोगों को पक्की छत मिली है। रोजगार के साधन बने हैं, देश के 52 करोड़ लोगों के बैंक के खाते खुले हैं। यही नहीं विभिन्न योजनाओं में 34 लाख करोड़ रूपये सीधे लोगों के खाते में पहुँचे हैं। यदि सरकार भ्रष्टाचारियों और



बलवाइयों की होती तो ये सब मिलकर 29 लाख करोड़ रूपये खा गये होते। मोदी जी ने एक-एक पाई गरीब की भलाई में लगाई है। जिन घरों में आजादी के बाद भी बिजली नहीं पहुँची थी मोदी जी ने वहाँ रोशनी पहुँचाई। जिन घरों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पास रहा था आज वहाँ नल से जल पहुँच रहा है और यह सब बिना भेदभाव के हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले सपाइयों का नारा था हर ख़ाली प्लॉट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा उसमें बैठा बड़ा सा गुंडा।

# स्तरहीन भाषा का प्रयोग कर रहे पीएम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री की अलीगढ़ रैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि किसानों की बात तो मोदी करते हैं, मगर एमएसपी की गारंटी पर मौन साध लेते हैं। यूपी में गन्ने का राज्य समर्थित मूल्य अगल-बगल के राज्यों में सबसे कम है इसका भी जवाब नहीं देते। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में कही गई उनकी सारी बातें झूठ और दुर्भावना से ग्रसित हैं। आम लोगों की संपत्ति की बात तो प्रधानमंत्री करते हैं मगर भारत में अमीर गरीब की खाई अंग्रेजों के शासन काल से भी ज्यादा बढ़ गई है, उस पर भी चर्चा नहीं करते। साथ ही वह लूट की बात करते हैं मगर ये नहीं बताते कि मात्र 15 लोगों की संपत्ति इस देश के 70 करोड़ लोगों के बराबर है। यूपी में भाजपा सरकार में क्यों कोई भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं हो पाया। 10 साल पहले अलीगढ़ में ताला उद्योग को आगे बढ़ाने का वादा करके आए मोदी आज इस सवाल पर भी खामोश हैं । क्योंकि सरकार की गलत नीतियों के कारण इस पारंपरिक उद्योग पर बंदी का खतरा मंडरा रहा है। प्रधानमंत्री के भाषणों का गिरता स्तर और अमर्यादित भाषा उनकी हताशा का बयान कर रही है। 10 साल सरकार चलाने के बाद भी इनके पास कोई काम नहीं है जिसे यह मंच से जनता को बता सके।



### यूपी प्रभारी का आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद दौरा

कांग्रेस के राष्टीय महासचिव अविनाश पांडे ने आज मथुरा, फतेहपुर सीकरी, आगरा और फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र का चुनावी दौरा किया। इन क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मिले और चुनाव की तैयारी का जायजा लिया । साथ ही उन्होंने गठबंधन के सपा पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक भी किया। मीडिया के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि बैठकों का उद्देश्य इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों-कांग्रेस पार्टी, समाजवादी पार्टी, लोक दल एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के मध्य आपसी सहयोग एवं समन्वय विकसित करना है । वहीं अविनाश पाण्डेय ने कहा कि यह लोकतंत्र को बचाने और संविधान को सुरक्षित रखने का चुनाव है। विपक्ष की चुनी हुई सरकारों में तोड़ फोड़ कर गलत ढंग से भाजपा की सरकार गठित करना। संवैधानिक संस्थाओं- चुनाव आयोग, न्यायपालिका पर दबाव बनाकर विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित करना, संसद की गतिविधियों में बाधा डालना भाजपा सरकार के चरित्र को प्रदर्शित करता है। कांग्रेस गारंटी कार्ड को मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचाएं । कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को मध्य प्रदेश, राजस्थान,छत्तीसगढ, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल में क्रम वार लागू कर कर रही है।

# 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 21 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4299 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,94,133 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,88,832 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7397 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7471 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 398 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2965 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 145 केन्द्रों को सीज किया गया। 21 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,824 लोगों को पाबन्द किया गया।





# डीएम व जॉइंट कमिश्नर ने नामांकन की तैयारियों का लिया जायजा



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कराने के लिए लखनऊ जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। लखनऊ संसदीय क्षेत्रों के लोकसभा प्रत्याशियों का नामांकन 26 अप्रैल से शुरू होगा। वहीं, नामांकन को लेकर

## जिलाधिकारी ने वोटर से शत-प्रतिशत मतदान की अपील

लखनऊ जिला प्रशासन कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने में तेजी से जुटा है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और जॉइंट कमिश्नर पुलिस उपेंद्र अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान नामांकन प्रक्रिया को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश दिये गए। शांतिपूर्वक और निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न कराने की तैयारी में जिला प्रशासन तत्पर दिख रहा है। प्रशासन की तरफ से नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के लिए गाइडलाइन तैयार की गई है, जिसे दो दिन में जारी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि राजधानी में ने आने वाली 20 मई को सभी मतदाता वोट डालने जरूर जाए। उन्होंने कहा कि 20 मई को सरकारी छुटटी रहेगी जिसमें सभी मतदाताओं को मतदान करने जाना है। डीएम ने कहा कि पिछले चुनावों में 15 लाख वोटर ने वोट नहीं डाला इसलिए इस बार ऐसे नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए एप का इस्तेमाल कर सकते हैं। डीएम ने बताया कि नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अब बाहर की तैयारियों के लिए पुलिस के साथ मिलकर रोडमैप तैयार किया जा रहा है। जिसमें नामांकन स्थल के सौ मीटर के दायरे में वाहनों पर रोक से लेकर सुरक्षा व्यवस्था और शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लेआउट तैयार किया जा रहा है।

## कलेक्ट्रेट परिसर में रंग-रोगन व साफ-सफाई जारी

स्वतंत्र भारत संवाददाता ने लोकसभा चुनावों के लिए राजधानी में नामांकन की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन को लेकर तैयारियां के क्रम में नामांकन के लिए तीन कक्ष निर्धारित किए हैं। कमरा नम्बर 2,19 और 21 में लखनऊ संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नामांकन करेंगे। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में शौचालयों की साफ-सफाई, वाटर कूलर की मरम्मत कराई जा रही है। तैयारियों का कामकाज देख रहे संजय ने बताया कि नामांकन के लिए तैयारी किए कमरों में एसी लगाई गई हैं। इसके साथ ही कमरों के रंग-रोगन का काम कराया गया है। पूरे परिसर में बड़े पैमाने पर साफ-सफाई करायी जा रही है।

# भाषा विवि ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. एन.बी.सिंह के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कांत, सामाजिक कार्यकर्ता, सहयोगी के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान मतदाताओं को जागरुक कर उन्हें मतदान के महत्व के बारे में विशेष जानकारी देते हुए निष्पक्ष मतदान के लिए अपील की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.नलिनी मिश्रा तथा उनके सहयोग में विभिन्न इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे। जिसमें डॉ.पूनम चौधरी, डॉ.ज़ाफ़रून नकी, डॉ.राम दास, डॉ.श्वेता अग्रवाल, डॉ.अभय कृष्णा शामिल हैं। कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. राजकुमार सिंह, विभा सिंह, सुमित, आशुतोष,आकाश नारायण समेत अन्य शिक्षक, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों का भी विशेष सहयोग रहा।

# रंगों की खुशी का जश्न रेड डे



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। बच्चों के सर्वांगीण विकास में तरह-तरह की गतिविधियां विशेष रूप से

## लाल रंग पुनर्जन्म, शुरूआत, प्रेम, ऊर्जा और जीवन शक्ति का प्रतीक

सहायक होती हैं। इसी कड़ी में चर्च रोड विकास नगर स्थित सेंट फेडलिस कालेज में रेड डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ ही शिक्षिकाएं भी लाल रंग की पोशाक में माजूद रहीं। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रिंसिपल फादर पाउल मसीह ने बताया कि रेड डे या लाल रंग दिवस रंगों की खुशी का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। लाल रंग को पुनर्जन्म,शुरूआत, प्रेम,ऊर्जा और जीवन शक्ति का प्रतीक माना जाता है। रेड डे पर बच्चे और टीचर लाल रंग की ड्रेस पहनकर आए। इस दिन स्कूल को भी लाल रंग के फूलों, फलों और गुब्बारों आदि सजावटी चीजों से सजाया गया। आज का दिन बच्चों के लिए यादगार पल रहा। नर्सरी की शिक्षिकाओं ने नौनिहालों को लाल रंग से परिचित कराते हुए विभिन्न तरह की जानकारियां साझा कीं। अभिभावक भी रेड डे पर बच्चों की पोशाक देखकर खुश नजर आए।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र विशाल वर्मा, पुत्रवधू सोनिका वर्मा को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। सुरेशचंद्र वर्मा नि.मो. महमंदगढ़ी-शाहजहांपुर।

सी.आर.-136/D-30

### संबंध विच्छेद

हमने पुत्र आशीष कुमार व पुत्रवधू शिखा को गलत चाल चलन के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। विनोद कुमार सिंह एवं विनोदा देवी निवासी ग्राम शेरपुर चुरघुटी तहसील जलालाबाद-शाहजहांपुर।

सी.आर.-136/D-37

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1065529 व इंटरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 4156916 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं गिर गए है। आयुषी सारस्वत पुत्री संजय सारस्वत नि.मो. भारद्धाजी थाना कोतवाली-शाहजहांपुर

सी.आर.-136/D-28

### सूचना

मैंने अपना नाम ASMA BANO से बदलकर ASMA KHAN रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O-BEHZAD AHMAD KHAN Add-109/195-C,NEAR DURGA POOJA PARK MODEL HOUSE, LUCKNOW -226018 (U.P)

सी.आर.-138/L-25

### सूचना

मैंने अपने पुत्र-मोहम्मद आमिर व बहू - अलसदब के गलत व्यवहार के कारण उनसे सम्बन्ध समाप्त करलिये हैं व उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करदिया है उनके कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का सरोकार नही- फ़रज़ाना पत्नी -मोहम्मद इरशाद नि.2/792, विवेकखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

सी.आर.-2088/L-36

### सूचना

मैं अपने पुत्र नितिश कुमार सिंह व पुत्रवधू अराधना सिंह के गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। विनोद कुमार सिंह पुत्र स्व. कामता सिंह, नि. म. नं. के एन 1537 एम. आई. एन. जयराजपुरी, सरोजनी नगर लखनऊ

सी.आर.-139/L-35

### सूचना

मेरे पुत्र के नगरनिगम के अभिलेखों त्रुटिवश नाम अभिराज रस्तोगी अंकित हैं। सही नाम आधार कार्ड व शैक्षिक अभिलेखो में अक्षय रस्तोगी अंकित हैं। भविष्य में सभी दस्तावेजो में अक्षय रस्तोगी के नाम को दर्ज किया जाए एंव जाना पहचाना जाए। अमित रस्तोगी पुत्र नरेश चन्द्र रस्तोगी,नि.-544/आर ए-72 बालागंज कैम्पवेल रोड लखनऊ।

सी.आर.-135/L-42


# शिया पीजी कालेज में स्नातक परास्नातक के प्रवेश प्रारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** शिया पीजी कालेज में सत्र 2024-25 में स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी (बायो वर्ग), बीएससी (गणित वर्ग), बी.कॉम, बीबीए (आई.बी.) और स्नातकोत्तर स्तर पर एमए समाजशास्त्र, एमए (उर्दू), एमए (पत्रकारिता एवं जनसंचार), एमएससी (जन्तु विज्ञान), एम.काम (प्योर कामर्स), एम.काम (व्यवहारिक अर्थशास्त्र) व एलएलबी (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)की प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ हो गयी है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कालेज प्रवेश समिति के निदेशक, डॉ.मिर्ज़ा मोहम्मद अबु तैय्यब ने बताया कि आज से ऑनलाइन आवेदन फार्म मिलना प्रारंभ हो गये हैं। ऑनलाइन फार्म भरने के लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल www.shiapg college. ac.in तथा महाविद्यालय की वेबसाइट www.shiacollege.or पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए समस्त दिशा-निर्देश एडमिशन पोर्टल,महाविद्यालय की वेबसाइट पर मिल जाएंगे। डॉ.मिर्ज़ा मोहम्मद अबु तैय्यब ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार लविवि तथा इससे सहयुक्त सभी महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए सर्वप्रथम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थियों को रुपये 100 भुगतान करके लखनऊ विश्वविद्यालय पंजीकृत संख्या (लर्न)प्राप्त करना अनिवार्य होगा। महाविद्यालय ने इसको ध्यान में रखते हुए कालेज के एडमिशन पोर्टल पर लर्न का लिंक दे दिया है जिस पर जाकर अभ्यर्थी पंजीकरण संख्या प्राप्त कर लेंगे। शिया महाविद्यालय में स्नातक व परास्नातक दोनों स्तर के आवेदन फार्म का शुल्क 1000 रूपए निर्धारित किया गया है। प्राचार्य प्रो.एस शबीहे रज़ा बाक़री ने कहा कि पिछले दिनों शिया महाविद्यालय में उन्नत, गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए परिसर के अन्दर आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के साथ-साथ काफी सुविधाएं विकसित की गई है। इस वर्ष महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर एलएलबी ऑनर्स (पांचवर्षीय पाठ्यक्रम) तथा बीए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) तथा स्नातकोत्तर पर एमए (राजनीतिक शास्त्र) तथा एमए (शिक्षाशास्त्र) व एमए (इतिहास)के प्रवेश भी प्रारम्भ हो जाएगें। डॉ.तैय्यब ने बताया कि प्रवेश सम्बन्धी किसी भी समस्या या आवश्यकता पड़ने पर अभ्यर्थी महाविद्यालय के सीतापुर रोड, परिसर पर सम्बन्धित काउंटर पर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

# चारबाग डिपों ने तीन मिनी बसों को किया सीज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। अधिकारियों ने परिवहन निगम को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए आज कल डग्गामार बसों के खिलाफ अभ्यिान छेड़ रखा है। इस अभियान को एक मुहिम के तौर पर शुरू कर लगातार कार्यवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत सोमवार को चारबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत दीक्षित, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जगदीश प्रसाद, पीटीओ मनोज कुमार,रुपेश कुमार, इंचार्ज लाइका खातून, मोहम्मद अजीम, मदन लाल, विवेक मिश्रा ने आज चौथी बार डग्गामार बसों के खिलाफ अभियान चलाकर चारबाग रेलवे स्टेशन पर तीन डग्गामार मिनी बसों को पकड़ कर सीज किया। चारबाग रेलवे स्टेशन के पास से यूपी-81 बीटी 13963,यूपी 41 एटी- 8384 एवं यूपी 41एटी-2046 मिनी बसों को अवैध रूप से सवारी बैठाते हुए पकड़ा और सीज कर चारबाग डिपो में खड़ा कर दिया गया। चारबाग डिपो के एआर एम प्रशांत दीक्षित के नेतृत्व में अधिकारियों ने पिछले चार अभियानों के दौरान सीज किए गए वाहनों से 1,78,619 रुपये पेनाल्टी जमा कराया गया है। गौरतलब है मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बावजूद कि बस अड्डों की एक किलोमीटर की परिधि में कोई प्राईवेट गाड़ी नहीं खड़ी जाए। बावजूद इसके ये डग्गामार वाहन चालक रोजाना बस अड्डों पर ही गाड़ी खड़ी कर रोउवेज की सवारी लेकर चले जाते हैं, जिससे रोडवेज को लाखों रूपये का नुकसान प्रतिदिन होता है। अपने इसी नुकसान की भरपाई को लेकर रोडवेज ने पिछले दस दिनों से इस अभियान को मुहिम के तौर पर शुरू कर रखा है। इस अभियान में अब तक दस से अधिक गाड़ियां सीज की जा चुकी हैं।

## खबर एक नजर

# क्षेत्रीय प्रबंधक ने कर्मचारियों को मतदान के प्रति किया जागरूक



स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में सोमवार को मतदान को लेकर कर्मचारियों को जागरूक किया गया। जिससे वह अपने रिश्तेदारों -नातेदारों समेत अपने आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर सहर की जनता को मतदान के प्रति जागरूक कर सके। सप्रू मार्ग स्थित परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को सुबह 11 बजे मतदाता जागरूक अभियान के तहत समस्त कर्मचारियों को क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी के निर्देश पर कार्यालय परिसर में जमा कर वोट करने की शपथ दिलाई गयी। साथ ही उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक त्रिपाठी ने इस बात की भी शपथ दिलाई की मतदान करना एक सच्चे देश के नागरिक होने का प्रमाण है। इसलिए आप सभी का मतदान करना अति आवश्यक होता है। इसलिए चुनाव के दौरान मतदान करना आपका विशेष अधिकार है। क्योंकि आपके एक वोट करने से ही देश को अच्छी सरकार मिलती है। इसलिए अपना मतदान प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के परिसर में मौजूद कर्मचारियों को आरके त्रिपाठी ने इस बात की शपथ दिलाई की मतदान करना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। इसलिए मतदान के दिन सभी कर्मचारी अपना वोट अवश्य डालें। साथ ही कर्मचारियों को इस बात के लिए भी जागरूक किया गया कि वह खुद तो मतदान करें ही, साथ ही अपने परचितों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें , जिससे देश को सही सरकार मिल सके।

# टिकटों का अवैध कारोबारी धरा गया

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के सुरक्षा बल द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा और अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान गत 19 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर को रेलवे स्टेशन गोरखपुर के टिकट हॉल में 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। इसी तरह 21 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल, फर्रूखाबाद को गाड़ी संख्या-14118 में 13 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन फर्रूखाबाद को सुपुर्द किया गया। 19 अप्रैल को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, बादशाहनगर द्वारा गाड़ी संख्या-15707 से 08 एवं 09 वर्ष का एक बच्चा एवं एक बच्ची को उतारा गया। पूछताछ के उपरान्त दोनों बच्चों को चाइल्ड लाइन गोंडा को सुपुर्द किया गया। इसी तरह गत 20 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल, आजमगढ़ एवं अपराध आसूचना शाखा, गोरखपुर द्वारा आजमगढ़ रेलवे स्टेशन से तत्काल आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 02 आरक्षित टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया।

# ट्रेनों में बढ़ी भीड़, तीन गाड़ियां और बढ़ीं

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। रेलवे ग्रीष्मकाल के दौरान ट्रेनों में सफर यात्रियों के लिए आसान बनाने का प्रयास जहां कर रही है,वहीं ट्रेनों में भीड़ कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। जिसके चलते रेलवे ने ग्रीष्मकाल के दौरान और गाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुएगाड़ी संख्या- 04923 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचलन दरभंगा से मंगलवार यानि कल से किया जायेगा। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है। इसी तरह ग्रीष्मकाल में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा के लिए 04925 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 24 अप्रैल को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है। यही नहीं ग्रीष्मकाल में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा के लिए 04985 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से कल यानि मंगलवार को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। इस गाड़ी में भी सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है।

# हनुमान जयंती पर बदला रहेगा मार्ग

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को हनुमंत धाम की तरफ सुबह से शाम तक जाने से बचें। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि इस दौरान ट्रैफिक से संबंधित समस्या आने पर कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। डीसीपी ने बताया कि क्लार्क अवध तिराहे से हनुमंतधाम मन्दिर की तरफ नहीं जा सकेंगे। बल्कि परिवर्तन चौराहा होकर जा सकेंगे। इसके अलावा हनुमंतधाम से क्लार्कअवध की तरफ भारी वाहन, सिटी बसें केडी सिंह बाबू स्टेडियम से क्लार्क अवध तिराहा होते हुए जा सकेंगी।


**अदालती सूचना ता.पेशी ०९.०५.२०२४ इत्तिलानाम बनाम रेस्पोडेंट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाए ( आर्डर १४ कायदा ४१ ) न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट सं. ०५ शाहजहांपुर सिविल अपील संख्या ७२ वर्ष २०२३ श्रीमती रामवती आदि बनाम श्रीमती पुष्पा देवी आदि बनाम १- श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी प्रेम बहादुर २- प्रेम बहादुर ३- मैकू लाल( मृतक दौरान वाद ) जरिये विधिक प्रतिनिधि पुत्रगण सिब्बा निवासीगण ग्राम बरनई पर. तह. सदर जिला शाहजहांपुर ४/१ सावित्री देवी पत्नी स्व. मैकूलाल ४/२ रामकुमार ४/३ रामासरे ४/४ वेदप्रकाश पुत्रगण मैकूलाल ४/५ विमला, ४/६ नन्ही देवी वयस्क पुत्रीगण मैकूलाल ५- बांके लाल ६- राम औतार पुत्रगण मैकूलाल सर्व निवासीगण आई.जी. क्वाटर नं. २३ फैक्ट्री स्टेट शाहजहांपुर ७- राजेंद्र( मृतक दौरान वाद ) पुत्र सिब्बा नि.ग्रा. बरनई पर. तह. सदर जिला शाहजहांपुर वर्तमान नि.मो. दिलाजाक पर. तह. सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादीगण/ रेस्पोडेंट अपील व नाराजगी निर्णय अदालत सिविल जज सी.डि. ( एफटी.सी. ) शाहजहांपुर मुवरिखा २६ माह ०७ सन २०२३ मूलवाद संख्या २५८ वर्ष २००१ इत्तिला हो की अपील व नाराजगी डिग्री तजवीज मुकदमा मुदर्जी बाला में श्रीमती रामवती आदि अपीलकर्तागण उपरोक्त ने पेश किया और अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ तथा अपील के मुकर्रर और अदालत ने तारीख ०९.०५.२०२४ ई. वास्ते समाआत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका बकील या कोई शक्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब व सवाल करने की मजाल हो हाजिरी न आवेगा तो उसकी समाआत और तजबीज गैरहाजिरी में की जावेगी। आज व तारीख २०.०४.२०२४ को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर अपर जिला जज कोर्ट संख्या ०५ शाहजहांपुर।**

सी.आर.-136/D-CN

**अदालती सूचना ता.पेशी ०४.०५.२०२४ इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद संख्या ६६ वर्ष २०२४ दीपेश सिंह बनाम श्रीमती कमला आदि बनाम १- श्रीमती कमला पत्नी स्व. बृजपाल उर्फ विजयपाल सिंह २- दिनेश वयस्क पुत्र स्व. बृजपाल उर्फ विजय पाल सिंह ३- श्रीमती गीता देवी पत्नी स्व. देवेंद्र सिंह ४- कु. दीक्षा कुशवाहा वयस्क पुत्री स्व. देवेंद्र सिंह नि.गण. ग्राम मंझा पश्चिमी पर. तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर ५- श्रीमती सरला पुत्री स्व. बृजपाल उर्फ विजय पाल सिंह पत्नी धीरेंद्र कुमार नि.ग्रा. आदमपुर सांडी जिला हरदोई ६- पुष्पा देवी वयस्क पुत्री स्व. बृजपाल उर्फ विजय पाल सिंह नि.ग्रा. नया खण्ड मिर्जापुर जिला हरदोई.. प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा भा..द.अधि.सन् १९२५ई.दरख्वास्त मुसम्मी दीपेश सिंह वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफ्किेट वसूल कर्जा किफ्लत हाय मुसम्मी स्व. बृजपाल उर्फ विजय पाल सिंह नि.ग्रा. मंझा पश्चिमी पर. तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर मुतवफ्री भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् १९२५ई.हरगाह मुसम्मी दीपेश सिंह वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफ्किेट वतारीख ०४.०५.२०२४ वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख ०४.०५.२०२४ पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख २२.०४.२०२४ को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

सी.आर.-136/D-CN

**अदालती नोटिस**
**न्यायालय अति0 जनपद न्यायाधीश कोर्ट नं.-06, गोरखपुर**
हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
प्रकीर्ण सं.-36/2023
सिविल रिविजन नं.-25/2007
सुराती देवी बनाम लल्लन प्रसाद आदि

1. लल्लन प्रसाद उम्र 80 साल, पुत्र स्व0 रामधनी साकिन मुहल्ला धर्मशाला बाजार, शहर-गोरखपुर, हाल मुकाम-निकट मारवाड़ इण्टर कालेज के सामने उपाध्याय इंजीनियरिंग चौरहिया गोला, शहर-गोरखपुर, 2. रजनीकान्त मणि त्रिपाठी उम्र 40 साल, 3. चन्द्रकान्त मणि त्रिपाठी उम्र 38 साल, 4. श्री कान्त मणि त्रिपाठी उम्र 35 साल, 5. सूर्यकान्त मणि त्रिपाठी उम्र 30 साल पुत्रगण अगरदी मणि त्रिपाठी साकिनान मुहल्ला राघवनगर, शहर व जिला देवरिया। विपक्षीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2024 के 05 के 06 दिवस को 10.00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण आमूविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में अफसल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

ता.पेशी 06.05.2024 वास्ते आपत्ति/ निस्तारण। आज ता. 15.04.2024 मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के हवाले से जारी किया गया।

**अति0 जनपद न्यायाधीश कोर्ट नं.-06, गोरखपुर**

सी.आर.-137/D-CN


# कबाड़ से बनाए हस्तनिर्मित कृतियों के आकर्षक मॉडल

स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने हैप्पी थिंकिंग लैब के सहयोग से विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कचरे को खजाने में बदलना प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें छात्रों में नवाचार की भावना और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया गया। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के संरक्षण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ. वैशाली सक्सेना और हैप्पी थिंकिंग प्रयोगशाला की निदेशक प्रो.एम.प्रियदर्शिनी के नेतृत्व में छात्रों, शिक्षकों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने रचनात्मकता और पर्यावरण चेतना के एक दिन के लिए एक साथ आए। प्रतियोगिता में बेकार पड़ी सामग्रियों से तैयार की गई हस्तनिर्मित कृतियों की एक आकर्षक प्रदर्शनी भी शामिल थी। विभिन्न विभागों और कॉलेजों से 50 से अधिक प्रतिभागी छात्रों ने पर्यावरण चुनौतियों के लिए अपने कल्पनाशील समाधान प्रस्तुत किए तथा पर्यावरण स्थिरता के प्रति अपने समर्पण को उजागर किया। डॉ.अर्चना तिवारी, डॉ.अंश, डॉ.विपिन पांडे, डॉ.तनुका चटर्जी और डॉ.उत्कर्ष मिश्रा सहित प्रतिष्ठित शिक्षकों ने कार्यक्रम में अपनी विशेषज्ञता प्रदान की,जिससे स्थिरता और नवाचार पर चर्चा और समृद्ध हुई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो.मैत्रेयी प्रियदर्शिनी और डॉ.वैशाली सक्सेना द्वारा मुख्य अतिथि बृजेंद्र पाल सिंह और गोपाल उपाध्याय का गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ हुई। लोक भारती के गोपाल उपाध्याय ने प्रकृति, पारंपरिक ज्ञान और जैव विविधता के महत्व पर व्यावहारिक संवाद के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह ने पर्यावरण स्थिरता के महत्व पर जोर दिया और उपस्थित लोगों से वसुधैव कुटुंबकम के लोकाचार को अपनाने और प्रकृति के साथ सहजीवी संबंध विकसित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन डॉ.उत्कर्ष मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने प्रतियोगिता की सफलता में सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और आयोजकों के अमूल्य योगदान के लिए उनकी सराहना की। कार्यक्रम का समापन विशेष अतिथि बृजेंद्र पाल सिंह और गोपाल उपाध्याय द्वारा कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को खूबसूरत जूट बैग भेंट करने के साथ हुआ।

# डीआरएम ने व्यापारी व उद्यमियों के साथ की बैठक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। यात्री यातायात की सुविधा के साथ ही मंडल अपने व्यापारियों के हितों एवं लाभों को ध्यान मे रहते हुए समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इसी क्रम मे सोमवार को उत्तर रेलवे, लखनऊ के मण्डल कार्यालय मे एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उत्तर रेलवे के डीआरएम एसएम शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ फ्रेट, राहुल एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक

## व्यापारी/उद्यमियों को शील्ड देकर किया गया सम्मानित

रजनीश श्रीवास्तव सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों एवं व्यापारिक केन्द्रों के व्यापारीगण और उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए । मण्डल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने व्यापारियों को रेलवे के साथ व्यापार वृद्धि हेतु प्रेरित किया एवं व्यापारियों को रेल मार्ग द्वारा व्यापार के लाभों की विधिवत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त इस बैठक में व्यापारियों की रेलवे के साथ होने वाली व्यापारिक समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए इनके शीघ्र निस्तारण की दिशा में आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया। मण्डल रेल प्रबंधक ने बैठक मे उपस्थित व्यापारियों से मण्डल द्वारा लदान (लोडिंग) में वित्तीय वर्ष 23-24 में निर्धारित 5.00 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले, 5.18 मिलियन टन लोडिंग की उपलब्धि के बारे मे बताया और लखनऊ मण्डल द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोडिंग के लिए उद्यमियों को शील्ड प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने इस बात पर बल दिया की भविष्य में व्यापार सम्बन्धी ऐसी व्यवस्था को स्थापित किया जाये, जिसके अंतर्गत व्यापारिक प्रक्रियाओ को सरलता पूर्वक संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सिद्धार्थ वर्मा सहित वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# संकरी सड़कें और बेलगाम चार पहिया वाहन, जाम का सबब

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी की सड़कों पर बार -बार क्यों लग जाता है जाम ? इस सवाल के तीन जवाब मिलते हैं। पहला तो

### -अमीनाबाद, चौक, नक्खास, कैसरबाग, चारबाग समेत आलमबाग में रोजाना लगता है जाम



यह कि लखनऊ के पुराने मोहल्लों की सड़कें बढ़ती आबादी के एवज में काफी संकरी हैं, जिसके चलते इन सड़कों पर बढ़ते वाहनों की संख्या इतनी अधिक हो गयी है की यहाँ चार पहिया वाहनों के गुजरने से ही सड़क जाम लग जाता है। दूसरा यह कि जिन भीड़ भरे इलाकों में लोग खरीदारी करने आते हैं वहां चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए, जिससे सड़क पर जाम कि स्थिति उत्पन्न न हो। तीसरा यह कि कुछ मिशनरी स्कूलों के सामने बच्चों की छुट्टी के दौरान पूरी सड़क पर ही चार पहिया वाहन अभिवावक लगा कर लंबे समय तक सड़क को बंद कर देते हैं। इसके कारण भी सड़कों पर जाम लगता है।दरअसल, नवाबों का शहर लखनऊ काफी पुराना बसा हुआ है, जब यहाँ की सड़कों पर वाहनों की जगह इक्का -तांगा दौड़ा करते थे। धीरे -धीरे शहर की आबादी बढ़ी और लोग यहाँ बास्ते चले गए। जिसके चलते साल दर साल यहाँ की आबादी बढ़ती चली गयी। यही नहीं जो लोग पहले साइकिल से चलते थे वह पहले तो दो पहिया वहां पर सवार होने लगे और अब तो वह चार पहिया वाहनों से चल रहे हैं । इन सब वजहों से भी लखनऊ की सड़कों पर रोजाना जाम लगा रहता है। पिछले 15 सालों में लखनऊ का विकास इतनी तीव्र गति से हुआ है कि यहाँ की सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। नतीजतन यहाँ की सड़कों पर 23 लाख 98 हजार 686 वाहन रोजाना दौड़ाये जा रहे हैं। आंकड़ों की यह सूची तो परिवहन आयुक्त कार्यालय की है। जबकि एक अनुमान के मुताबिक राजधानी होने के कारण रोजाना लखनऊमें बाहरी क्षेत्रों से भी रोजाना कम से कम दस हजार वाहन आते हैं। जिसके चलते यहाँ की सड़कों पर जाम तो लग्न तय ही है।

इस बाबत नगर ऐंव ग्राम नियोजन अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा से जब लखनऊ की सड़कों पर लगने वाले जाम कीस्थिति को लेकर बात की गयी तो वह भी यही बोले कि पुराने इलाकों में आज भी लखनऊ कि मुख्य बाजारें हैं ,जिसकी वजह से जब इन बाजारों में बढ़ी गाड़ियां लेकर लोग आ जाते हैं तो यहाँ जाम की स्थिति उत्पन्न होना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि अगर लखनऊ के पुराने इलाके जैसे अमीनाबाद, चौक, नक्खास इत्यादि इलाकों में जहाँ सहर कि प्रमुख बाजारें होने की वजह से जाम लग जाता है, वहां सबसे पहले चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। जिससे लोग आराम से बाजार में आकर खीरदारी कर सके। सिटी बीएस के स्टॉपेज सहर के प्रमुख चौराहों से हट के होने चाहिए , जिससे चौराहों पर बस के रुकने से जाम न लगे। इसके साथ साइकिल और पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए अलग ट्रैक बनाना चाहिए। साथ ही नगर निगम को सड़क के फुटफाथ पर दुकान लगाने वालों को वेंडर जोन में ही दुकानें लगाने की अनुमति देनी चाहिए, जिससे सड़क पर ठेला आदि लगने से जाम की स्थिति उत्पन्न न हो सके। साथ ही सहर की प्रमुख बाजारों यानि भीड़भाड़ वाले इलाकों में थोड़ा हट के पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। इससे भी जाम की स्थिति से निपटा जा सकता है।

# रूट चार्ट के हिसाब से जोन वाइज चलेंगे ई-रिक्शा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। राजधानी शहर में जाम से छुटकारा दिलाने के साथ ही यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पहली

### -संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था ने ५ रंगों के क्यूआर कोड बनाए

बार जोनवार ई-रिक्शा चलाने के लिए व्यवस्थित कराते हुए अप्रैल माह के अंतिम व मई के पहले सप्ताह के अंदर डीसीपी के क्षेत्र में बांटा जाएगा। 16 जोनों में करीब 25 हजार ई-रिक्शा चालकों के रूट निर्धारण पर संचालन प्रारम्भ कराया जाएगा। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो प्रदेश के अन्य बड़े शहरों के साथ ही प्रयागराज में होने वाले कुंभ में भी प्रयोग किया जाएगा। शहर भर में जाम लगने से बचने के लिए ई-रिक्शा के सत्यापन की व्यवस्था भी कराई गई है। साथ ही महिलाओं व अन्य यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह पहल पुलिस की तरफ से सत्यापन फार्म ई-रिक्शा चालकों से भरवाकर जमा कराने के निर्देश दिए गये हैं। इसमें करीब 25 हजार फार्म भरे गए हैं फार्म के सत्यापन कराने के बाद ई-रिक्शा के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है इसके बाद पुलिस की तरफ से इन्हें निर्धारित रूट पर चलने की अनुमति प्रदान की जाएगी। बिना पंजीकरण के चलने वाले ई-रिक्शा चालकों के विरूद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई के मूड बना चुकी है। इसके लिए कमिश्नरेट के 5 डीसीपी क्षेत्र के 16 जोन में यह रूट निर्धारित किए जाएंगे इसी के साथ ही 5 रंग के क्यूआरकोड में रूट चार्ट के मुताबिक ही ई-रिक्शा का संचालन संभव हो पायेगा। इन क्यूआर कोड को स्कैन करते ही चालक व मालिक और ई-रिक्शा के बारे में पूरी जानकारी मिल जाएगी इससे यात्रियों की सुरक्षा भी निश्चित हो सकती है। पुलिस इन क्यूआर कोड से छेड़छाड़ करने वाले ऑटो चालक समेत मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करेगी। यही नहीं ई-रिक्शा के सत्यापन फॉर्म में चालकों ने कई आपराधिक मुकदमे की भी जानकारी दी है। शहर भर में करीब 50 हजार ई-रिक्शा पंजीकृत होने की बात प्रकाश में आती है वहीं परिवहन विभाग की तरफ से 40 हजार ई-रिक्शा रोड पर हैं बाकी बचे हुए करीब 10 हजार ई-रिक्शा पुराने होने के कारण कबाड़ होने की विभाग कयास लगा रहा है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि 25 हजार ई-रिक्शा का सत्यापन पूरा हो गया है इनके रूट निर्धारित कर दिए जाएंगे अन्य भरे गए सत्यापन फॉर्म के रूट भी बहुत जल्द निर्धारित होंगे। जोन 1 में गोमतीनगर, गोमतीनगर विस्तार, जोन 2 में विभूतिखंड, चिनहट, बीबीडी, जोन 3 पीजीआई, आशियाना, कैंट, आलमबाग, जोन 4 चौक, ठाकुरगंज, वजीरगंज, जोन 5 में बाजारखाला, सआदतगंज, तालकटोरा, जोन 6 में काकोरी, पारा, दुबग्गा, मानकनगर, जोन 7 मलिहाबाद, रहीमाबाद, माल, जोन 8 में अलीगंज, मड़ियांव, जानकीपुरम, जोन 9 में बीकेटी, सैरपुर, इटौंजा, महिगवां, जोन 10 में गाजीपुर, गुडम्बा, इंदिरानगर, विकासनगर, जोन 11में गोसाईगंज, सुशांत गोल्फ सिटी, जोन 12 में मोहनलालगंज, निगोहा, नगराम, जोन 13 में कृष्णानगर, सरोजनीनगर, बिजनौर, बंथरा, जोन 14 में महानगर, हसनगंज,मदेयगंज, जोन 15 में हजरतगंज, हुसैनगंज, गौतमपल्ली, जोन 16 कैसरबाग, अमीनाबाद, नाका।

# पीएसी के तीन जवान निलंबित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। चारबाग से युवक को अगवा कर 35वीं वाहिनी पीएसी परिसर की बैरक में बंधक बनाकर पीटने के मामले में अब पीएसी के तीन जवानों को निलंबित किया गया है। ये सभी उस रात अलग-अलग गेट पर ड्यूटी पर थे। वहीं, तलाशी के दौरान बैरकों (जहां खिलाड़ी ठहरे हुए हैं) से भारी मात्रा में दवाएं व इंजेक्शन बरामद हुए हैं। इन्हें जब्त कर पीएसी के अस्पताल में रखा गया है। जानकारी के मुताबिक मेरठ पुलिस के दो सिपाही विशाल चौहान व विशांत राणा एथलीट हैं। वह खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 35वीं वाहिनी पीएसी में आए थे। यहीं पर दोनों ठहरे थे। 13 अप्रैल की रात दोनों चारबाग गए थे। यहां पर कैंट निवासी फैज नाम के युवक से मामूली विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों सिपाही उसे अगवा कर पीएसी परिसर में ले आए थे। यहां बैरक में जमकर पीटा था और उसके बाल काट दिए थे। मामले में दोनों सिपाहियों व अन्य 15 अज्ञात पर महानगर थाने में केस दर्ज किया गया था। सिपाहियों पर शांतिभंग के तहत कार्रवाई की गई थी। प्रकरण में पीएसी के तीन जवान अभिषेक यादव, शुभम कुमार और कार्तिकेय सिंह को निलंबित किया गया है। तीनों 2021 बैच के सिपाही हैं। 13 अप्रैल की रात को अभिषेक यादव की गेट नंबर 2 पर रात 12 से 3 बजे तक ड्यूटी थी। वहीं, शुभम की गेट नंबर तीन व कार्तिकेय की गेट नंबर चार रात 10 से 2 बजे तक ड्यूटी थी। आरोपी सिपाही पीएसी परिसर से बाहर गए। युवक को उठाकर भीतर आए और फिर उसको बंधे तक छोड़ने गए, लेकिन किसी भी गेट पर उनकी इंट्री नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए इन पर कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक वारदात के बाद 14 अप्रैल को आईजी पीएसी ने उन बैरकों की तलाशी कराई जहां पर खिलाड़ी रुके हैं। बैरकों से शक्तिवर्धक दवाओं के अलावा ऐसे इंजेक्शन बरामद हुए जिनको खिलाड़ी खेल से पहले लेते हैं। सूत्रों का दावा है कि कुछ ड्रग्स भी बरामद हुई। दवाओं की मात्रा इतनी अधिक थी कि एक छोटा डाला भर गया। तलाशी शाम करीब पांच से रात 11 बजे तक चली थी। आरोपी सिपाही 13 अप्रैल की रात करीब दो बजे से महानगर पुलिस की हिरासत में थे। पुलिस ने 14 अप्रैल की दोपहर पीएसी के अफसरों को इसकी जानकारी दी। हैरानी की बात ये है कि इस बीच हुई गणना में आरोपी दोनों सिपाहियों की उपस्थिति दर्ज कर दी गई। यदि ऐसा न हुआ होता तो उसी वक्त पकड़ में आ जाता कि दो सिपाही गैर हाजिर हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक कोच समेत करीब एक दर्जन जिम्मेदार जांच के दायरे में हैं।

**कुछ भी बोलने से कतराते रहे अफसर**

आईजी पीएस अपर्णा कुमार से संपर्क किया तो उनका कहना था कि मामले में 35वीं वाहिनी पीएसी कमांडेंट इस बारे में जवाब दे सकते हैं उसके उपरांत कई बार कॉल करने के बाद कमांडेंट अतुल शर्मा ने जब कॉल रिसीव की तो उन्होंने कुछ देर में जानकारी देने की बात कहते हुए फोन कट हो गया हो सकता नेटवर्क समस्या रही होगी। कुल मिलाकर अफसर इस प्रकरण में कुछ भी बोलने से बचते रहे।

# युवक ने एसएसपी ऑफिस के सामने आत्मदाह का किया प्रयास

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। यूपी के बदायूं जिले में एक युवक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक(एसएसपी)

### बदायूं जिले का मामला, पुलिस ने युवक को बचाया

ऑफिस के सामने सोमवार को खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। समय रहते पुलिस ने युवक को बचा लिया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। युवक का आरोप है कि ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। इस मामले में थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। युवक मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायतकर कार्रवाई की मांग कर चुका है लेकिन उसकी शिकायत पर कोई अमल नहीं किया गया। इससे आहत होकर उसने आत्मदाह का प्रयास किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सदर कोतवाली के मोहल्ला नई सराय के रहने वाले गुलफाम का आरोप है कि उसकी पत्नी सनोबर छह महीने पहले मुजरिया थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में उसके साढ़ू के यहां दावत खाने गई थी। वहां पर वह भी मौजूद था। किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गयी। उसने पत्नी की पिटाई कर दी। इस पर ससुरालियों ने भी दमाद के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की मामला थाने पहुंचा तो रिश्तेदारों ने दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया। इसके बाद पत्नी ने गुलफाम पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवा दिया। वह पति के साथ रहने से मना करने लगी। गुलफाम ने अपने साढ़ू और ससुराल वालों के खिलाफ थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर गुलफाम ने सोमवार को पुलिस ऑफिस के सामने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। इस मामले में सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया की गुलफाम लगातार पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहा था। गुलफाम ने अपने ससुराललियों पर जो आरोप लगाए थे उनमें कोई सच्चाई नहीं थी। फिहलाल गुलफाम से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# बाइक सवार बदमाशों ने युवक का छीना मोबाइल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** नाका हिंडोला थाना क्षेत्र के चारबाग रेलवे स्टेशन से भाई को छोड़कर लौट रहे युवक का बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर बदमाश फर्राटा भरते हुए घटनास्थल से भाग निकले। इसके बाद पीड़ित नाका हिंडोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। नाका के दुगावां चौकी क्षेत्र निवासी राहुल यादव महिन्द्र वर्कशॉप में वाशिंग सुपरवाइजर है। पीड़ित ने बताया कि 29 मार्च को वह अपने भाई मोहित यादव को चारबाग रेलवे स्टेशान छोड़कर घर वापस जा रहा था

रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से भाग निकले। राहुल ने इसकी शिकायत यूपी कॉप ऐप पर दर्ज करायी थी। इंस्पेक्टर नाका का कहना है कि अप्लीकेशन मार्क होने के बाद थाने पर पहुंची तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

# कैबिनेट मंत्री संजय निषाद हुए घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के संतकबीरनगर जिले में कैबिनेट मंत्री संजय निशाद शादी समारोह में शामिल होने गये थे इसी दौरान उनसे कहासुनी के बाद धक्का-मुक्की करते हुए लोगों ने हमला कर दिया इससे उनकी नाक पर चोट लगने से खून बहने लगा मंत्री को अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। मंत्री ने हमले का आरोप सपा और यादवों पर लगया है। उन्होंने यह भी कहा कि जब से बेटे के प्रचार के लिए आये हैं जातीय संघर्ष करवाने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर एसपी सत्यजीत गुप्ता के साथ एएसपी शशि शेखर सिंह भी पहुंचकर मंत्री के समर्थकों को आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तब जाकर समर्थक शांत हुए।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि घटना रविवार को मंत्री संजय निशाद मोहम्मदपुर कठार गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे इसी दौरान उनसे धक्का-मुक्की के दौरान उनसे मारपीट हुई इसके बाद उनके समर्थक अस्पताल के बाहर रात करीब 1 बजे पुलिस चौकी पर धरने पर बैठ गये। उन्होंने यह भी बताया संजय निषाद ने रात करीब 2.30 बजे धरना खत्म किया और उनके पीएसओ की तहरीर पर पुलिस ने 8 लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए 4 को गिरफ्तार किया है। वहीं डॉ. संजय निषाद ने बताया कि शादी समारोह में कुछ अराजक तत्व उनके बेटे सांसद प्रवीण निषाद और उनके बारे में कुछ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे।

मैंने उनको समझाने के लिए बुलाया, लेकिन मौजूद लोग भड़क गए और मेरे ऊपर हमला कर दिया। इस हमले में मेरा चश्मा भी टूट गया। मुझे चोटे भी आई है उन्होंने कहा हमारी सरकार ने बहुत से गुंडों का सफाया किया है। हमने लिखित तौर पर पुलिस को सूचना दिया है। पुलिस अपने हिसाब से कार्रवाई कर रही है। कहा कि भाजपा सरकार में जंगल राज का पूरा सफाया किया गया है।

# घर में आग लगने से वृद्ध दम्पति की मौत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ । गाजियाबाद के टीला मोड़ थाना इलाके में सोमवार को एक घर में आग लगने से बुजुर्ग दम्पत्ति की मौत हो गयी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने शवों को पोस्ट मार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि, पुलिस को सूचना मिली कि टीला मोड़ थाना क्षेत्र के फरुखनगर में एक मकान में आग लग गयी है। आग में पति-पत्नी फंसे हुए हैं। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के साथ आग में फंसे बुजुर्ग पति-पत्नी को बाहर निकाल लिया। आग की चपेट में आने से दोनों बुरी तरह से झुलस गए। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक दम्पत्ति की पहचान 57 वर्षीय इरफान व उनकी पत्नी शमाजान (55) के रूप में हुई। एसीपी ने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

# सिपाही पर जानलेवा हमला

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। मैनपुरी के थाना भोगांव क्षेत्र में आलीपुर खेड़ा के पास रविवार की देर शाम एक सिपाही पर मीट काटने वाले चाकू से जानलेवा हमला किया गया। किसी तरह सिपाही जान बचाकर वहां से भाग निकला और सीओ भोगांव को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जानकारी जुटाई। सिपाही ने एसपी को घटना से अवगत कराया है। सिपाही अंकित कसाना भोगांव क्षेत्र में पीआरबी पर तैनात है। रविवार की देर शाम ड्यूटी करने के बाद अपने आवास पर जा रहा था। तभी रास्ते में एक बुजुर्ग ने उसे रोक लिया और किसी बात को लेकर कहा सुनी करने लगा। तभी पास स्थित एक होटल पर मौजूद युवक ने पीछे से आकर अंकित पर मीट काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से सिपाही किसी तरह बच गया। वह जान बचाकर वहां से भाग निकला। पुलिस के मुताबिक बाद सिपाही ने भोगांव सीओ सुनील कुमार को फोन कर घटना की जानकारी देते हुए मदद की बात कही। इसके बाद सिपाही ने स्थानीय चौकी पर पहुंच कर घटना के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी जुटाई। होटल पर पुलिस को आरोपी नहीं मिला आसपास के लोगों से आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई। वारदात को लेकर जब सीओ भोगांव से जानकारी ली गई तो बताया कि सिपाही ने उन्हें सूचना दी थी। सिपाही को तत्काल सहायता के लिए चौकी पर भेजा गया था। सिपाही अंकित की ओर से एसपी को भी पत्र भेज कर घटना से अवगत कराया गया है। एसपी मैनपुरी विनोद कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी की जाएगी। यदि सिपाही के साथ इस तरह घटना हुई तो निश्चित तौर पर दोषी के विरुद्ध मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने एसी हेलमेट का किया ट्रायल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को गर्मी से राहत देने के लिए एसी हेलमेट बनाया गया है। इस एसी हेलमेट का ट्रायल सोमवार

### -अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस लखनऊ पहुंचा एसी हेलमेट



को हजरतगंज में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने किया। यह हेलमेट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। हजरतगंज चौराहे पर एडीसीपी ट्रैफिक अजय सिंह ने पुलिसकर्मियों को हेलमेट पहनाया और उनसे हेलमेट का फीडबैक लिया। कयास लगाए जा रहे है कि ट्रायल सफल होने पर जल्द ही इस हेलमेट को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के सिर पर पहना हुआ देखा जा सकता है। एडीसीपी ट्रैफिक अजय सिंह ने बताया कि बढ़ती गर्मी के साथ शहर का तापमान करीब 40 डिग्री सेल्शियस तक पहुंच गया है।इस कड़ी धूप में चौराहों पर खड़े होकर ड्यूटी करना आसान नहीं है। इसके मद्देनजर पुलिस यातायात विभाग ने एसी हेलमेट को पुलिसकर्मियों को देना का खाका तैयार किया है। उन्होंने बताया गया कि इस हेलमेट का बैटरी बैकअप करीब 6 घंटे तक है। ध्यान रहे कि हैदराबाद की कंपनी की तरफ से बनाए गए इस एसी हेलमेट को पूर्व में कानपुर में ट्रैफिक कर्मियों को प्रयोग के तौर पर दिया गया था।

# छात्रा से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** विभूतिखंड थाना क्षेत्र में घर से नाराज होकर आई छात्रा को चाय विक्रेता ने बीते रविवार को कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। इस बीच आरोपी ने छात्रा की आपत्तिजनक तस्वीरें तैयार कर ली। आरोपी के चंगुल से किसी तरह से बच निकली छात्रा ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इस पर छात्रा की मां ने आरोपी के विरूद्ध थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली किशोरी (15) 11वीं कक्षा में पढ़ती है। लिखित शिकायत में छात्रा की मां ने बताया कि गत 17 अप्रैल को बेटी को पढ़ाई के लिए डांट दिया था। इसके बाद बेटी नाराज होकर घर से निकल गई थी। खोजबीन कर रहे परिजनों को वह रात 12 बजे के करीब अमेठी चौराहे के पास बदहवाश हालत में मिली। पूछताछ के दौरान उसने परिजनों को बताया कि वह अपने दोस्त के पास रुकी थी। इसके बाद परिजन उसे घर लेकर चले गए। घर जाने के बाद छात्रा गुमशुम रहने लगी। मां ने जब बेटी से बातचीत की, तो उसने रोते हुए मां से बताया कि घर निकलने के बाद वह कुछ दूर पहुंची, तो वन विभाग कालोनी के पास चाय का ठेला लगाने वाले दीपक ने उसे जबरन अपने कमरे में बंद कर दिया और कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बनाया। पुलिस या परिवार से शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दीपक किराए पर रहकर चाय का ठेला लगाता है।

# सैन्यकर्मी के घर में लाखों की चोरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के काका कॉलोनी सैन्यकर्मी के बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने 14.50 लाख के ज्वैलरी व 50 हजार की नकदी पार कर दी। घटना की जानकारी होने पर सैन्यकर्मी ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार राघव ने बताया कि मूलरूप से मैनपुरी जनपद के नगलामऊ निवासी सैन्यकर्मी उपेंद्र कुमार बंथरा की काका कॉलोनी में सपरिवार रहते हैं। उनकी तैनाती मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन पर है। लिखित शिकायत सैन्यकर्मी ने बताया कि गत 16 अप्रैल को वह सपरिवार पैतृक गांव गए थे। घर में ताला लगा था। 20 अप्रैल की रात चोरों ने रेकी कर मेनगेट का ताला तोड़ अलमारी में रखी 14.50 लाख के ज्वैलरी और पचास हजार की नकदी पार कर दी। रविवार को पड़ोसियों के माध्यम से उन्हें घर में हुई चोरी की सूचना मिली। इसके बाद सैन्यकर्मी ने कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# प्रॉपर्टी डीलर पर दस लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** बंथरा थाने में एक युवक पर प्रॉपर्टी डीलर पर दस लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार राघव के मुताबिक, पहाड़पुर गांव निवासी चंदन सिंह ने अक्टूबर 2023 में प्लॉट खरीदने के लिए प्रापर्टी डीलर हरिओम मिश्रा से सम्पर्क किया था। जिसके जरिए किसान छोटेलाल से जमीन खरीदने के लिए 27 लाख रुपये सौदा तय हुआ था। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सौदा पक्का होने पर उसने प्रापॅर्टी डीलर के खाते में दस लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। बावजूद इसके रजिस्ट्री नहीं की। पूछताछ करने पर प्रॉपर्टी डीलर गोलमोल जबाव देने लगा। दबाव बनाने पर वह धमकाने लगा। मजूबरन पीड़ित ने एसीपी कृष्णानगर से शिकायत की। जिनके निर्देश पर बंथरा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

# परीक्षा में कम नंबर आने से परेशान छात्रा ने की खुदकुशी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के शराफत नगर के रहीमाबाद गांव में हाईस्कूल की परीक्षा में कम नंबर आने से परेशान छात्रा आकांक्षा ठाकुर (16) ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, रमेश ठाकुर निवासी शराफतनगर-न्यू रहीमाबाद ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी आकांक्षा ठाकुर हाईस्कूल की छात्रा थी। वह पढ़ाई में काफी मेहनत की थी। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक से पास होने के लिए बेटी ने कड़ी मेहनत की थी। लेकिन रिजल्ट आने पर उसे 60 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। इसके बाद वह परेशान रहने लगी थी। पिता रमेश ने बताया कि बेटी को परेशान होता देख मां अनीता ने उसे दिलासा देते हुए इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया था। रविवार को अनीता बेटे अनमोल के लिए कॉपी-किताबे और बैग खरीदने के लिए बाजार गई थी। जबकि पिता काम पर गए थे। देर शाम मां अनीता खरीदारी कर घर वापस लौटी, तब दरवाजा भीतर से बंद था। काफी देर आवाज खटखटाने और आवाज देने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। तब पड़ोसियों ने की मदद से अनीता किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर कमरे में पहुंची तब बेटी को फंदे से लटकता देख उनकी चीख निकल गई।

स्वतंत्र भारत

**यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**

## मुफ्त उपहार

राजनीतिज्ञों द्वारा चुनावों के मौकों पर मतदाताओं को अपने पक्ष में प्रभावित करने के लिए तमाम तरीके अपनाए जाते हैं। तरह-तरह के वादे और घोषणाएं तो की ही जाती हैं, साथ ही उन्हें मुफ्त उपहार भी बांटे जाते हैं। दक्षिण भारत में यह तरीका काफी बड़े पैमाने पर किया जाता है और शेष भारत में भी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने हिसाब से उन्हें आजमाती रही हैं। पहले नकद पैसा और शराब वोटरों में बांटी जाती थी, बाद में सोने की चेन, सिलाई मशीन, कंप्यूटर आदि दिए जाने लगे। कई बार तो सरकारी योजनाओं में ही इनकी घोषणा किसी न किसी बहाने से कर दी जाती है और जो दल सरकार में नहीं होते, वे अपनी तरफ से उपहार बंटवाते हैं। ऐसे कदमों से निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा प्रभावित होती है। अब रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने एक बहुत व्यावहारिक और समयानुकूल सलाह दी है। उनका कहना है कि इस बारे में राजनीतिक दलों पर अंकुश लगाने के लिए गहन विचार-विमर्श होना चाहिए और मुफ्त उपहार देने के बारे में दलों के बीच सहमति बनाने के लिए श्वेत पत्र लाया जाना चाहिए। मुफ्त उपहारों के राजनीति केंद्रित हो जाने एक परिणाम यह भी तो हो सकता है कि कुछ ऐसे ही उपहारों से लोगों को संतुष्ट कर दिया जाए और वास्तविक कल्याण योजनाओं को लेकर कोई विशेष प्रयत्न ही न किए जाएं। सुब्बाराव ने इसीलिए यह भी कहा है कि भारत जैसे गरीब देश में यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सबसे कमजोर वर्गों को सुरक्षा तंत्र प्रदान करे और यह भी आत्मनिरीक्षण करे कि वित्तीय बाधाओं को देखते हुए उन्हें कितनी दूर तक ले जाया जा सकता है। यह भी पूछना चाहिए कि क्या यह इस धन को सबसे अच्छा उपयोग है या हम कुछ और भी बेहतर कर सकते हैं। वैसे भी स्वस्थ राजनीति और कल्याणकारी शासन-प्रशासन के लिए ये जरूरी है कि लोगों की भलाई के लिए अधिकाधिक कार्यक्रम जमीनी स्तर पर चलाए जाएं जिससे एक लोकतांत्रिक व्यवस्था का अधिकाधिक लाभ लोगों को मिल सके, न कि कुछेक उपहारों से ही उन्हें बहलाए रखा जाए।

## प्रदूषण के खतरे

धरती को हरा-भरा और जीवंत बनाए रखने की तमाम मुहिमें चलाए जाने के बाद भी इस दिशा में खास कामयाबी नजर नहीं आ रही है। लगातार बिगड़ता पर्यावरण इसके लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। लगातार बढ़ती जनसंख्या, संसाधनों का अत्यधिक दोहन, वाहनों की बढ़ती संख्या से बढ़ता प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन के कारण समस्या गहराती ही जा रही है। यह सब विकास और सुविधाओं को बढ़ावा देने के नाम पर हो रहा है। धरती के पर्यावरण पर पड़ रही इस मार से यूपी की राजधानी लखनऊ भी अछूता नहीं है। यह शहर कई मामलों में आगे तो बढ़ चुका है लेकिन इस मोर्चे पर निपटने में इसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पृथ्वी दिवस की थीम इस बार ग्रह बनाम प्लास्टिक थी और इसी प्लास्टिक ने शहर की आबोहवा बिगाड़ कर रख दी है। नगर निगम के मुताबिक इस समय शहर से रोजाना जो दो हजार टन कचरा निकलता है, उसमें तीन सौ टन प्लास्टिक का कचरा होता है। अस्सी कुंतल प्रतिबंधित पॉलीथीन रोज इस्तेमाल हो रहा है। इस पर प्रतिबंध तो लगा दिया गया लेकिन फैसले पर कारगर ढंग से अमल नहीं हो रहा है। यही पॉलीथीन शहर के नालों-नालियों के जाम होने की वजह है। शहर में वाहनों और एसी की संख्या बराबर बढ़ रही है। शहर में मानसून के दौरान ड्राई डे बढ़ गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ती आबादी, वाहनों की संख्या और ग्रीन हाउस गैसों का दबाव शहर को प्रदूषित करने के खास कारण हैं। लखनऊ में करीब पंद्रह प्रतिशत हरा-भरा वन क्षेत्र है लेकिन पेड़ों के कटने का सिलसिला जारी रहा तो यह भी खत्म हो जाएगा। ऐसे में जरूरी है कि शहर में प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति को सुधारा जाए।

♦♦♦

**नेताओं के पुराने वीडियो बने चुनावी हथियार (एक खबर)**
इसीलिए सोच-समझ कर बोलो नेताजी, वरना फंस जाओगे!

**दिग्गजों ने रैलियों से दिखाया दम (एक खबर)**
असली दम तो ईवीएम दिखाएगी!

**५० फीसदी वोट पाकर भी इस बार के रण से बाहर (एक खबर)**
सियासत में उठापटक ऐसी ही होती है!

**कई दलों के नेता सपा में शामिल (एक खबर)**
यानी सपा से भी उम्मीदें कायम हैं!

**प्लास्टिक उत्पादन न घटा तो बढ़ेगा तापमान (एक खबर)**
उत्पादन घटाएं तो मुनाफे का क्या होगा?

**अमेरिका के प्रस्ताव पर इजरायल की चेतावनी (एक खबर)**
जिगरी दोस्तों में भी ठन गई क्या?

♦♦♦

# लोकसभा चुनाव : मंडल बनाम कमंडल

**–नीरज शर्मा**

राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है नारे के साथ सत्ता में आए विश्वनाथ प्रताप सिंह मंडल कमीशन की सिफारिशों को देश में लागू करते ही सवर्ण समुदाय की नजर में राजा नहीं रंक है, देश का कलंक में बदल हो गए। नए-नए बने प्रधानमंत्री वी.पी.सिंह ने 1989 में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम बनाया। उसके बाद 7 अगस्त 1990 को वर्षो से अटकी पड़ी मंडल आयोग सिफारिशों को लागू कर दिया। मंडल कमीशन ऐक्ट लागू होने के बाद सरकार को देश भर में विरोध का सामना करना पड़ा।

जब सरकार ने इसे लागू करने का फैसला लिया तो छात्रों ने विरोध में आत्मदाह किया। उनके कार्यकाल के दौरान रुबैया सईद का अपहरण हुआ और आतंकवादियों को रिहा किया गया। उन्ही के समय में 1990 में कश्मीर घाटी से लाखों हिंदुओं का पलायन हुआ। इसी बीच 25 सितंबर 1990 को भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवानी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए सोमनाथ से श्री अयोध्या जी तक रथ यात्रा आरंभ की। वी.पी.सिंह के आदेश पर बिहार में लालू प्रसाद यादव की सरकार ने लालकृष्ण आडवानी की रथ यात्रा रोकी और उन्हे गिरफ्तार कर लिया। भाजपा जिसके बाहरी समर्थन से केन्द्र सरकार चल रही थी ने सरकार के इस कदम के विरोध में ने नेशनल फ्रंट से अपना समर्थन वापस ले लिया और उनकी सरकार अविश्वास मत हार गई। वी.पी. सिंह ने 7 नवंबर 1990 को इस्तीफा दे दिया। उनका प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल 343 दिनों का रहा। 64 सांसदो के साथ चंद्रशेखर ने जनता दल छोड दी और समाजवादी जनता पार्टी बनाई। कांग्रेस ने चंद्रशेखर को बाहर से समर्थन दिया। उन्होंनें ने 10 नवंबर 1990 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और सरकार का गठन किया। लगभग चार महीने बाद ही कांग्रेस ने उन पर राजीव गांधी की जासूसी करवाने का आरोप लगा समर्थन वापिस ले लिया। चंद्रशेखर की सरकार अल्पमत में आ गई और उन्होने 6 मार्च 1991 प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। कोई दल सरकार बनाने की स्थिति में नही था। राष्ट्रपति 13 मार्च 1991 को तत्कालीन लोकसभा को भंग कर चुनावो की घोषणा कर दी। इस बीच चंद्रशेखर कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर काम करते रहे। भारतीय इतिहास के दसवें लोकसभा चुनाव 20 मई से 28 मई के बीच तीन चरणों में होने तय हुए। इन चुनावों में कुल 502100000 से अधिक मतदाताओं को एक बार फिर अपनी सरकार चुनने का मौका दिया गया। चुनावों से पहले जमकर ध्रुवीकरण हुआ। दो सबसे महत्वपूर्ण चुनावी मुद्दे रहे जो थे मंडल आयोग और श्रीराम जन्मभूमि। इन चुनावों को मंडल-कमंडल चुनाव भी कहा जाता है। पहले चरण के चुनाव होने के अगले ही दिन राजीव गांधी की 21 मई 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनाव प्रचार करते हुए लिट्टे की आत्मघाती महिला आतंकी ने बम विस्फोट से राजीव गांधी की हत्या कर दी।

सक्रिय राजनीति से संन्यास की राह पकड़ चुके पीवी नरसिंहराव को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान मतदान का एक चरण पूरा हो चुका था, जिसमें करीब दो सौ सीटों के लिए वोट डाले जा चुके थे। करीब साढ़े तीन सौ सीटों के लिए मतदान राजीव गांधी की हत्या के बाद हुआ था। राजीव की हत्या के बाद जून के मध्य तक चुनाव को स्थगित कर दिया गया। पंजाब में लोकसभा चुनाव बाद में कराए गए। जबकि जम्मू-कश्मीर में आम चुनाव नहीं करवाने का फैसला हुआ। राजीव हत्या के बाद चुनाव 15 दिन के लिए टाल दिए गए। दूसरे चरण के चुनाव 12 जून को और तीसरे चरण के चुनाव 15 जून को हुए। इन चुनावों में 57 फीसदी वोट पड़े। एक बार फिर अस्पष्ट जनादेश आया और त्रिशंकु लोकसभा बनी।


कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। कांग्रेस को सबसे ज्यादा 232 सीटें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी 120 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही। जनता दल को सिर्फ 59 सीटें मिलीं। चुनावी आंकडे गवाही देते हैं कि यदि राजीव गांधी की हत्या न हुई होती तो कांग्रेस को शायद 200 सीटें भी हासिल नहीं हो पातीं।

राजीव की हत्या के बाद सहानुभूति का एक झोंका आया और कांग्रेस को करीब 40 सीटों का फायदा हुआ। राजीव गांधी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में मतदान उनकी हत्या से पहले ही हो चुका था। वहां राजीव गांधी मरणोपरांत विजयी रहे। बाद में वहां हुए उपचुनाव में कैप्टन सतीश शर्मा जीतकर लोकसभा में पहुंचे। इन चुनावों में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा में पहुंचे दो सदस्य बाद में देश के राष्ट्रपति बने। पहले के.आर नारायणन और बाद में प्रतिभा पाटिल। 1991 के चुनाव में कांग्रेस की ओर से जो प्रमुख नेता लोकसभा में पहुंचे उनमें मध्य प्रदेश के सतना से अर्जुन सिंह, रायपुर (अब छत्तीसगढ में) से विद्याचरण शुक्ल, छिंदवाडा से कमल नाथ, ग्वालियर से माधवराव सिंधिया, राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, असम के कालियाबोर से तरुण गोगोई, उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद से सलमान खुर्शीद, आंध्र प्रदेश के कुरनूल से विजय भास्कर रेड्डी, केरल के ओट्टापलम से केआर नारायणन, बंगलुरू उत्तर से सीके जाफर शरीफ, महाराष्ट्र के कोलाबा से एआर अंतुले, मुंबई उत्तर से मुरली देवड़ा, मुंबई उत्तर-पश्चिम से सुनील दत्त, अमरावती से प्रतिभा पाटिल, लातूर से शिवराज पाटिल, मेघालय की तुरा सीट से पीए संगमा, तमिलनाडु की शिवगंगा से पी. चिदंबरम, राजस्थान के जोधपुर से अशोक गहलोत, उदयपुर से गिरिजा व्यास, नागौर से नाथूराम मिर्धा, भीलवाड़ा से शिवचरण माथुर, दौसा से राजेश पायलट, सीकर से बलराम जाखड़, आंध्र प्रदेश में कडप्पा से वाईएस राजशेखर रेड्डी, कोलकाता से अजीत कुमार पांजा और ममता बनर्जी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। लोकसभा पहुंचने वाले विपक्षी दिग्गजों में भाजपा से अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, विजयाराजे सिंधिया, जसवंत सिंह, शंकर सिंह वाघेला, जनता दल से जॉर्ज फर्नांडीस, रवि राय, एचडी देवगौड़ा, शरद यादव, अजीत सिंह, मोहन सिंह, रामविलास पासवान, नीतीश कुमार, समाजवादी जनता पार्टी से चंद्रशेखर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से सोमनाथ चटर्जी, बासुदेव आचार्य, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से इंद्रजीत गुप्त, गीता मुखर्जी, सैफुद्दीन चौधरी, फॉरवर्ड ब्लॉक से चित्त बसु, बसपा कांसीराम आदि प्रमुख थे। हालांकि शरद यादव उत्तर प्रदेश के बदायूं संसदीय क्षेत्र से हार गए थे, लेकिन जल्दी ही बिहार के मधेपुरा से उपचुनाव के जरिए लोकसभा में पहुंच गए थे।

कांग्रेस से नारायण दत्त तिवारी, जगन्नाथ मिश्र, बलिराम भगत, आरिफ मोहम्मद खान, प्रियरंजन दासमुंशी, मेनका गांधी, तारिक अनवर जनार्दन पुजारी आदि वरिष्ठ नेता चुनाव हारने वालों में प्रमुख थे। विपक्ष नेताओं में चौधरी देवीलाल और रामकृष्ण हेगड़े जैसे दिग्गज भी लोकसभा तक पहुंचने में नाकाम रहे। समाजवादी जनता पार्टी के टिकट पर लड़ीं मेनका गांधी भी चुनाव हार गईं। 21 जून 1991 को कांग्रेस के पी.वी. नरसिंहराव ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री बने पी.वी. नरसिंहराव ने यह लोकसभा चुनाव नही लड़ा था। वे बाद में आंध्रप्रदेश की नांदयाल सीट से उपचुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे।

## प्रेमचंद की कहानियां



### दो बहनें

और उसे भाग्यवान् ही क्यों कहा जाए! जहां बहुतों को दाना न मयस्सर हो, वहां थोड़े-से आदमियों के भोग-विलास में कौन-सा सौभाग्य ! जहां बहुत-से आदमी भूखों मर रहे हों, वहां दो-चार आदमी मोहनभोग उड़ाएं तो यह उनकी बेहयाई और हृदयहीनता है, सौभाग्य कभी नहीं। कुछ चिढ़कर बोली- पिंजड़े में रहना कठघरे में रहने से अच्छा है। पिंजड़े में निरीह पक्षी रहते हैं, कठघरा तो घातक जन्तुओं का ही निवास स्थान है। गुरुसेवक शायद यह संकेत न समझ सका, बोला-मेरा तो इस घर में दम घुट जाय। मैं आपके लिए अपने घर के पास ही एक मकान ठीक करा दूंगा। खूब लम्बा-चौड़ा। आपसे कुछ किराया न लिया जायेगा। मकान हमारी मालिकिन का है। मैं भी उसी के एक मकान में रहता हूं। सैकड़ों मकान हैं उसके पास, सैकड़ों। सब मेरे अख्तियार में हैं। जिसे जो मकान चाहूं दे दूं, मेरे अख्तियार में है। किराया लूं या न लूं। मैं आपके लिए सबसे अच्छा मकान ठीक करूंगा। मैं आपका बहुत अदब करता हूं। रूपकुमारी समझ गई, महाशय इस वक्त नशे में हैं। जभी यों बहक रहे हैं। अब उसने गौर से देखा तो उनकी आंखें सिकुड़ गई थीं, गाल कुछ फूल गए थे। जबान भी लड़खड़ाने लगी थी। एक जवान, खूबसूरत, शरीफ चेहरा कुछ ऐसा शेखीबाज और निर्लज्ज हो गया कि उसे देखकर घृणा होती थी। उसने एक क्षण के बाद फिर बहकना शुरू किया- मैं आपका बहुत अदब करता हूं, जी हां! आप मेरी बड़ी भाभी हैं। आपके लिए मेरी जान हाजिर है। आपके लिए एक मकान नहीं, सौ मकान तैयार हैं। मैं मिसेज लोहिया का मुख्तार हूं। सब कुछ मेरे हाथ में है, सब कुछ। मैं जो कुछ कहता हूं, वह आंखें बन्द करके मंजूर कर लेती है। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**कामधेनुगुना विद्या ह्यकाले फलदायिनी।**
**प्रवासे मातृसदृशी विद्या गुप्तं धनं स्मृतम॥**

विद्या अर्जन करना यह एक कामधेनु के समान है जो हर मौसम में अमृत प्रदान करती है। वह विदेश में माता के समान रक्षक अवं हितकारी होती है। इसीलिए विद्या को एक गुप्त धन कहा जाता है।

♦♦♦

# भगवा हुआ दूरदर्शन का चिह्न विपक्ष को है ऐतराज

सरकारी प्रसार भारती चैनल डीडी न्यूज ने अपने नए आधिकारिक लोगो का रंग बदल दिया है। अब डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर केसरिया कर दिया गया है। यह बदलाव क्या हुआ विपक्ष को एक मुद्दा मिल गया देखते ही देखते आसमान सिर पर उठाने की कोशिश कर रहे हैं। आप को बता दें कि कुछ लोगों को भगवा रंग पर इतना आपत्ति है कि अब इस लोगो की वजह से विवाद छिड़ गया है। विपक्षी दल इसकी खूब आलोचना कर रहे हैं। हालांकि चैनल ने सिर्फ एक बदलाव के लिए ऐसा किया लेकिन विपक्षी दलों के नेताओं ने लोकसभा चुनावों से ठीक पहले बदलाव को लागू करने की आवश्यकता पर सवाल उठाए है।

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस पर एक्स हैंडल पर लिखा कि जब पूरे देश में राष्ट्रीय चुनाव हो रहे हैं तो अचानक भगवाकरण और हमारे दूरदर्शन लोगो का रंग बदलने से मैं स्तब्ध हूं! यह बिल्कुल अनैतिक पूरी तरह से अवैध है और राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक के भाजपा समर्थक पूर्वाग्रह को जोर-शोर से बयां करता है! जब लोग चुनावी मोड में हैं तो भारत का चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता के इस भद्दे भगवा समर्थक उल्लंघन की अनुमति कैसे दे सकता है! ईसीआई को इसे तुरंत रोकना चाहिए और दूरदर्शन के लोगो के मूल नीले रंग पर वापस जाने के लिए बदलाव को वापस लेना चाहिए ! मंगलवार शाम कोए डीडी न्यूज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपने नए लोगो का एक प्रमोशनल वीडियो पोस्ट किया कि हम अब एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। इसके तुरंत बाद टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने लोगो बदलने की पर कहा कि राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन ने अपने ऐतिहासिक फ्लैगशिप लोगो को भगवा रंग में रंग दिया है! इसके पूर्व सीईओ के रूप में मैं इसके भगवा करण को चिंता के साथ देख रहा हूं और महसूस कर रहा हूं यह अब प्रसार भारती नहीं है यह प्रचार भारती है जवाहर सरकार ने एक वीडियो जारी कर कहा- चुनाव से ठीक पहले प्रसार भारती के पूर्व सीईओ के रूप में दूरदर्शन के लोगो का भगवा करण देखकर दुख होता है। एक तटस्थ पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग अब पक्षपाती सरकार के साथ एक धर्म और संघ आरएसएस परिवार के रंग को शामिल करके मतदाताओं को प्रभावित करेगा। वहीं यूपी सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है।

ऐसे कदम पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। इस आलोचना पर प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगो में बदलाव आकर्षक रंग के लिए किया गया है। यह सब केवल एक बदलाव और चैनल की ब्रांडिंग के लिए किया गया है। हम आप को बता दें कि शायद विपक्ष के नेता बखूबी जानते हैंकि केसरिया या भगवा रंग त्याग बलिदान ज्ञान शुद्धता एवं सेवा का प्रतीक है। इस को सिर्फ एक धर्म से जोड़ कर देखना भी गलत है लेकिन इस देश में कुछ राजनीतिक दलों के लिए केसरिया रंग हमेशा से अछूत रहा है और इसके पीछे मुस्लिम तुष्टिकरण और राष्ट्रवादी हिन्दुत्व का दमन करने की मानसिकता जिम्मेदार है। यूं तो भगवा रंग पवित्रता जीवंतता सक्रियता निश्छलता का प्रतीक है भारतीय संस्कृति का आधार है शिवाजी की सेना का ध्वज राम कृष्ण और अर्जुन के रथों के ध्वज का रंग केसरिया ही था। भगवा रंग शौर्य बलिदान और वीरता का प्रतीक भी है। भगवा या केसरिया सूर्योदय और सूर्यास्त का रंग भी है मतलब हिन्दू की चिरंतन सनातनी पुनर्जन्म की धारणाओं को बताने वाला रंग है यह। जैसे हम सभी को पता है कि हिन्दू धर्म में सूर्य और अग्नि दोनों को पूजा जाता है। रौशनी और अग्नि बुराइयों को दूर करती है। केसरिया या पीला रंग सूर्य और अग्नि का प्रतिनिधित्व करता है। भगवा रंग सिर्फ हिंदू धर्म में ही आस्था का प्रतीक नहीं है। इस रंग को कई अन्य धर्मों में भी पवित्र माना जाता है। भगवा रंग का इस्तेमाल हिंदू के साथ ही बौद्ध धर्म और सिख धर्म में भी होता है। बौद्ध भिक्षु हमेशा भगवा कपड़ों में ही रहते हैं। सिख धर्म के अनुयायी भगवा पगड़ी को महत्व देते हैं गुरु ग्रंथ साहेब को भी भगवा वस्त्र में रखा जाता है। सिख धर्म की ध्वजा निशान साहेब भी भगवा रंग की है। पूरे झंडे को भगवा कपड़ों में ही लपेटकर रखा जाता है। भगवा रंग का हिंदू धर्म या कहें कि सनातन धर्म का हिस्सा बनने की कहानी भी बहुत पुरानी है। भगवा वास्तव में ऊर्जा का प्रतीक है। जीवन और मोक्ष को भगवा के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता। यह शब्द भगवान से निकला है। यानी भगवान को मानने वालों का भगवा रंग प्रतीक बन गया। अग्नि में आपको लाल पीला और केसरिया रंग ही अधिक दिखाई देगा। हिन्दू धर्म में अग्नि का बहुत महत्व है। यज्ञ दीपक और दाह-संस्कार अग्नि के ही कार्य हैं। अग्नि का संबंध पवित्र यज्ञों से भी है इसलिए भी केसरियाए पीला या नारंगी रंग हिन्दू परंपरा में बेहद शुभ माना गया है। कहा जाता है कि पुराने ज़माने में साधु संत जब मोक्ष की प्राप्ति के लिए निकला करते थे तब अपने साथ अग्नि को भी लेकर निकलते थे। यह अग्नि उनकी पवित्रता की निशानी बन जाती थी। पर हर समय अग्नि रखना कठिन था इसलिए अग्नि की जगह भगवा रंग के ध्वज को साधु संत लेकर चलने लगे फिर धीरे धीरे साधू संत केसरिया या कहें भगवा रंग के वस्त्र भी पहनने लगे। भगवा रंग में भारतीय संस्कृति हिंदू धर्म और जीवन पद्धति का संदेश छिपा हुआ है जिसे प्राचीन काल में मनीषियों ने अर्जित ज्ञान के बल पर अपनाया था। हिंदू धर्म के मनीषियों का मानना है कि रंगों का मानव जीवन पर असर पड़ता है। इसे जानकर ही कुछ विशेष रंगों को विशेष कार्यों में इस्तेमाल किया जाता है। हिंदू धर्म के मानने वाले भगवा केसरिया और नारंगी तीनों रंगों के ध्वज का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि गेरू और भगवा रंग एक ही है हालांकि केसरिया रंग में थोड़ा अंतर है। केसरिया में थोड़ा लालपन का प्रभाव होता है और भगवा में पीलापन। आप जानते हैं कि लाल पीला और नीला ही प्रमुख रंग होते हैं कोई रंग मद्धम पड़ता जाए तो सफेद हो जाएगा और गहरा होता जाए तो काला होता जाएगा बाकी तीन प्रमुख रंगों के मिश्रण से हजारों रंगों का निर्माण होता है।



**मनोज कुमार अग्रवाल**

## लघुकथा

### घमंड का फल

बहुत समय पहले एक जंगल में एक घमंडी हाथी था जो हमेशा छोटे जानवरों को धमकाता था और उनका जीवन कष्टदायक बनाता था। सभी छोटे जानवर उससे परेशान थे। एक बार वह अपने घर के पास के एंथिल (चींटी की मांद) में गया और चींटियों पर पानी छिड़का। ऐसा होने पर सभी चींटियाँ अपने आकार को लेकर रोने लगीं। क्यूँकि वह हाथी इनकी तुलना में काफ़ी बड़ा था और इसलिए वे कुछ नहीं कर सकती थीं। हाथी बस हँसा और चींटियों को धमकी दी कि वह उन्हें कुचल कर मार डालेगा। ऐसे में चींटियाँ वहां से चुपचाप चली गईं। फिर एक दिन, चींटियों ने एक सभा बुलायी और उन्होंने हाथी को सबक सिखाना तय किया। योजना के मुताबिक़ जब हाथी उनके पास आया तब वे सीधे हाथी की सूंड में जा घुसीं और उसे काटने लगीं। इससे हाथी केवल दर्द में कराह सकता था। क्योंकि चींटियां इतनी छोटी थी कि उनका हाथी कुछ नहीं बिगाड़ सकता था। साथ में उसकी सूंड के अंदर होने के कारण वह चाहकर भी कुछ नहीं कर सकता था। अब उसे अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने चींटियों और उन सभी जानवरों से माफी मांगी जिन्हें उसने धमकाया था। उसकी ये पीड़ा देखकर चींटियों को भी दया आयी और उन्होंने उसे छोड़ दिया।

## प्रेरक प्रसंग 'संगत का असर'

एक अध्यापक अपने शिष्यों के साथ घूमने जा रहे थे। रास्ते में वे अपने शिष्यों को अच्छी संगत की महिमा समझा रहे थे।

लेकिन शिष्य इसे समझ नहीं पा रहे थे। तभी अध्यापक ने फूलों से भरा एक गुलाब का पौधा देखा।

उन्होंने एक शिष्य को उस पौधे के नीचे से तत्काल एक मिट्टी का ढेला उठाकर ले आने को कहा।

जब शिष्य ढेला उठा लाया तो अध्यापक बोले इसे अब सूंघो।

शिष्य ने ढेला सूंघा और बोला गुरु जी इसमें से तो गुलाब की बड़ी अच्छी खुशबू आ रही है।

तब अध्यापक बोले बच्चो जानते हो इस मिट्टी में यह मनमोहक महक कैसे आई ?

**दरअसल इस मिट्टी पर गुलाब के फूल, टूट टूटकर गिरते रहते हैं, तो मिट्टी में भी गुलाब की महक आने लगी है जो की ये असर संगत का है और जिस प्रकार गुलाब की पंखुड़ियों की संगति के कारण इस मिट्टी में से गुलाब की महक आने लगी उसी प्रकार जो व्यक्ति जैसी संगत में रहता है उसमें वैसे ही गुणदोष आ जाते हैं।**

दरअसल इस मिट्टी पर गुलाब के फूल, टूट टूटकर गिरते रहते हैं, तो मिट्टी में भी गुलाब की महक आने लगी है जो की ये असर संगत का है और जिस प्रकार गुलाब की पंखुड़ियों की संगति के कारण इस मिट्टी में से गुलाब की महक आने लगी उसी प्रकार जो व्यक्ति जैसी संगत में रहता है उसमें वैसे ही गुणदोष आ जाते हैं। हमें सदैव अपनी संगत अच्छी रखनी चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### देश में चल रही डबल लू

एक तरफ तो सूरज के तेवर चढ़ते ही जा रहे हैं और जो सबको लू के थपेड़े मार रहा है। दूसरी ओर चुनावी गरमी परवान चढ़ती ही रही है। जिसमें हो सकता है कई नेता चुनावी लू की चपेट में आ जाएँ। प्राकृतिक गरमी हो या चुनावी राजनीतिक गरमी दोनों एक साथ देश की धरती पर उतरी है और एक साथ जून में विसर्जित भी हो जाएगी। किन्तु फिलहाल तो दोनों ही चरम पर बनी हुई है। ऐसा लग रहा है जैसे दोनों में प्रतिस्पर्धा ही चल रही हो तू तेज कि तुझसे ज्यादा मैं तेज. ? सी ही चुनावी गरमी पक्ष-विपक्ष के उम्मीदवारों के बीच प्रतिद्वंद्वी बनी हुई है। तू हारेगा मैं जीतूंगा की तरह। लू तो लू होती है। वो किसी को नहीं छोड़ती। जो उसकी चपेट में आ जाए तो फिर उसको तो लू लगना ही है। आम आदमी को लू लगती है तो उसकी लू आम आदमी/डॉक्टर ही अपने तरीके से उतारते हैं। किन्तु अगर किसी उम्मीदवार को चुनावी लू लगी है तो उसकी लू तो मतदाता ही उतारेंगे/झाड़ेंगे ईवीएम का बटन दबाकर। वैसे आम आदमी तो सिंगल होता है और उसकी लू तो आसानी से कोई भी उतार सकता है। किन्तु उम्मीदवार तो डबल (स्वयं व प्रतिस्पर्धी) होता है। तब अकेले मतदाता को अपने मत से एक की लू उतारनी होगी और दूसरे की लू झाड़नी होगी। ऐसे ही देश में एक ओर यूपीए का महागठबन्धन है तो दूसरी ओर है एनडीए का संगठन। देखना है मतदाता चुनावी समर में अपने मत का उपयोग करके जून में किसी लू झाड़कर विपक्षी बनाता है और किसकी लू उतारकर उसे सत्ता सौंपता है ? यह पांच साल का लेखाजोखा है। जो जून में नए रूप में सबके सामने आएगा और आने वाले पांच साल तक भारत की नई तस्वीर और मतदाताओं की नई तकदीर अपने कुशल कार्यों से लिखेगा।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ईमेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# आज हनुमान जयंती : करें इस कथा का पाठ, दुखों का होगा निवारण

देशभर में हनुमान जयंती का पर्व अधिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। हनुमान जयंती साल में दो बार मनाई जाती है। पहली चैत्र माह में और दूसरी दूसरी कार्तिक माह में। इस बार चैत्र माह में हनुमान जयंती आज मनाई जा रही है। हनुमान जयंती के दिन बजरंगबली की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही जीवन के दुखों से छुटकारा पाने के लिए व्रत भी किया जाता है। अगर आप भी भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं, तो आज व्रत करें और पूजा के दौरान कथा का पाठ करें। माना जाता है कि कथा का पाठ करने से साधक के जीवन में सुख और शांति का आगमन होता है। चलिए जानते हैं हनुमान जयंती व्रत कथा के बारे में। **हनुमान जयंती व्रत कथा :** पौराणिक कथा के अनुसार, अंजना एक अप्सरा थीं। उन्होंने श्राप की वजह से सृष्टि पर जन्म लिया। उनका यह श्राप तभी हट सकता सकता था। जब वह किसी संतान को जन्म देतीं। संकट मोचन भगवान हनुमान जी के पिता श्री केसरी थे। जो सुमेरु के राजा थे। अंजना ने संतान प्राप्ति के लिए भगवान महादेव की 12 वर्षों तक कठिन तपस्या की। इसके पश्चात उन्होंने हनुमान जी को जन्म दिया। मान्यता है कि भगवान हनुमान जी भगवान शिव के ही अवतार हैं।

**हनुमान जयंती 2024 शुभ मुहूर्त :** हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र शुक्ल पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 23 अप्रैल, 2024 दिन मंगलवार को सुबह 03 बजकर 25 मिनट पर होगी। इसके साथ ही इसका समापन 24 अप्रैल, 2024 दिन बुधवार सुबह 05 बजकर 18 मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए आज हनुमान जयंती मनाई जा रही है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर इन चीजों को न करें अनदेखा

भगवान हनुमान अष्ट चिरंजीवी में से एक हैं और भगवान श्री राम के बड़े भक्त हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान हनुमान पृथ्वी के प्रत्यक्ष देवता माने गए हैं। कहा जाता है कि हनुमान जन्मोत्सव पर उनकी पूजा के साथ प्रभु राम की पूजा जरूर करनी चाहिए। इससे पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। अगर आप हनुमान जी को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो इस दिन के कुछ नियम बनाए गए हैं उनका पालन जरूर करें, तो आइए जानते हैं - हनुमान जन्मोत्सव पर क्या करें - भगवान हनुमान की घी या चमेली के तेल से आरती करें। सिन्दूर और लाल रंग का चोला अर्पित करें। प्रसाद के रूप में बूंदी, बेसन के लड्डू और इमरती चढ़ाएं। हनुमान जयंती की पूजा के दौरान हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करें। बजरंगबली को लौंग और इलायची चढ़ाएं, इससे शनि दोष कम होता है। हनुमान जयंती पर भगवान श्री राम की विधिवत पूजा करें। हनुमान जन्मोत्सव पर क्या न करें - भगवान राम की उपेक्षा न करें, क्योंकि इससे बजरंगबली नाराज हो सकते हैं। इस दिन बंदरों को परेशान न करें। हनुमान जयंती पर नमक न खाएं, हालांकि फलहारी के रूप में मिठाइयों को खाया जा सकता है। तामसिक चीजों का सेवन भूलकर भी न करें। इस दिन हनुमान जी की पूजा के दौरान पंचामृत या चरणामृत का प्रयोग न करें। इस दिन किसी का भी अपमान करने से बचें।

इस दिन गलती से भी किसी के बारे में बुरा न बोलें।

हनुमान जी पूजन मंत्र-

1. **मनोजवं मारुततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥**
2. **ओम नमो हनुमते रूद्रावताराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्वरोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा।**
3. **ऊँ नमो हनुमते रुद्रावताराय विश्वरूपाय अमितविक्रमाय
प्रकट-पराक्रमाय महाबलाय सूर्यकोटिसमप्रभाय रामदूताय स्वाहा।**

## चैत्र पूर्णिमा पर भूलकर भी न करें ये काम




हिंदू नववर्ष की पहली पूर्णिमा चैत्र माह में पड़ती है। पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को चैत्र पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन हनुमान जंयती भी मनाई जाती है। आज यह पर्व है। चैत्र पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा और व्रत करने का विधान है। मान्यता है कि ऐसा करने से साधक के सभी दुख दूर हो जाते हैं। साथ ही स्नान-दान करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि इस दिन कुछ कार्यों को करने से इंसान को जीवन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चलिए जानते हैं चैत्र पूर्णिमा के दिन किन कार्यों को करने से बचना चाहिए।

**न करें ये काम :** चैत्र पूर्णिमा के दिन तामसिक भोजन और मांसाहार समेत आदि चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि चैत्र पूर्णिमा पर तामसिक भोजन का सेवन करने से इंसान के जीवन पर नकारात्मक असर पड़ता है। इस दिन महिलाओं और बड़े बुर्जुगों का अनादर नहीं करना चाहिए। चैत्र पूर्णिमा के दिन सुबह देर तक नहीं सोना चाहिए। पूर्णिमा के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और स्नान करने के बाद भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की उपासना करें। भगवान विष्णु को तुलसी बेहद प्रिय है। इसलिए पूर्णिमा के दिन गलती से भी तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए। ऐसा करना अशुभ माना जाता है। इसके अलावा पूर्णिमा की रात्रि को दही नहीं खानी चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि इससे चंद्र दोष लगता है। साथ ही जीवन में धन संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**चैत्र पूर्णिमा 2024 शुभ मुहूर्त :** अभिजीत मुहूर्त - सुबह 11 बजकर 53 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक, चंद्रमा उदय - समय शाम 06 बजकर 25 मिनट पर, चंद्रमा पूजा का समय - शाम 06 बजकर 25 मिनट के बाद

## ईश्वर प्राप्ति के लिए इन बातों को जीवन में जरूर करें आत्मसात : सद्गुरु

जीवन में हर कोई अपने सपनों को पूरा करने की सोचता है। आपका सपना जो कुछ भी हो, यह आपके अतीत का एक बढ़ा-चढ़ा रूप होता है। आप किसी ऐसी



चीज का सपना नहीं देख सकते, जिसे आप जानते नहीं हैं। तो आप जो जानते हैं, उसी के आधार पर आपको भविष्य में क्या करना है, यह तय करते हैं। जब आप पहले से जो जानते हैं, उसी से अपना भविष्य तय करते हैं, तो एक तरह से आप यह सुनिश्चित कर लेते हैं कि आपके साथ कभी भी कुछ नया नहीं होगा। भविष्य के लिए ऐसे सपने एक संभावना नहीं हैं, बल्कि निराशा हैं। आप भविष्य में अतीत की तलाश कर रहे हैं। आप वास्तव में वापस लौट रहे हैं, लेकिन आपको लगता है कि आप आगे बढ़ रहे हैं। किसी लक्ष्य के बिना बस यहां रहना ही एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। इसका मतलब सुस्त और शिथिल होना नहीं है। एक आध्यात्मिक प्रक्रिया का अर्थ है कि अभी जो कुछ भी हो रहा है, उसके साथ गहरी भागीदारी के साथ होना, लेकिन लक्ष्य के बिना। यदि आप इस तरह से यहां बैठने की हिम्मत रखते हैं कि कल जो कुछ भी होगा, मुझे मान्य है, लेकिन अभी मैं जो कुछ भी कर रहा हूं, उसे मैं सबसे अच्छे ढंग से करूंगा, तो आप स्वाभाविक रूप से आध्यात्मिक होंगे। कुछ साल पहले मैं कुछ साहसी लोगों के एक ग्रुप से मिला, जिन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटियों की चढ़ाई की थी। वे उत्तरी ध्रुव के पार चले गए, और उन्होंने सर्दियों में तीन महीने तक समुद्र के स्तर से बीस-बाईस हज़ार फीट की ऊंचाई पर चढ़ाई की। वे एक ऐसे स्थान पर रहना चाहते थे, जहां उन्हें पता न हो कि अगले क्षण क्या आ रहा है। वे मुझसे मिलने आए थे और हमारे एक स्वयंसेवक इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम के बारे में उन्हें बता रहे थे। मैंने सिर्फ इन लोगों को देखा और मैं जान गया कि मुझे उनके साथ तीन दिन बर्बाद करने की आवश्यकता नहीं थी। मैंने उनसे कहा कि बस मेरे साथ बैठो और अपनी आंखें बंद कर लो, बस और कुछ नहीं। सब कुछ बस एक शब्द भी बोले बिना हुआ। उन्होंने अपने जीवन में आध्यात्मिकता के बारे में कभी सोचा नहीं था, वे केवल रोमांच चाहते थे। वे उस तरह से जीना चाहते थे, जहां वे नहीं जानते कि अगला पल क्या लाएगा। मुझे उन्हें कुछ भी सिखाने की आवश्यकता नहीं थी, मुझे बस उन्हें प्रज्वलित करना था, क्योंकि वे पहले ही अच्छी तरह से तैयार थे। उनके शरीर अच्छे और स्वस्थ थे, दिमाग खुला हुआ था और किसी भी चीज के लिए तैयार था। बस इतने की ही आवश्यकता है। सहज रूप से रहने के लिए आप सृष्टा में विश्वास करके रह सकते हैं। सृष्टा पर भरोसा करने का अर्थ यह नहीं है कि आप भगवान से बात करते रहें। आप जहां भी बैठे हैं, आराम से हैं, इसी को विश्वास कहते है। क्योंकि ऐसी घटनाएं हुई हैं कि धरती फटी और उसने लोगों को निगल लिया। ऐसी घटनाएं हुई हैं कि आकाश से कुछ गिर गया और उन्हें कुचल कर मार डाला। ऐसी परिस्थितियां भी हुई हैं कि जिस हवा में लोगों ने सांस ली, उसी ने उनकी जान ले ली। यह गोल ग्रह तीव्र गति से घूम रहा है और सौरमंडल और आकाशगंगा की यात्रा कर रहा है। मान लीजिए कि धरती मां अचानक विपरीत दिशा में घूमना शुरू कर दें, तो आप जहां अभी बैठे हैं, वहां से उड़ जाएंगे। यहां आराम से बैठने, मुस्कुराने, सुनने या बात करने के लिए, आपको भरोसे की आवश्यकता है - बहुत सारा विश्वास। आध्यात्मिक प्रक्रिया में यह एक मौलिक कदम है।

## हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने से मिलते हैं ये फायदे

हर वर्ष चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है। हालांकि, हनुमान जयंती को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है क्योंकि वीर बजरंग बली आज भी सशरीर मौजूद हैं।

मान्यता है कि बजरंगबली आज भी सभी भक्तों की परेशानियों को पलक झपकते दूर कर देते हैं। इसलिए उन्हें संकटमोचक कहा जाता है।

उनके समक्ष कोई भी शक्ति नहीं टिक पाती है। हनुमान जन्मोत्सव का दिन हनुमान भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इसलिए इस दिन उपवास रखने के साथ-साथ पूरे विधि-विधान से उनकी पूजा भी की जाती है। इस दौरान कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम किए जाते हैं। साथ ही बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाता है।

सभी जानते हैं कि, हनुमान चालीसा के पाठ में बहुत शक्ति है। यह मन से डर को दूर करने में सहायता करता है। माना जाता है कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से व्यक्ति को अपने जीवन में कई लाभ भी मिलते हैं।

साथ ही कुंडली में मंगल दोष समेत राहु और केतु दोष से भी छुटकारा मिलता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, हनुमान चालीस का पाठ करने से और क्या लाभ मिलते हैं।

**मानसिक अशांति होती है दूर**

मान्यता है कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। साथ ही व्यक्ति के मन से भी हर तरह का डर भी दूर होता है। इसके अलावा चालीसा का पाठ करने से नकारात्मकता भी दूर होती है।

**मिलती है सफलता**

हनुमान चालीसा का पाठ करने से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। इसलिए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सच्चे दिल से चालीसा का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी तरक्की के नए मार्ग भी खुल सकते हैं।

**बीमारियों से मिलेगी मुक्ति**

यदि आप बीमारियों से घिरे हैं, तो सच्चे मन से हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से सेहत में सुधार देखने को मिल सकता है। साथ ही आपकी परेशानियों में भी कमियां आएंगी।

**आर्थिक स्थिति होती है बेहतर**

मान्यता है कि, दिन में 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ करने से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है। उसके काम और व्यापार में भी प्रगति होती है। रोजाना चालीसा का पाठ करने से प्रमोशन और तरक्की के योग बनते हैं।

**डर को दूर भगाएं**

हनुमान जी के सामने कोई भी शक्ति नहीं टिक पाती है। वह बहुत ही बलवान और ताकतवर है। इसलिए हनुमान चालीसा का पाठ करने की सलाह दी जाती है ताकी मनुष्य के मन से डर निकल सके।

## जीवन को सुखद बनाती हैं चाणक्य की ये बातें

जीवन को सुखी बनाने के लिए हर व्यक्ति प्रयास करता है। हालांकि, व्यस्तता से भरा दिनचर्या होने के कारण कुछ लोग अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। फिर सही समय निकल जाने के बाद व्यक्ति को केवल पछतावा होता है। इसलिए चाणक्य की नीतियों को जीवन में उतारने की सलाह दी जाती है। आचार्य चाणक्य की गणना महान विद्वानों में की जाती है। उन्होंने अपने नीतिशास्त्र में नौकरी, व्यापार, रिश्ते और जीवन से जुड़े हर विषय का उल्लेख किया है। आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति को भूलकर अपनी कमाई किसी को नहीं बतानी चाहिए। ऐसी बातों को साझा करने से आर्थिक नुकसान हो सकता है। साथ ही व्यक्ति दुखों से घिर जाता है। इसलिए अपनी इनकम के बारे में किसी को न बताएं। इंसान की जरूरतों की पूर्ति कभी नहीं होती है। उसे पूरा करने के लिए हर व्यक्ति दिन रात मेहनत करता है। जिस कारण वह अन्य कार्यों को करना भूल जाता है। इसलिए चाणक्य कहते हैं कि मनुष्य को अपनी जरूरतों को सीमित रखना चाहिए। ऐसा करने से न केवल धन की बचत होती है बल्कि सही तरीके से जीवन यापन भी होता है। गलतियों से सीखने वाला व्यक्ति हमेशा सफल बनता है। आमतौर पर गलतियों को छुपा लिया जाता है। जिस कारण कई बार झूठ का भी सहारा लेना पड़ता है। इसलिए व्यक्ति को न केवल अपनी बल्कि दूसरों की गलतियों से भी सीखना चाहिए। ऐसा न करने पर व्यक्ति बार-बार असफलताओं का सामना करता है। कुछ लोग धन लाभ की प्राप्ति के लिए गलत राह का चयन कर लेते हैं। ऐसा करना उचित नहीं है। आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति को हमेशा मेहनत से ही धन एकत्रित करना चाहिए। अनैतिक काम करने से कमाया गया धन आपके लिए हानिकारक हो सकता है।

## वास्तु के अनुसार घर में रखें ये शुभ चीजें

वास्तु शास्त्र, में ऐसी कई चीज बताई गई हैं, जिन्हें घर में रखने से व्यक्ति को जीवन में पॉजिटिव चेंज देखने को मिल सकता है।

ऐसे में यदि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में इन शुभ मानी गई चीजों को रखते हैं, तो इससे आपको धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। आइए जानते हैं कि वास्तु शास्त्र में घर में किन चीजों को रखना शुभ माना गया है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में लघु नारियल यानी श्रीफल जरूर रखना चाहिए। ऐसा करने से आपको अपनी आर्थिक स्थिति में लाभ देखने को मिल सकता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जिस घर में श्रीफल रखा जाता है, वहां मां लक्ष्मी जी का वास सदैव बना रहता है, जिससे साधक को धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता।



हिंदू धर्म में शंख को भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का प्रिय माना गया है। ऐसे में आप अपने मंदिर में वास्तु के अनुसार, शंख रख सकते हैं। माना जाता है कि मंदिर में शंख रखने से व्यक्ति को वास्तु दोष से छुटकारा मिल सकता है, जिससे धन संबंधी समस्याओं से भी मुक्ति मिलने लगती है।

वास्तु शास्त्र की मानें, तो घर में धातु का कछुआ रखना बहुत शुभ होता है। इसके लिए आप चांदी, पीतल या तांबे का कछुआ घर में रख सकते हैं। ऐसा करने से आपको आर्थिक तंगी से राहत मिल सकती है। शास्त्रों में कछुए को भगवान विष्णु का अवतार माना गया है। ध्यान रखें कि कछुए को घर की उत्तर दिशा में रखना चाहिए।

## इस दिन तुलसी पर जल चढ़ाने से आती है नकारात्मक ऊर्जा

हिंदू धर्म में देवी-देवताओं के अलावा पौधों की भी आराधना की जाती है।

कहा जाता है कि पेड़- पौधे भी भगवान का ही रूप हैं। मान्यता है कि तुलसी और शमी की पूजा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होकर आशीर्वाद बरसाती हैं। हिंदू धर्म में तुलसी पूजा का महत्व बताया गया है।

लगभग हर हिंदू के आंगन में तुलसी का पौधा लगा होता है। तुलसी की पूजा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। ऐसी मान्यता है रोज सुबह सूर्योदय के समय जल चढ़ाने से भक्तों की हर मुराद पूरी होती है।

भक्त रोजाना सुबह जल चढ़ाकर दीपक जलाकर विधिवत तुलसी पूजा करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हफ्ते में एक ऐसा दिन होता है जब तुलसी को जल नहीं चढ़ाना चाहिए। इससे नकारात्मक



ऊर्जा आती है। आइए आज हम आपको बताते हैं तुलसी में जल चढ़ाने के सही नियमों के बारे में..

**रविवार को न चढ़ाए तुलसी पर जल :** हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत ही शुभ माना जाता है। हर दिन तुलसी की पूजा करने से सुख- समृद्धि आती है। इससे धन लाभ भी होता है। लेकिन रविवार के दिन तुलसी में जल नहीं चढ़ाना चाहिए।

ये बहुत ही अशुभ माना जाता है। इससे मां लक्ष्मी बहुत नाराज होती हैं। रविवार को तुलसी में जल चढ़ाने से धन हानि होता है।

क्यों नहीं चढ़ाना चाहिए रविवार को

**तुलसी पर जल :** पौराणिक मान्यताओं के हिसाब से रविवार के दिन तुलसी माता, भगवान विष्णु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं।

इस कारण इस दिन उन्हें जल नहीं चढ़ाना चाहिए। कहते हैं इस दिन जल चढ़ाने से व्रत खंडित माना जाता है। इसलिए रविवार को तुलसी के पौधे में जल नहीं चढ़ाया जाना चाहिए। अगर आप भी तुलसी में जल चढ़ाते हैं तो अब ऐसा करना छोड़ दें। इससे घर में नकारात्मक उर्जा और कलेश आता है।

## दैनिक पंचांग लखनऊ, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024

श्री शुभ सम्वत् 2081 शके1946 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे शुक्ल पक्षे पूर्णिमा तिथौ मंगल वासरे 29/19/ चित्राा नक्षत्रे 22/32/ वज्र योग 28/56/ भद्रा करणे 16/22/ तुला राशिगत चन्द्रमा 09घं.19 मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार-भद्रा समाप्त घं.16 मि.22पर। चित्रा नक्षत्रयुता पूर्णिमा।

-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

| | |
|---|---|
| **मेष :** अत्याधिक यात्राएं थका सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग्य साथ देगा। संतान के विषय में चिंतित रहेंगे। | **तुला :** काम में अरुचि होगी। साथियों पर विश्वास कर अपना काय्र उन पर न छोड़ें। गृहस्थ नवीन में प्रसन्नता रहेगी। |
| **वृष :** जीवनसाथी अथवा मित्र से आर्थिक मामलों में सहयोग मिलेगा। व्यक्ति विशेष का सानिध्य, नियमित दिनचर्या रहेगी। | **वृश्चिक :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। कार्य व्यापार में सुधार होगा। गृहोपयोगी वस्तुओं की वृद्धि होगी। |
| **मिथुन :** किसी कार्य और आय की चिंता से ग्रासित होंगे। काम में रुकावटें पारिवारिक असंतोष के कारण भी होगी। | **धनु :** सक्षम लाभ होगा। रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी। वृद्ध परिजनों की चिंता रहेगी। रुके कार्यपूर्ण होंगे। |
| **कर्क :** समस्यओं के समाधान के लिए कठिन परिश्रम करेंगे। भविष्य के प्रति चिंतित रहेंगे। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। | **मकर :** कारोबारी साख बढ़ेगी। आत्मबल की वृद्धि होगी। संतान पक्ष अनुकूल रहेगा। अतिथि समागम होगा। |
| **सिहं :** जीवनसाथी के विचार व्यवहार से असहमति रहेगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दाम्पत्य जीवन प्रभावित होगी। | **कुंभ :** सब कुछ सामान्य होकर भी निराशा और एकाकीपन अनुभव करेंगे। काम में निराशा के साथ व्यस्तता बढ़ेगी। |
| **कन्या :** कार्यक्षेत्र में प्रभाव स्थापित होगा। किसी से टकराव करना अच्छा साबित नहीं होगा। शुभ कामों में व्यवधान उत्पन्न होंगे। | **मीन :** कार्यक्षेत्र में बौद्धिक और भावनात्मक गतिविधियों के साथ जन-सम्पर्क विशेष रहेगा। शेयर्स, सट्टा से अर्थलाभ होगा। |

## विवाह में क्यों जरूरी माना जाता है सिंदूरदान?

हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं द्वारा 16 शृंगार किया जाता है, जिन्हें सुहाग की निशानी के तौर पर देखा जाता है। सिंदूर भी इन्हीं में से एक है, इसे किसी भी सुहागिन महिला का सबसे जरूरी शृंगार समझा जाता है। विवाह के दौरान भी कन्यादान की तरह ही सिंदूर दान का विशेष महत्व समझा गया है। चलिए जानते हैं इसके पीछे का धार्मिक कारण।

**सिंदूर का महत्व**

सनातन परम्पराओं के अनुसार, सिंदूर को अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। साथ ही यह भी माना जाता है कि विवाहिता द्वारा रोजाना मांग में सिंदूर लगाने से वैवाहिक जीवन खुशहाल बना रहता है। इसलिए भारतीय संस्कृति में विवाहित महिलाओं द्वारा सिंदूर लगाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। यह भी माना गया है कि मांग में जितना लंबा सिंदूर होगा, जीवनसाथी की उम्र भी उतनी ही लंबी होगी। सिंदूर का रंग लाल होता है, जिसे हिंदू धर्म में प्रेम और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। शास्त्रों में माना गया है कि सिंदूर आपके वैवाहिक रिश्ते में मजबूती ला सकता है।

**इसलिए जरूरी है सिंदूर दान**

विवाह के दौरान जब वर, वधू की मांग में सिंदूर भरता है, तो इसे सिंदूर दान कहा जाता है। हिंदू शास्त्रों के मुताबिक सिंदूर दान की रस्म करने के बाद ही विवाह संपन्न माना जाता है। यह न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्व रखता है, बल्कि इसका ज्योतिष रूप से भी विशेष महत्व माना गया है। हमारे शरीर में 7 चक्र होते हैं, जिनका नियंत्रण सिर के उस हिस्से में होता है, जहां सिंदूर भरा जाता है।

ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, मांग के पीछले हिस्से में सूर्य विराजमान होते हैं। ऐसे में यदि मांग में सिंदूर भर जाए, तो इससे सूर्य की स्थिति मजबूत होती है। इसके साथ ही मेष राशि का स्थान भी माथे पर ही माना गया है, जिसके स्वामी मंगल ग्रह हैं। मंगल ग्रह के लिए भी लाल यानी सिंदूरी रंग ही शुभ माना गया है। इसलिए मांग में सिंदूर भरने से जीवन में सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस दृष्टि से भी सिंदूर दान को महत्वपूर्ण माना गया है।

**बोला जाता है ये मंत्र**

विवाह के दौरान जब सिंदूर दान किया जाता है, तो इस दौरान एक मंत्र पढ़ा जाता है, जो इस प्रकार है -

**सुमंगलीरियं वधूरिमां समेत पश्यत। सौभाग्यमस्यै दत्त्वा याथास्तं विपरेतन।।**



**अर्थ** - इस मंत्र में वर कहता है कि विवाह मंडप में उपस्थित सभी महिलाओं और पुरुषों के समक्ष मैं कन्या की मांग में सिंदूर भर रहा हूं। आप वधू को सुमंगली यानी कल्याणकारी होते हुए देखें। साथ ही हमें सौभाग्य और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें। हे वधू, तुम्हारे सौभाग्य को बढ़ाने वाले इस सिंदूर को मैं तुम्हें दान देकर अपना कर्तव्य पूर्ण कर रहा हूं, यह तुम्हारी विपरित स्थितियों में भी रक्षा करेगा।

## खबर एक नजर

### बेखौफ चोरों ने फिर उड़ाया नगदी समेत लाखों के जेवरात, रिपोर्ट दर्ज नहीं

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे व इलाके में बेखौफचोरों का आतंक जारी है। अभी कल ही बेखौफचोरों ने एक दुकान व दो घरों को निशाना बनाया था। पुलिस अभी संभल ही नहीं पायी थी कि बेखौफचोरों ने फिर कस्बे से जुड़े आदर्श नगर मजरे गोविन्दपुर वलौली गांव में चोरी की वारदात अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती है। चोर नगदी समेत लाखों रूपये के जेवरात पार कर ले गए। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर मजरे गोविंदपुर वलौली में चोरी की वारदात हुई है। पीड़िता सोनी चौरसिया पत्नी विजय चौरसिया ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर में बताया कि वह अपने गांव चिलौला गई हुई थी। पति विजय चौरसिया विदेश में रहते हैं। घर में ताला बंद था। इसी बीच मौका पाकर चोरों ने लाखों के जेवरात व नगदी पार कर ले गए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

### सर्वोदय शिक्षा निकेतन का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के पूरेओरी मजरे महाखेड़ा गांव स्थित यूपी बोर्ड प्रयागराज द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परीक्षार्थियों के चेहरे खिल गए।लालगंज तहसील अंतर्गत पूरे ओरी स्थित सर्वोदय शिक्षा निकेतन का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की तीन छात्राओं ने सर्वाधिक अंक लाकर न केवल अपने माता-पिता बल्कि स्कूल का नाम भी रोशन किया। विद्यालय प्रबंधक श्रीनिवास बाजपेई ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संस्था का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बताया कि विद्यालय की छात्रा विद्या सिंह ने 529 अंक अर्जित करके विद्यालय में पहला स्थान बनाया। वही दीपाली गौतम ने 515 अंक पाकर द्वितीय व सोनम यादव ने 505 अंक पाकर विद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान पर रहीं। संस्था के प्रबंधक ने बताया कि उनके विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के अल्प संसाधनों में पढ़ाई करने वाले बच्चों की संख्या अधिक है। संसाधनों के अभाव के बावजूद कभी बच्चो ने उन्हें निराश नहीं किया, बल्कि विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार बाजपेई व समस्त स्टाफने बच्चो को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

### लावारिस बुजुर्ग महिला का शव मिला

**रायबरेली।** सेमरीथाना क्षेत्र के बखत खेड़ा मजरे रमुवापुर दुबई में गंगा एक्सप्रेस वे के पास सोमवार सुबह 6 बजे खेतो में एक 70 वर्षीय लावारिस बुजुर्ग महिला का शव मिला। महिला का शव मिलने से आस पास हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस द्वारा महिला के शव की पहचान कराने के लिए आस पास लोगो से पूछताछ की पर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इस संबंध में खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त कराई जा रही है।

### सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**सतांव, रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग हुए सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जतुआ टप्पा सीएचसी ले जाया गया जहां उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की अपराह्न करीब 3 बजे शारदा सिंह 26 पुत्र विजेंद्र सिंह व प्रीतम सिंह पुत्र गुलाब निवासी मौरवां जनपद उन्नाव, रायबरेली से अपने घर जा रहे थे। सरैया गांव के पास सामने आ रहे टेंपो को ओवरटेक करने के प्रयास मे बाइक अनियंत्रित होकर टेंपो से टकरा गई जिससे दोनों बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दोनों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जतुआ टप्पा भेजा जहां उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही रविवार की देर शाम करीब 7.40 बजे घटी एक अन्य घटना में गुरुबक्शगंज चौराहे की निकट राजेश 40 पुत्र चंद्र भूषण व अनीता 35 पत्नी राजेश निवासी शंकर खेड़ा जनपद उन्नाव गुरुबक्श गंज चौराहे से सामान लेकर मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही है एक अनियंत्रित अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जतुआ टप्पा सीएचसी भेजा जहां उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### अज्ञात बोलेरो मोटरसाइकिल सवार युवक को मारी टक्कर

**रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के बाँदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित ओनई गाँव के समीप शिव ब्रिक फील्ड के सामने रविवार की देर शाम एक अज्ञात बोलेरो एक मोटरसाइकिल सवार 21 वर्षीय युवक को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। आस-पास मौजूद लोगों ने घायल युवक को इलाज हेतु सीएचसी जतुआ टप्पा पहुँचाया जहाँ हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार आदर्श सिंह 21 पुत्र रामकुमार सिंह निवासी ग्राम कोड़र मजरे सतांव किसी आवश्यक कार्यवश अपनी मोटरसाइकिल से रविवार की शाम लालगंज गया था। वापस घर आते समय शाम करीब 8 बजे ओनई गाँव के समीप शिव ब्रिक फील्ड के सामने अज्ञात तेज रफ्तार बोलेरो उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर फरार हो गई। आस.पास मौजूद लोगों ने घायल आदर्श को इलाज हेतु सीएचसी जतुआ टप्पा पहुँचाया जहाँ हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ आदर्श का इलाज जारी है।

### गंगा एक्सप्रेस वे लगे वाहन का पैसा हजम कर गया बिचौलिया

**रायबरेली।** गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में लगी एक एजेंसी में किराए पर लगाए गए चार पहिया वाहन बोलेरो का किराया बिचौलिया हजम कर गया है। रुपए मांगने पर वह वाहन स्वामी को धमका रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव मदारी दीन पुर निवासी सुरेंद्र कुमार का कहना है कि उसने अपनी बोलेरो जीप को ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव कजराबाद निवासी एक व्यक्ति के माध्यम से गंगा एक्सप्रेस वे में काम कर रही एक एजेंसी में किराए पर लगाया था। एजेंसी का काम खतम हुआ तो वह एजेंसी अधिकारियों के पास अपना किराया लेने पहुंचा, जहां उसे बताया गया कि जिस व्यक्ति के माध्यम से वाहन लगाया गया था, उसे पूरा भुगतान चुकता कर दिया गया है। इसके बाद वह बिचौलिए के पास पहुंचा तो उसने रुपए देने से इंकार कर दिया। पीडित का कहना है कि उसने उसके 49 हजार रुपए हड़प लिए हैं।

### दो बाईकों में भिड़ंत, एक की हालत नाजुक

**रायबरेली।** दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसकी हालत नाजुक है। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा सोमवार की दोपहर नगर के कोतवाली रोड पर बिजली घर के सामने हुआ है । क्षेत्र के गांव पूरे चंदी मजरे कंदरावा निवासी युवक बाइक से किसी काम से ऊंचाहार आया हुआ था । नगर के कोतवाली रोड पर विद्युत उपकेंद्र के सामने आगे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार से उसकी भिड़ंत हो गई । जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । आसपास के लोगों ने उसे उठाकर सीएचसी पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उधर दूसरे बाइक सवार को चोट नहीं आई, जिसके कारण वह अपने घर चला गया ।

### दो बाइको की टक्कर में दम्पति घायल

**बछरावां रायबरेली ।** सोमवार दोपहर जितेंद्र उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र भोला निवासी रत्नापुर अपनी पत्नी उर्मिला उम्र लगभग 24 वर्ष को लेकर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाछूपुर गांव जा रहे थे। इसी दरमियान लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर टोल प्लाजा के पास एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

## रेल कोच के डिप्टी सीएमई पर मातहत अधिकारी को पीटने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**वहीं डिप्टी सीएमई ने भी लगाया मातहत पर मारपीट का आरोप**

**मामले की आन्तरिक जांच की जा रही है। कौन पक्ष सही है और कौन गलत! जांच के बाद ही पता चल सकेगाः पीआरओ**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के डिप्टी सीएमई ने सोमवार को सीनियर सेक्शन इंजीनियर की लात घूंसों से पिटाई कर दी। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित कर्मचारी ने पुलिस को तहरीर दी है।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं डिप्टी सीएमई अमित कुमार सिंह ने भी मातहत अधिकारी पर अकारण और पहले मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि उन्हें भी चोटें आयी हैं। मेडिकल भी कराया है। आरेडिका में तैनात सीनियर सेक्शन इंजीनियर संतोष कुमार मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार को सुबह करीब १०:३० बजे वह अपने दफ्तर में था। तभी डिप्टी सीएमई अमित कुमार सिंह वहां पर आए और उसके विरुद्ध की गई शिकायत की उलाहना देते हुए मां बहन की गालियां देने लगे। मना करने पर उसे लात घूंसो से जमकर पीटा। जिससे उसके सिर और शरीर पर कई गंभीर चोटे आयीं। वह अचेत होकर फर्श पर देर तक लेटा रहा। साथी कर्मचारियों ने हालत बिगड़ती देख उसे इलाज के लिए एमसीएफ के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे सीएचसी के लिए रेफर कर दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं डिप्टी सीएमई अमित कुमार सिंह ने भी मातहत अधिकारी पर अकारण और पहले मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि उन्हें भी चोटें आयी हैं। मेडिकल भी कराया है। पुलिस के मुताबिक एक पक्ष की तहरीर मिली है। एक पक्ष के पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दूसरे पक्ष की अभी तहरीर नहीं मिली है। पीआरओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की आन्तरिक जांच की जा रही है। कौन पक्ष सही है और कौन गलत! जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

## अधेड़ की बाइक में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** बीती रात शादी समारोह से वापस घर लौट रहे अधेड़ की बाइक में अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बेटे गौतम लोधी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, यह घटना सरेनी भोजपुर मार्ग के महाराजपुर गांव की पुलिया के पास हुई। घटनास्थल पर बाइक के टूटे टुकड़े मिले हैं।इससे लोगों का अनुमान है कि मृतक बाइक के पीछे बैठा रहा होगा। घटना के बाद चालक बाइक लेकर भाग गया होगा। खीरों थाने के बसावन खेड़ा गांव का रहने वाला जियालाल लोधी उम्र करीब ६२ वर्ष पुत्र पंचम लोधी बीती रात श्रेणी थाने के जदईखेड़ा गांव के रहने वाले देव के घर में शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहा था जैसे उसकी बाइक भोजपुर सरेनी मार्ग के महाराजपुर गांव की पुलिया के पास पहुंची तो अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। इससे वह गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर बाइक के कुछ हिस्से मिले हैं जबकि बाइक गायब है। इससे लोगों का अनुमान है कि मृतक बाइक के पीछे बैठा रहा होगा। जब घटना घटी तो चालक बाइक लेकर फरार हो गया। महाराजपुर गांव के प्रधान शशिकांत तिवारी ने बताया कि वह सुबह ५.०० बजे टहलने जा रहे थे तो उसे मृतक पड़ा देखा तो पुलिस को घटना की जानकारी दी।

## अत्यधिक जल दोहन और सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग पृथ्वी के लिए घातक-अरविंद श्रीवास्तव

**विश्व पृथ्वी दिवस पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हुए कार्यक्रम**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राइज़िंग चाइल्ड स्कूल में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। शहर के प्रभुटाऊन स्थित विद्यालय में प्राइमरी और जूनियर विंग के बच्चों ने लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अनेकों प्रस्तुतियां दी। पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त रखने तथा अत्यधिक जल दोहन से बचाव के लिए बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और अत्यधिक जल दोहन से पृथ्वी पर ख़तरा तेज़ी से बढ़ता जा रहा है, जिसको रोकना सभी का सामूहिक दायित्व है। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक सबके जीवन के लिए बहुत घातक होती है, जिसका सभी को बहिष्कार करना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि हरे पेड़ो की अत्यधिक कटान से पृथ्वी पर तेजी से जलवायु संकट पैदा हो रहा है, जिससे पृथ्वी असुरक्षित होती जा रही है, पृथ्वी को रहने लायक़ बनाए रखने के लिये, लोगों को जागरूक करना सभी का सामूहिक कर्तव्य है।

सृष्टी, तेजस, वेदांश, आराध्या, शौर्य, आविशी, अर्निका, पार्थ, अयंतिका, यथार्थ, एंजल आदि बच्चों ने स्लोगन, नाटिका एवं समूह नृत्य के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का आह्वान किया।

## गांधी परिवार ने रायबरेली वासियों को छला-अजय अग्रवाल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** गांधी परिवार ने रायबरेली वासियों को केवल छला है, उनका कोई आर्थिक अथवा शैक्षणिक विकास नहीं किया। यह बात भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने दिनशाह गौरा मण्डल द्वारा ग्राम हसउपुर में आयोजित एक नुक्कड़ सभा में बतौर मुख्य अतिथि कही। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि रायबरेली का नाम विश्व पटल पर सभी जानते हैं परंतु आकर देखते हैं तो लगता है कि कांग्रेस ने अपने ७० साल के शासनकाल में इस क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया जबकि १९५२ से यहां गांधी परिवार के ही लोग ज्यादातर सांसद रहे तथा प्रधानमंत्री तथा सुपर प्रधानमंत्री भी यही से रहे। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि यदि इनको अपनी जनता की चिंता होती तो रायबरेली आज एक अति विकसित छेत्र होता। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि उन्होंने रायबरेली को नोएडा की भांति विकसित करने का व्रत लिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से वह इसको पूरा करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा के संकल्प पत्र की विस्तार से जानकारी दी तथा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को रायबरेली में अधिक से अधिक मतों से जिताने की अपील की। सभा में भाजपा के दिनशाह गौरा मंडल अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, शक्ति केन्द्र संयोजक लालबहादुर पटेल, बूथ अध्यक्ष रामू पटेल तथा हरिकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में सास की मौत, बहू की हालत गम्भीर

**रायबरेली।** पूर्णागिरी दर्शन करने जा रही सास बहू को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिन्हे आनन-फानन में कमाण्ड हास्पिटल लखनऊ ले लाया गया जहां डाक्टरों ने सास को मृत घोषित कर दिया। वहीं गम्भीर रूप से घायल बहू का इलाज चल रहा है। घटना से परिजनो का रो-रोकर बूरा हाल है। रविवार को शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पिपरी गांव के रहने वाले हैं श्रद्धालु पिपरी निवासी पूर्व सैनिक सुशील कुमार व उनके भाई अनिल कुमार अपने २ निजी चार पहिया गाड़ियों से परिवार के साथ मां पूर्णागिरी दर्शन करने जा रहे थे तभी रास्ते में लखीमपुर खीरी जिले में लघु शंका के लिए रुके इसी बीच अनिल की पत्नी संतोष कुमारी अपनी वृद्ध सास वन्दना उम्र ९० वर्ष के साथ गाड़ी से नीचे उतरी कि किसी अज्ञात वाहन ने दोनो को जोरदार टक्कर मारकर जिससे दोनो गम्भीर रुप से घायल हो गई। दोनो को निजी साधन से कमाण्ड हॉस्पिटल लखनऊ लाया गया जहां डॉक्टरों ने वन्दना उम्र ९० वर्ष पत्नी स्वर्गीय शिव नारायण को मृत घोषित कर दिया वहीं मृतका की बहू संतोष कुमारी का इलाज चल रहा है। सोमवार को मृतका वन्दना का अंतिम संस्कार गांव में किया गयाएमृतका का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया जिससे सभी की आंखें भारी। शिवगढ़ थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि किसी के द्वारा कोई सूचना नहीं मिली है। घटनास्थल गैर जनपद की है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला, में विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के द्वारा हमारे कल को बेहतर बनाने के लिए आज को हरा भरा रखना जरूरी है,इसके लिए पेड़ों की कटान रोककर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना ,पानी की बचत करना और वातावरण को शुद्ध रखना, जैसे संकल्पों को दोहराती हुई एक लघु नाटिका विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गयी, जिसमें छात्रा दीपशिखा ,स्वास्तिका, भाव्या व इशिता, फि ज़ा, आराध्या की क्रमशः पृथ्वी माँ और पेड़ों भूमिकाओं ने कार्यक्रम को रोचक बना दिया। कार्यक्रमों की श्रंखला में चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, व्यर्थ वस्तुओं का पुन: उपयोग आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है और वह हमारे लिए माता तुल्य है, उसका आदर, सम्मान व पूजा करना प्रत्येक मानव का धर्म है। पृथ्वी के बिना मानव जीवन की परिकल्पना संभव नहीं है, पृथ्वी ही हम सबका आधार है और उसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक है जिसका उद्देश्य पृथ्वी पर बढ़ रहे प्लास्टिक पॉलूशन के विषय में लोगों को जागरूक करना ही पर्यावरण संरक्षण संबंधी जरूरी कदम है। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आराधना और अंशी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं , विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सौम्य, सभ्यता, सरलता और वीरता की धरती है खीरो-मनोज पाण्डेय



**संकीर्ण और सीमित विचारधारा वाले लोग भारत का नेतृत्व नहीं कर सकते।**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** वि०खं० खीरों, हरचन्द्रपुर, ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पाण्डेय ने विकास खण्ड खीरों के ग्राम हथिगवां, भीतरगांव, पाण्डेय का पुरवा, चौधराइय का पुरवा, खीरों, उन्नत खेड़ा, दुकनहा, मेड़ौली, दसवमऊ, टिकवामऊ बरवलिया आदि ग्राम सभाओं में आयोजित पारिवारिक मिलन, स्वमिलन कार्यक्रमों में हिस्सा लियाए डेढ दर्जन से अधिक स्थानों पर श्री पाण्डेय का स्वागत अभिनंदन व माल्यार्पण किया गया। पारिवारिक मिलन, स्वमिलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा श्री पाण्डेय ने कहा कि जनता के विष्वास को बनाये रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों की होती है, जनता नेताओं की बात पर विष्वास कर उन्हें सर आंखों पर बैठाने का काम करती है, लेकिन धोखा खाने के बाद उसके हाथ निराशा ही रह जाती है, भावनाओं के नाम पर रायबरेली के लोगों को वोट लेकर ठगने का काम कियाए आजादी से आज तक रायबरेली की भोली-भाली जनता ने विश्वास कर समर्थन और सहयोग करने का काम किया, लोग पलटकर कभी जनता की समस्याओं और दुखों की तरफ देखना नहीं चाहा। श्री पाण्डेय ने सवाल उठाया कि बड़ी परियोजनाओं के नाम पर विकास नहीं होता है, बल्कि परियोजनाओं का नाम लेने से जनता की भागीदारी नहीं होती बल्कि आम लोगों के परिवार उन परियोजनाओं से पल्लवित होते हैं।

श्री पाण्डेय ने कहा कि उन्हे सौभाग्य मिला है कि वह रायबरेली जनपद के नेता नहीं है बल्कि बेटा हैं, इसलिए इस परिवार के सुख-दुख की जिम्मेदारी अन्तिम सांस तक निभाता रहूंगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बीमारू देश और बीमारू राज्य से बाहर लाकर भारत को एक स्वस्थ देश में स्थापित किया है। आज देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र पर विश्वास करती है इसलिए कि उन्होने देखा है कि उनकी कथनी और करनी में अन्तर नहीं होती है। संकीर्ण और सीमित विचारधारा वाले लोग भारत का नेतृत्व नहीं कर सकते। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीलू सिंह ब्लाक प्रमुख खीरों, हरिओम मिश्रा, राजन शुक्ला, धीरज, मोनू, जग्गा लोधी, राजेश पाल, राजू शुक्ला, राजू तिवारी, आदर्श सिंह, देवेश शर्मा, संजय निर्मल, मुन्नू मिश्रा, शिवशंकर गुप्ता, गुडडू दीक्षित, पवन द्विवेदी, बचानी द्विवेदी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से संविदा बिजली कर्मी की मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** सरेनी थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव में रविवार की रात को बिजली लाइन में आई खराबी ठीक करने गए एक संविदा कर्मचारी की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथी कर्मचारियों ने बिजली विभाग पर सुरक्षा उपकरण न उपलब्ध कराने का आरोप लगाते हुए हादसे पर दुख व्यक्त किया। जानकारी के मुताबिक सरेनी थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव निवासी राकेश कुमार पासवान (४५) बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन पद पर कार्यरत था। वह नीबी फीडर में रविवार की देर रात करीब ग्यारह बजे आई गड़बड़ी को ठीक करने गया था। इसी दरमियान ग्यारह हजार केवी की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी कांती पासवान, बेटी अंजलि दो बेटे आयुष और अंकुश को रोता बिलखता छोड़ गया। साथी कर्मचारियों ने कर्मचारी की असमय मौत पर दुख व्यक्त किया। वहीं बिजली विभाग पर सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराने को लेकर आक्रोश जताया है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि विभाग सेफ्टी किट उपलब्ध कराता तो कर्मचारी की जान बच सकती थी। बताया कि विभाग की लापरवाही के कारण इससे पहले भी इस तरह की कई घटनाएं घट चुकी हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## गंगा एक्सप्रेस वे का ठेकदार उसका खेत खोदकर उठा ले गया मिट्टी

**रायबरेली।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे में मिट्टी की खोदाई का काम कर रहे ठेकेदारों को मनमानी करने में किसी का भी खौफ नहीं हैं। गांव गांव मानक से अधिक खोदाई करके कुएं बना रहे हैं तो बिना किसान की अनुमति के जबरन उनका खेत तक खोद डालते है । क्षेत्र के एक किसान के साथ ठेकेदारों ने तो हद कर दी है। यह किसान ग्राम प्रधान भी है। किसान के पिता की मौत पर उसका पूरा परिवार शोक में डूबा था। मौका पाकर ठेकेदार ने उसके पूरे खेत को खोदकर कुएं में तब्दील कर दिया है।

परेशान किसान ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव जुगराजपुर का है। गांव के नरेंद्र यादव गांव के प्रधान है। कुछ दिन पूर्व इनके पिता रामसजीवन की मृत्यु हो गई थी। जिसके कारण पूरा परिवार शोक में डूबा था। यह पिता के अंतिम संस्कार और उनकी तेरहवीं आदि में व्यस्त थे। इस बीच मौका पाकर गंगा एक्सप्रेस वे में मिट्टी की आपूर्ति कर रहे ठेकेदारों ने उनकी ६ विश्वा जमीन में बीस फिट की गहराई में खोद डाला। यही नहीं रातों रात ठेकेदार पूरी मिट्टी डंफरो से उठा ले गया। बाद में जब किसान को मामले की जानकारी हुई तो उसने पता करना शुरू किया तो बताया गया कि सुरेंद्र कुमार और दीपक मेहरा नामक ठेकेदारों ने रात में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया है। पीड़ित ने ठेकेदारों से संपर्क किया तो उन्होंने किसान को ५० हजार रुपए मुआवजा देने का आश्वासन दिया, किंतु बाद में कोई भुगतान किसान को नहीं दिया गया है। अब इस प्रकरण में किसान ने ठेकेदारों के विरुद्ध डीएम से पोर्टल पर शिकायत की है।

## पेयजल की समस्या है बेहिसाब

**रायबरेली।** गर्मी का सितम वैसे तो अप्रैल माह के प्रारंभ में ही शुरू हो गया था लेकिन, महीने के मध्य की तपिश ने बेहाल कर दिया है। ऐसे में पेयजल की डिमांड बढ़ी है। हालात ये हैं कि गांवों में सुविधाएं सुलभ कराने वाले ब्लाक मुख्यालय में लगे इंडिया मार्का हैंड पाइप ही खराब पड़े हुए है। मुख्यालय आने वाले लोगों को हलक तर करने के लिए भटकना पड़ रहा है। गांवों में लगे इंडियामार्का हैंडपंप खराब होने से ग्रामीणों की मुश्किल बढ़ गई है। हालात ये हैं कि सरकारी कार्यालय परिसर में लगे हैंडपंप भी ठीक नहीं हो सके हैं। विभागीय सर्वे में क्षेत्र के हजारों हैंड पाइप खराब है। ये हैंड पाइप दूषित जल दे रहे हैं तो कहीं इनमे सालों से पानी की एक बूंद भी नही टपकी है। ऊंचाहार क्षेत्र में पेयजल की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ब्लाक मुख्यालय में लगे दो इंडिया मार्का हैंड पाइप सालों से खराब हैं । ब्लाक मुख्यालय आने वाले पंचायत प्रतिनिधि और आम जनता को हलक तर करने के लिए इस भीषण गर्मी में भटकना पड़ता है। ब्लाक के अधिकारी और कर्मचारी अपने लिए आर ओ का पानी मंगवाते हैं, किंतु आम जनमानस के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। खंड विकास अधिकारी कामरान नेमानी का कहना है कि इंडिया मार्का हैंड पाइपों का रिबोर होना है । इसके लिए प्रक्रिया चल रही है।

## रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज के प्रबंधन द्वारा किया गया शिक्षकों एवं मेधावियों का सम्मान

**स्वतंत्र भारत संवाद**

हैदरगढ़ बाराबंकी । कस्बा स्थित रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रबंध तंत्र द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह एवं संस्थापक अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं का माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान देकर और विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्रा हाई स्कूल एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिद्धिमा मिश्रा नैंसी रावत अनुष्का सिंह चौहान रुचि रावत मानसी यादव रितिका गुप्ता सुभा चौधरी आयुषी



वर्मा वासु मिश्रा आयुष प्रताप सिंह आंचल तिवारी कृतिका शर्मा अनमोल पांडे अजय साहू अंकित कुमार रीती अवस्थी, अंशिका सोनी सोनाक्षी मिश्रा कीर्ति राजपूत स्मृता वैश्य, अभिनव प्रताप सिंह अर्पित मिश्रा अंशिका मिश्रा अमित यादव प्रज्वल तिवारी शशांक वाजपेई अभय तिवारी आदि छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया और साथ ही साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर बीडीओ ने दिलाई मतदान की शपथ

**स्वतंत्र भारत संवाद**

हैदरगढ़ बाराबंकी। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विकासखण्ड-हैदरगढ़ में मतदाताओं को जागरूक करने एवं पर्यावरण को मजबूत बनाने हेतु विकासखण्ड परिसर के साथ-साथ प्रत्येक बूथ पर दो फलदार/औषधीय वृक्ष लगाये गये। जिसका उद्देश्य लोकतन्त्र रूपी वृक्ष को मजबूत बनाना है। जिससे जनता को स्वतंत्रता, समानता, बन्धुता, लोक कल्याण, समता, सुशासन एवं न्याय का फल मिलना सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर विकासखण्ड परिसर में खण्ड विकास अधिकारी-हैदरगढ़ श्री संजीव कुमार गुप्ता द्वारा वृक्षारोपण किया गया और धरती को बचाने का संदेश देते हुए 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करते हुए भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर ए डी ओ सहकारिता विजय सिंह, मोहित चतुर्वेदी (आई०एस०बी०), धर्मेन्द्र





कुमार स०वि०अ० (स०क०) ज्ञानेन्द्र कुमार स०वि०अ० (कृषि) श्रीमती सोनल सिंह ए०पी०ओ०, सुरेन्द्र सिंह प्रधान प्रतिनिधि मंगौवा, अनिल सिंह प्रधान कुड़वा, कुलदीप सिंह प्रधान अन्दउमऊ, सुशील कुमार प्रधान घरकुइया नीलेश कुमार प्रधान गोतौना व विकासखण्ड के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय बहुता स्थित मतदान केंद्र 229 230 एवं 231 पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के नोडल प्रभारी राहुल कुमार शुक्ला के अलावा बी एल ओ, शिक्षकों एवं ग्रामीणों द्वारा लोकतंत्र रूपी वृक्ष पर प्रतीकात्मक रूप से वोट रूपी जल डालकर स्वस्थ लोकतांत्रिक पर्यावरण विकसित करने की अपील भी की गई। इसी तरह हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथो पर अध्यापकों ग्रामीणो छात्र छात्राओं द्वारा एक साथ मिलकर फलदार एवं औषधीय पौधों को रोपित कर उनकी सुरक्षा तथा शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली गई।

## फास्ट न्यूज़

### डीएम सेकिसान ने की घटतौली की शिकायत, जांच की मांग

**स्वतंत्र भारत संवाद**

बाराबंकी।धर्मकांटों पर एक ही वस्तु का अलग-अलग वजन निकलने से लोग असमंजस में हैं। पैसा कमाने की होड़ में धर्मकांटा संचालकों ने भी घटतौली का रास्ता अपना लिया है।कमाऊ रवैये से लोगों का इनकी तौल से भी भरोसा खत्म होता जा रहा है। एक किसान ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर इनकी जांच कराने की मांग की है।रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र अंतर्गत भिटरिया के रवि धर्मकांटा व हैदरगढ़ रोड स्थित मारुति धर्मकांटा सहित विभिन्न जगहों पर व्यापारियों, किसानों को सही वजन चेक करने के लिए धर्म कांटे स्थापित हैं।मालिनपुर गांव निवासी किसान नागेंद्र सिंह ने बताया कि गेंहू भरी ट्रॉली का सही वजन कराने के लिए कस्बे के हैदरगढ़ रोड स्थित कंप्यूटरीकृत मारुति धर्मकांटे पर लेकर आए,जहां उसका वजन 47.55 क्विंटल तथा दूसरे मारुति धर्मकांटा पर 47.65 क्विटल निकला,जबकि रवि धर्मकांटे पर उसी का वजन 48.05 क्विटल निकला।तीनों कांटों पर निकले अंतर की बात किसान की समझ में नहीं आई।किसान अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।घटतौली का शिकार इससे पहले भी कई किसान हो चुके है।एसडीएम राम आसरे ने बताया कि धर्म कांटों पर अगर ऐसा हो रहा है तो पूरे मामले की जांच होगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई भी होगी।

### जीजीआईसी में बनेगा पोस्टल वोटिंग सेंटर

**स्वतंत्र भारत संवाद**

बाराबंकी। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों के क्रम में विभिन्न कर्मियों एवं विभागों को आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत अधिसूचित कर दिया है। इन विभागों के कर्मचारी पोस्टल बैलेट की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पोस्टल बैलेट के लिए राजकीय बालिका विद्यालय में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया जाएगा जहां पर दिनांक 13, 14 एवं 15 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से सांय पांच बजे तक पोस्टल वोटिंग होगी। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आवश्यक सेवाओं के कर्म जो 20 मई 2024 को मतदान दिवस पर अपनी ड्यूटी को कारण मतदान करने की स्थिति में नहीं हैं तथा पोस्टल बैलेट की सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे फार्म 12-डी को भरकर सम्बंधित विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर जमा कर सकते हैं। नोडल अधिकारी इन फार्मों को सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को भेज देंगे। ये फार्म दिनांक 30 अप्रैल तक रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत किए जा सरते हैं। इस क्रम में जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, डाक विभाग, परिवहन विभाग, रेलवे, ऊर्जा विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कार्पोरेशन, दूरदर्शन, आकाशवाणी, भारत संचार निगम, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के साथ साथ मान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवश्यक सेवाओं की सूची में शामिल किया गया है।

## रत्नाकर सिंह के निधन पर कांग्रेसी शोकाकुल

**स्वतंत्र भारत संवाद**

बाराबंकी। सादगी, सरलता, की प्रतिमूर्ति, विनम्र व्यवहार के धनी लोकप्रिय रामनगर के राजा रत्नाकर सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे उनके निधन से जनपद में ऐसी अपूर्णनीय क्षति हुयी है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनके आकस्मिक निधन पर कांग्रेस परिवार के साथ अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। ओबरी स्थित आवास पर रामनगर के राजा रत्नाकर सिंह की याद में आयोजित शोकसभा में मुख्य रूप में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, सुरेश यादव, के0सी0 श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, संजीव मिश्रा, सिंकन्दर अब्बास रिजवी, वीरेन्द्र प्रताप यादव, सैय्यद सुहैल अहमद, राम हरख रावत, दिलशाद वारसी, फरहान किदवाई, अजय रावत, संतोष रावत, कमल भल्ला, अखलेश वर्मा, शबनम वारिस, सहित दर्जनों कांग्रेस जन थे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

### गंभीर घायल पति पत्नी व बच्चों सहित पांच लोग ट्रामा सेंटर रेफर

**स्वतंत्र भारत संवाद**

हैदरगढ़ बाराबंकी। थाना लोनी कटरा अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर अलग-अलग स्थान एवं समय पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में पति पत्नी व बच्चों सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए इन दुर्घटनाओं में घायल पाच लोगों को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है। पहली सड़क दुर्घटना में लखनऊ से हैदरगढ़ की ओर आ रही एक बाइक के डिवाइडर से टकरा जाने से बाइक पर सवार दम्पत्ति व तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना सतरिख के तीर गांव निवासी अपनी पत्नी एवं तीन बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से हैदरगढ़ में आयोजित एक तिलक समारोह में हिस्सा लेने के लिए आ रहे थे जब



उनकी मोटरसाइकिल दोपहर बाद लगभग ढाई बजे लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर थाना लोनी कटरा क्षेत्र के दहिला चौराहे पर खानपुर मोड़ के पास पहुंची तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में तीनों बच्चों और दंपति को गंभीर चोटें आई । सूचना पाकर मौके पर पहुंची लोनी कटरा पुलिस द्वारा निजी वाहन से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते सुनील कुमार पुत्र कामता, पत्नी सीमा देवी,पुत्र अक्षय 8 वर्ष, अभिषेक 10 वर्ष को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया वहीं इस दुर्घटना में घायल परी पुत्री सुनील कुमार उम्र 4 वर्ष का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है। दूसरी दुर्घटना में निमंत्रण वितरण के लिए घर से निकला कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत गिरवर सिंह का पुरवा निवासी अनिल पांडे पुत्र बाल गोविंद शाम लगभग 4 बजे जब त्रिवेदीगंज चौराहे पर लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे क्रॉस कर रहा था उसी समय विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात मारुति वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अनिल पांडे को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद अनिल को भी गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## मेधावियों को मिल रही बधाइया

**स्वतंत्र भारत संवाद**

हैदरगढ़ बाराबंकी । विकास



खंड हैदरगढ़ के गौरा गांव निवासी गायत्री प्रसाद मिश्र के पौत्र आर्यन मिश्रा और पौत्री आर्या मिश्रा ने श्री साइन इंटर कॉलेज लखपेड़ा बाग बाराबंकी से पढ़ाई करते हुए हाई स्कूल की परीक्षा में क्रमशः 95.5 प्रतिशत एवं 95% अंक लाकर अपने परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में नाम रोशन किया है विद्यालय परिवार के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगो ने उनके निज निवास पर पहुंचकर उज्जवल भविष्य के साथ शुभकामनाएं प्रदान की है।

## मनरेगा ने बदली महिला मजदूरों की जीवन शैली : बृजेश त्रिपाठी

**स्वतंत्र भारत संवाद**
**पाटेश्वरी प्रसाद**

बाराबंकी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने भले ही गांव की तस्वीर बदलने में पूरी तौर पर कारगर न हो पायी हो,पर घर की चैखट में कैद महिला मजदूरों के हाथों को रोजगार देने के साथ ही उनकी जीवन शैली को बदलने में काफी हद तक कामयाबी हासिल कर ली। कस्बों से सुदुर गांव और तराई इलाके के गांवों में केन्द्र सरकार की बहुआयामी योजना मनरेगा काफी हद तक सफलता के सोपान तक पहुंची। नतीजा यह रहा कि गांव की गलियों में कल तक काम के लिए छायी उदासी अब संपन्नता की बरसात लेकर आयी है। जिले में हजारों की तादात में ऐसी महिला मजदूर हैं, जिनके पास कल तक काम का अकाल था। शहर जाकर काम करना इनके लिए मुश्किल भरी राह थी लेकिन मनरेगा ने इनकी तकदीर व तस्वीर दोनो बदल दी।



## सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौत,पत्नी गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद**

हैदरगढ़ बाराबंकी। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर चौबिसी के निकट मोटरसाइकिल के असंतुलित होकर पलट जाने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि उसकी नव विवाहिता पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही हैं। जानकारी के अनुसार थाना सुबेहा अंतर्गत पूरे रघुवर मजरे कोलवा गांव निवासी 22 वर्षीय पिंटू पाल सोमवार की देर शाम अपनी पत्नी ज्योति 19 वर्ष को लेकर हैदरगढ़ से घर वापस आ रहा था की तभी चौबिसी गांव के निकट बाइक असंतुलित होकर पलट गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय बाइक बाइक काफी रफ्तार में थी जिससे बाइक के असंतुलित होकर सड़क पर गिरने के बाद दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पाकर पहुंची एन एच आई की एंबुलेंस द्वारा दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा पिंटू पाल को मृत घोषित कर दिया गया जबकि दुर्घटना में हाथ फैक्चर होने एवं अस्पताल में अस्थि रोग विशेषज्ञ ना होने की वजह से युवती को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।



### और हाथों की मेहंदी उतरने से पहले ही उजड़ गया मांग का सिंदूर

पता चला है कि सड़क दुर्घटना में मृत हुए पिंटू पाल का विवाह गत 3 मार्च को हैदरगढ़ कोतवाली के सालपुर गांव निवासी रामकुमार पाल की पुत्री ज्योति 19 वर्ष के साथ हुआ था। आज सुबह मृतक अपनी पत्नी को लेकर ससुराल साले आशीष पाल के तेल पूजन समारोह में हिस्सा लेने आया था और समारोह में हिस्सा लेने के बाद वापस मोटरसाइकिल से घर जा रहा था कि तभी लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर चौबिसी कस्बे के आगे अज्ञात वाहन द्वारा ओवरटेक करते समय मोटरसाइकिल असंतुलित होकर पलट गई। मृतक भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता बताया जा रहा है।

## महाविद्यालय में स्नातक की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाद**

जैदपुर, बाराबंकी। हरख गाँव में स्थित संत कवि बाबा बैजनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए ऑन-लाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ गीता मेहरा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक स्तर पर बी० कॉम प्रथम वर्ष (60 सीट) बीएससी गणित (60 सीट) बीएससी जीव विज्ञानं (60सीट) एवं बीए में आठ विषयों में 480 सीट एवं परास्नातक स्तर पर एम् कॉम प्रथम वर्ष (60 सीट) एमएससी-गणित (60 सीट) एवं एसएससी विज्ञानं (40 सीट) पर प्रवेश शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क पर लिया जाएगा। प्राचार्या ने बताया कि यह राजकीय महाविद्यालय शहर से मात्र 8 किलोमीटरकी दुरी पर स्थित है। महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा निति के अनुरूप छात्रों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना महाविद्यालय की शीर्ष प्राथमिकता है। महाविद्यालयमें स्मार्ट क्लास,डिजिटल लाइब्रेरी,कंप्यूटर लैब,जिम,बहुदेशीय हॉल,स्टेडियम,वाई-फाई कैंपस, उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाएं आदि उपलब्ध है। इस वर्ष महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओ को छात्रवृति एवं स्मार्ट फोन और टेबलेट वितरित किया गया।

## श्री साई इंटर कॉलेज में मेधावियों ने मतदान के लिए किया जागरूक

**स्वतंत्र भारत संवाद**

जैदपुर, बाराबंकी। 20 मई रखें ध्यान बूथ पर आएं करें मतदान थीम पर हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की मैरिट में आए श्री साईं इंटर कॉलेज के छात्राओं ने अभिभावकों को जागरूक किया। सुव्यस्थित मतदाता शिक्षा एंव निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए श्री सांईं इंटर कॉलेज के छात्राओं द्वारा कॉलेज में आए अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। हाईस्कूल की मैरिट सूची में आई नाईला उबैद,निशात अख्तर,जुनैरा,शला परवीन,इंटरमीडिएट की मैरिट में आई तहमीद राईस,आसमा शेख,जूली वर्मा,प्रिंस आदि ने अपने अपने एतबार से मतदान करने के लिए अपील की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक डीके वर्मा ने मैरिट में आने वाले सभी छात्रों का जोरदार स्वागत आसमान सग गिरते हुए फूलों से कराया।

## चुनाव में रिश्वत दे सूचना, होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**स्वतंत्र भारत संवाद**

बाराबंकी। जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से सम्बन्धित भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171-ख के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिये उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से, नकद या वस्तु के रूप में, कोई परितोष देता है या लेता है, वह एक वर्ष के कारावास या जुमार्ने या दोनो से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 (ग) के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थ या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी भी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुमार्ने या दोनों से दण्डनीय है। निर्वाचकों को रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के विरूद्ध मामले दर्ज कराने तथा निर्वाचकों को डराने व धमकाने में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए जनपद की प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 03-03 उड़न दस्ता टीम का गठन किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने जनपद के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे कोई रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने व धमकाने के मामलों की जानकारी है तो वह जनपद स्तर पर प्रभागीय वनाधिकारी, प्रभारी अधिकारी उड़न दस्ता एवं स्टैटिक सर्विलॉस टीम के कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल 05248-222526 पर सूचना दे सकता है।

## पृथ्वी दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करते हुए किया गया वृक्षारोपण

**स्वतंत्र भारत संवाद**

जैदपुर बाराबंकी। पृथ्वी दिवस के अवसर विभिन्न संगठनों एव



ग्राम पंचायातो में मतदाता जागरूकता के लिए लोकतंत्र वृक्ष सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित किये गये। ग्राम पंचायत मुबारक मे खण्ड विकास अधिकारी मसौली डा संस्कृता मिश्रा ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए मतदान की शपथ दिलाई। इससे पूर्व लोकतंत्र वृक्ष पर प्रतीकात्मक रूप से वोट रूपी जल डालकर स्वस्थ लोकतांत्रिक पर्यावरण विकसित करने की अपील की गयी। बीडीओ ने कहा कि यह जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में यह अभिनव कॉन्सेप्ट रहा कि प्राकृतिक पर्यावरण के दिवस को स्वस्थ लोकतांत्रिक पर्यावरण से जोड़ा जाए ताकि नागरिकों को निर्वाचन व मतदान का महत्त्व मालूम हो सके। कार्यक्रम में काफी संख्या मे महिलाओं की भागीदारी रही। इस मौके एडीओ आईएसबी मदन गोपाल कन्नौजिया, बीईओ पीआरडी विकास तिवारी सचिव जैसराम गाम प्रधान कान्ती देवी रोजगार सेवक हेमंत प्रताप वर्मा स्थापना लिपिक अनिल कुमार दुबे प्रदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम मे ग्राम पंचायत प्यारेपुर सरैया ,चिलौकी ,टेरादौलतपुर चन्दवारा नियामतपुर मे कार्यक्रम आयोजित कर मतदान की शपथ ली गयी। दी लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट इण्डिया द्वारा संचालित टी. एल. एम. हॉस्पिटल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया , इस कार्यक्रम में बोलते हुए सोशल वर्कर मुमताज अहमद ने कहा कि " पृथ्वी पर जीवन तब तक है ,जब तक पर्यावरण सुरक्षित एवम् संतुलित है , पर्यावरण को बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 वृक्ष लगाना अनिवार्य है।

## रामनगर धमेडी स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह का निधन

### अंतिम दर्शन कर विदाई देने वाले लोगों का लगा रहा तांता

**स्वतंत्र भारत संवाद**

रामनगर बाराबंकी। रामनगर धमेड़ी स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह का बीमारी के चलते निधन हो गया।वे 59 वर्ष के थे। वह लगभग एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। सादगी सरलता एवं अपने स्वभाव के चलते वह पूरे जनपद में खासा लोकप्रिय थे। राजा श्री सिंह के निधन का समाचार फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए अमर सदन रामनगर में लाया गया जहां हजारों की संख्या मे लोगों ने पंहुच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके नाती 5 वर्षीय ब्रजेश्वर पाल सिंह ने उन्हे मुखाअग्नि दी। राजा रत्नाकर सिंह मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के दामाद थे जो बीते 10 माह से बीमार चल रहे थे।काफी इलाज हुआ मगर ठीक नही हो सके। मृदु भाषी व मिलनसार स्वभाव के चलते वे आम जनता में काफी लोक प्रिय थे। रामनगर पी जी कालेज उन्हीं की दान दी गई जमीन पर बना है जब कि थाना,ब्लॉक व तहसील भवन भी उन्ही की जमीनो पर बने हैं। वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव भी रहे तथा कांग्रेस से विधान सभा चुनाव भी लड़ा था। उनकी दादी व पिता नगर पंचायत रामनगर के अध्यक्ष रहे। रामनगर कस्बे की प्राचीन रामलीला स्वयं के खर्चे से परम्परागत तरीके से हर साल करवाते थे। शादी विवाह में गरीबो की मदद करने में सदैव आगे रहते थे। भगवान श्री राम के मंदिर बनने पर वे बहुत खुश थे।दिसंबर 2023 में जब वे कुछ स्वस्थ्य हुए थे तो महादेवा आकर लोधेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर खुशी मना गए थे। उनके निधन पर उनके ससुर पूर्व सीएम मध्य प्रदेश



दिग्विजय सिंह,साले पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक जय वर्धन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राज रानी रावत नगर पंचायत अध्यक्ष रामनगर रामशरण पाठक,पूर्व विधायक शरद अवस्थी ,पूर्व सांसद पी एल पुनिया,पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप,एम एल सी अंगद सिंह, सहित पूरे जिले से हजारों लोगों व कई स्टेटो के राजा महराजाओ की भीड़ उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने पंहुची। उनका अंतिम संस्कार रामनगर स्थित उनकी फुलवारी मे हुआ।

## पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक : डॉ हीरालाल

**स्वतंत्र भारत संवाद**

जैदपुर बारावंकी । आगा खाँ फाउण्डेशन, वाटर ऐड, एक्शन ऐड, सी०एम०एस०, इरिगेशन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा दिनाक 22 अप्रैल 2024 को अर्थ डे के अवसर पर "प्लेनेट बनाम प्लास्टिक" पर एक गोष्ठी का आयोजन लिनियज होटल, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ० हीरा लाल, अध्यक्ष एवं प्रशासक, ग्रेटर शारदा सहायक परियोजना, राज कुमार प्रबन्ध निदेशक स्वच्छ भारत मिशन उ०प्र०, राजीव यादव अपर आयुक्त ग्रेटर शारदा, गीता गाँधी किंगडन प्रेसिडेन्ट सी०एम०एस० तथा पदमश्री सुधा सिह द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुये




पदम ?श्री सुधा सिंह द्वारा पानी की आवश्यकताओं पर बल देते हुये प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने का आवाहन किया। गीता गाँधी किंगडन द्वारा विश्व के परिप्रेक्ष्य में प्लास्टिक कचरे को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने इस सदर्भ में विशेष रूप से नदियों, तालाबो आदि में डाले जा कचरे को साफ करने की जरूरत को बताया, जो कि पर्यावरण को दूषित कर रहा है। राजीव यादव अपर आयुक्त द्वारा इस अवसर पर बोलते हुये कहा कि वर्तमान युग, एक प्लास्टिक युग की भाँति हो गया है। प्लास्टिक रसायन के



कारण ब्रेन, हृदय, पैरालाइसिस जैसी बीमारियों हो रही है। प्लास्टिक एक स्लो प्वाइजन है, जो मानव स्वास्थ्य और पृथ्वी के स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित कर रहा है। डॉ० हीरा लाल, अध्यक्ष एव प्रशासक द्वारा विभिन्न जिलों से आये हुये मीडिया कर्मियों से आवाहन किया कि प्लास्टिक के बारे में जागरूकता फैलाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इस कार्य मे मीडिया सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जितना आक्सीजन लेता है उसको उतनी ऑक्सीजन वर्षभर में उसको उत्पन्न करनी चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जितना पानी का प्रयोग करता है उसको उतना वर्षा का जल रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का प्रयोग कर बचाना चाहिए। उन्होंने मीडिया कर्मी अपने अपने जिलों में इस विषय का प्रचार प्रसार करे कि प्लास्टिक हमारे और हमारे पृथ्वी के लिए कितना खतरनाक है। इस विषय में समाज को जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है तभी हम पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त कर सकते हैं। इस अवसर पर चार समूह परिचर्चा भी किये गये।

# राजस्थान ने मुंबई को 9 विकेट से रौंदा

## संदीप शर्मा के पंजा के बाद यशस्वी जयसवाल ने ठोका शतक




**नई दिल्ली।** 22 अप्रैल संदीप शर्मा के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हराकर प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए. इस जीत से रॉयल्स के आठ मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर चार अंक की मजबूत बढ़त बना ली है. मुंबई के आठ मैच में तीन जीत से सिर्फ छह अंक हैं और टीम सातवें स्थान पर चल रही है. मुंबई के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल (नाबाद 104) ने जोस बटलर (35) के साथ पहले विकेट के लिए 74 और कप्तान संजू सैमसन (28 गेंद में नाबाद 38, दो छक्के, दो चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 रन की अटूट साझेदारी जिससे रॉयल्स ने आठ गेंद शेष रहते एक विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की. जायसवाल ने 60 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और सात छक्के मारे। मुंबई इंडियन्स ने इससे पहले तिलक वर्मा (45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 65 रन) के अर्धशतक और निहाल वढेरा (49) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 99 रन की साझेदारी से खराब शुरुआत से उबरते हुए नौ विकेट पर 179 रन बनाए. वढेरा ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और तीन चौके मारे. रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए. युजवेंद्र चहल (48 रन पर एक विकेट) और आवेश खान (49 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को जायसवाल और बटलर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 61 रन जोड़कर शानदार शुरुआत दिलाई. बटलर ने मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के पहले ही ओवर में लगातार दो चौके मारे जबकि जायसवाल ने गेराल्ड कोएट्जी पर छक्का जड़ने के बाद इसी ओवर में दो और चौके मारे. दोनों बल्लेबाजों ने छठे ओवर में तुषारा परेरा पर दो-दो चौके भी मारे जिसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा जो लगभग 40 मिनट के विलंब के बाद दोबारा शुरू हुआ. पीयूष चावला ने बटलर को बोल्ड करके मुंबई को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने 25 गेंद का सामना करते हुए छह चौके मारे. जायसवाल ने चावला की गेंद पर चौके और फिर एक रन के साथ 31 गेंद में सत्र का पहला अर्धशतक पूरा किया. वह हालांकि इसी ओवर में भाग्यशाली रहे जब लॉन्ग ऑफ पर निहाल वढेरा ने उनका कैच टपका दिया और गेंद छह रन के लिए चली गई. जायसवाल ने नबी पर छक्के के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। कप्तान संजू सैमसन ने भी इस ओवर में छक्का मारा।

सैमसन ने पंड्या पर भी छक्का मारा लेकिन इसी ओवर में भाग्यशाली रहे जब लांग ऑफ पर टिम डेविड कैच लपकने में नाकाम रहे. जायसवाल ने बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ 15वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया. रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में सिर्फ 29 रन की दरकार थी और जायसवाल तथा सैमसन ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। जायसवाल ने इस बीच कोएट्जी पर छक्के और फिर तिलक वर्मा की गेंद पर एक रन के साथ 59 गेंद में शतक पूरा किया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई इंडियन्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में छह रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (06) और इशान किशन (00) के विकेट गंवा दिए. बोल्ट के पारी के पहले ओवर में ही बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रोहित गेंद को हवा में लहरा गए और विकेटकीपर संजू सैमसन ने आसान कैच लपका। अगले ओवर में संदीप ने इशान को कप्तान सैमसन के हाथों कैच कराके मुंबई को दूसरा झटका दिया. सूर्यकुमार यादव (10) ने बोल्ट पर दो चौके मारे लेकिन संदीप की गेंद को मिड ऑन पर रोवमैन पावेल के हाथों में खेल गए. मोहम्मद नबी (23) ने आवेश खान की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके लगाए जिससे टीम ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए. चहल नबी को अपनी ही गेंद पर लपककर आईपीएल में 200 विकेट के आंकड़े को छूने वाले पहले गेंदबाज बने और मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 52 रन किया।

वर्मा और वढेरा ने इसके बाद पारी को संवारा। वर्मा ने रविचंद्रन अश्विन पर छक्का और आवेश पर चौका मारा जबकि वढेरा ने चहल की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए. वढेरा ने अश्विन की गेंद पर दो रन के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर आवेश पर दो छक्कों के साथ उनके ओवर में 19 रन बटोरे।



### हमने शुरुआत में ही खुद को मुश्किल में डाल लिया : पंड्या

मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नौ विकेट की करारी हार के बाद स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज और गेंदबाजों दोनों मुकाबले में अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रहे। मुंबई के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी जायसवाल (नाबाद 104) ने नाबाद शतक जड़ने के अलावा जोस बटलर (35) के साथ पहले विकेट के लिए 74 और कप्तान संजू सैमसन (28 गेंद में नाबाद 38, दो छक्के, दो चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 रन की अटूट साझेदारी की जिससे रॉयल्स ने आठ गेंद शेष रहते एक विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल ने 60 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और सात छक्के मारे। मुंबई इंडियन्स ने इससे पहले तिलक वर्मा (45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 65 रन) के अर्धशतक और निहाल वढेरा (49) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 99 रन की साझेदारी से खराब शुरुआत से उबरते हुए नौ विकेट पर 179 रन बनाए। रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। पंड्या ने मैच के बाद कहा, ''हम शुरुआत में ही खुद को मुसीबत में डाल लिया लेकिन तिलक और निहाल जिस तरह खेले, वह शानदार था। हमने पारी का अंत उम्मीद के मुताबिक नहीं कर पाए और इसलिए हमने 10 से 15 रन कम बनाए।''

#### इंडिया के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला पर बोले पीसीबी प्रमुख

## अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है। लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा।

नकवी ने कहा, ''देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'' उन्होंने कहा, ''फिलहाल चैंपियन्स ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं।'' दोनों टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंततः एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में होना था। नकवी ने फरवरी में दुबई में आईसीसी बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात की थी।

## अंपायर से बहस करना विराट को पड़ा महंगा, भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान अंपायर से बहस करना महंगा पड़ गया है। कोहली पर आईपीएल की आचार संहिता के मामले का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 50 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर ने रविवार को ईडन गार्डेंस पर खेले गए मैच में आरसीबी को एक रन से हराया था। आरसीबी की आईपीएल 2024 के सीजन में आठ मैचों में यह सातवीं हार थी। केकेआर और आरसीबी के बीच मैच के दौरान कोहली के आउट होने पर विवाद खड़ा हो गया था और कोहली ने थर्ड अंपायर के फैसले से नाराजगी जताई थी। केकेआर ने इस मैच में आरसीबी के सामने जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस क्रीज पर उतरे और दोनों बल्लेबाजों ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन कोहली तीसरे ओवर में हर्षित राणा की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली ने रिव्यू लिया, लेकिन अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया। तीसरा ओवर करने आए हर्षित ने पहली ही गेंद पर ऑफ स्टंप की कमर के ऊपर से फुलटॉस डालकर कोहली को हैरान किया। कोहली उस गेंद को ऑन साइड में मोड़ना चाहते थे, लेकिन उन्होंने बल्ले का मुंह पहले मोड़ दिया और गेंद अंदरुनी किनारा लेकर सीधे हर्षित के हाथ में गई। कोहली ने तुरंत ही डीआरएस लिया। कोहली का मानना था कि गेंद कमर के ऊपर आई है और इसे नो बॉल करार दिया जाना चाहिए। हालांकि टीवी अंपायर ने हॉक आई सिस्टम का सहारा लिया और उनके अनुसार कोहली क्रीज से आगे बढ़े थे इसलिए कोहली को आउट दिया गया, लेकिन कोहली तीसरे अंपायर के फैसले से निराश हुए।

## बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे नडाल

**नई दिल्ली।** महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता। नडाल ने बयान में कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।'' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप टीम के बीच खेली जाती है।

## प्लेसी और सैम पर आईपीएल में आचार संहिता के उल्लंघन पर लगा जुर्माना

नयी दिल्ली । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाये गए थे। आईपीएल ने एक बयान में कहा ,'' रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'' यह आरसीबी का सत्र का पहला अपराध था। दूसरी ओर कुरेन पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिये मैच फीस का आधा जुर्माना लगाया गया। यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है। आईपीएल की विज्ञप्ति में कहा गया ,'' कुरेन ने आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2 . 8 के तहत लेवल एक का अपराध किया है।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.914 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरू | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

# अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई



**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा।

चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिज़ूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे। तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके। मैट हेनरी को लखनऊ के लिये पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे। स्पिन गेंदबाजी में कृणाल पंड्या के दो विकेट बीच के ओवरों में काफी अहम रहे। एक बार फिर उन पर और युवा रवि बिश्नोई पर बीच के ओवरों में चेन्नई पर दबाव बनाने का दारोमदार होगा।

लखनऊ सुपर जाइंट्स : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्स : महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# शेयर बाजार में सेंसेक्स 560 अंक चढ़ा, निफ्टी 22300 के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स लगातार दूसरे सेशन में बढ़त के साथ बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों का सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 560.29 (0.76त्न) अंकों की बढ़त के साथ 73,648.62 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों का सूचकांक एनएसई निफ्टी एक बार फिर 22300 का स्तर पार कर गया और 189.41 (0.86त्न) अंकों की बढ़त के साथ 22,336.40 पर बंद हुआ।

**नवाचार संयोजन:** कलर्स लक्ष्मी नारायण के दिव्य दर्शन देने के लिए राम की पैड़ी घाट पर एक नवीन और बहु-आयामी 4डी एंगेजमेंट मंदिर की स्थापना की है, ताकि लोगों को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के अद्भुत दर्शन का विविध अनुभव प्राप्त हो सके। इस मनमोहक मंदिर के रूप में, एक विशाल 12 फीट का 4डी लक्ष्मी नारायण मंदिर निर्मित किया गया है और दर्शक इसका आनंद 20 अप्रैल से 23 अप्रैल तक केवल राम की पैड़ी घाट पर उठा सकते हैं।

**श्रृंखला विस्तार:** यूपी इंटरमीडिएट परीक्षा रिजल्ट 60 राज्य व 530 डिस्ट्रिक्ट टॉपर्स देकर विद्याकुल ने दोहराया इतिहास । लगातार चार वर्षों से, विद्याकुल ने 92प्रतिशत का ऐतिहासिक उत्तीर्ण प्रतिशत प्रदर्शित किया है। विद्याकुल के सह-संस्थापक और सीईओ, तरुण सैनी ने कहा, हमें चौथी बार यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में हमारे छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर बेहद गर्व है।

**नेचुरल डायमंड:** नेचुरल डायमंड काउंसिल पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए उद्योग ऐसे कदम उठा रहा है, जिनसे सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़े। अर्थ डे पर अग्रणी हीरा निर्माताओं और नेचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) के इंडस्ट्री पार्टनर्स रोजी ब्लू, शिवम ज्वेल्स, ज्वेलेक्स, डाएंको और डायरफ ने अपने प्रयासों से प्रकृति पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को सामने रखा।रोजी ब्लू ने 'रोजी ब्लू गोइंग ग्रीन' के नाम से बेहतरीन रणनीति तैयार की है।

**वृद्धि दर्ज़ की:** रिलायंस जियो का एकल आधार पर शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 5,337 करोड़ रुपए रहा। कंपनी की परिचालन आय चौथी तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 25,959 करोड़ रुपए रही।

# आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड के भुगतान पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।**आप भी क्रेडिट कार्ड के जरिए मकान या दुकान का किराया, सोसायटी शुल्क, ट्यूशन फीस, वेंडर शुल्क आदि का भुगतान करते हैं तो अब आपकी मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। आरबीआई के इन भुगतान पर आपत्ति जताने के बाद से क्रेडिट कार्ड के जरिए किए जाने वाले कुछ भुगतान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक क्रेडिट कार्ड के तहत किए जाने वाले भुगतान को लेकर बड़ा फैसला कर सकता है। सूत्रों की मानें तो क्रेडिट कार्ड से होने वाले मकान या दुकान के किराए, सोसायटी शुल्क, ट्यूशन फीस, वेंडर शुल्क आदि के भुगतान के विकल्प हटाए जा सकते हैं। आरबीआई ने इन भुगतानों पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि क्रेडिट कार्ड को ग्राहक के किसी कारोबारी को व्यावसायिक भुगतान कर पाने के लिए बनाया गया। न की व्यक्तिगत तौर पर होने वाले भुगतान के लिए। पिछले कुछ सालों में क्रेडिट कार्ड से ये सब भुगतान की संख्या काफी बढ़ी है।

लेकिन जल्द ही इस पर रोक लगाई जा सकती है। आरबीआई का कहना है कि व्यावसायिक भुगतान के अलावा अन्य भुगतान करने के लिए भुगतान प्राप्त करने वाले को भी कारोबारी खाता खुलवाना पड़ेगा। आरबीआई ने कहा कि दोनों के नियमों और मानकों में काफी अंतर है, इसलिए इसका पालन करना आवश्यक भी है।

**पिछले साल 1.5 लाख करोड़ का हुआ था भुगतान**

पिछले कुछ वर्षों में लोगों के क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल करने का आंकड़ा बढ़ा है। आरबीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछली फरवरी में क्रेडिट कार्ड से लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का भुगतान हुआ। प्रतिवर्ष इसमें 26 फीसदी की वृद्धि भी हुई। लेकिन इस 1.5 लाख करोड़ रुपये के भुगतान में ट्यूशन फीस, किराए का भुगतान, सोसायटी



शुल्क का भुगतान आदि प्रतिशत ज्यादा था।

**क्रेडिट कार्ड धारकों को ऐसा है फायदा**

क्रेडिट कार्ड धारकों को भुगतान करने में कई फायदे होते हैं। पहला सबसे अहम फायदा यही है कि हाल फिलहाल नगद न होने पर भी क्रेडिट कार्ड से भुगतान कर सकते हैं। इससे उन्हें भुगतान करने के बाद भी 50 दिन का अतिरिक्त समय मिल जाता है। दूसरा फायदा यह कि कई क्रेडिट कार्ड कंपनियां भुगतान करने पर कैशबैक या रिवार्ड अंक देती हैं। तीसरा फायदा यह भी है कि कई कंपनी खर्च की लिमिट के हिसाब से वार्षिक शुल्क भी माफ कर देती हैं।

**अलर्ट मोड पर आए बैंक**

आरबीआई के आपत्ति जताने के बाद से बैंक अलर्ट हो गए हैं। बैंक की ओर से भी इस भुगतान को रोकने की कोशिश शुरू हा गई है। कई बैंक की ओर से कुछ भुगतान पर रिवार्ड अंक देना बंद हो गया है। कई बैंक ने वार्षिक शुल्क माफ करने के लिए खर्च की लिमिट से किराया, ट्यूशन फीस भुगतान का विकल्प हटा दिया है।

**इस तरह किया जा रहा था इस्तेमाल**

पिछले कुछ वर्षों से कुछ फिनटेक कंपनी ने क्रेडिट कार्ड के जरिए भुगतान करने का विकल्प ग्राहकों को दिया था। इसके लिए क्रेडिट कार्ड धारक का एस्क्रो खाता खुलवाया जाता है। कार्ड से कुछ धनराशि इसमें डाली जाती है। इसके बाद दुकान या मकान का किराया मकानमालिक के बैंक खातों में भेज दिया जाता है। इस सुविधा के लिए फिनटेक कंपनी भी एक से तीन प्रतिशत का शुल्क वसूला करती हैं।





# अमेठी-रायबरेली से राहुल-प्रियंका का लड़ना तय!

## पर्यवेक्षकों ने संभाली कमान, बूथों की मानीटरिंग शुरू

## आराधना मिश्र मोना, एवं किशोरी लाल शर्मा ने संभाला मोर्चा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नेहरू एवं गांधी परिवार का गढ़ मानी जाने वाली अमेठी, रायबरेली सीट पर बना संस्पेंस अब खत्म होने वाला है। इन दोनों सीटों पर राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है। क्योंकि इन दोनों सीटों पर केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में आराधना मिश्र मोना, एवं किशोरी लाल शर्मा पहुंच गये हैं। सूत्रों के अनुसार इसी सप्ताह इन दोनों नेताओं की नामों की घोषणा हो जायेगी।





प्रदेश की अमेठी और रायबरेली कांग्रेस की परंपरागत सीट एवं गढ़ माना जाता है। पिछले चुनाव में राहुल गांधी को अमेठी सीट से हार का सामना करना पड़ा था। जबकि रायबरेली सीट पर सोनिया गांधी ने जीत हासिल की थी। सोनिया गांधी के राज्यसभा जानने

के बाद रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की अटकलें फिर तेज हो रही है। बात अमेठी की करें तो बीजेपी ने यहां पर फिर स्मृति ईरानी को उतारा है। वह प्रचार के दौरान सीधे राहुल गांधी पर हमला कर रही है। इससे भी यह साफ हो गया कि राहुल गांधी ही अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी द्वारा यहां पर प्रवक्ता पुनीत पाठक एवं प्रियंका गुप्ता को समन्वयक के रूप में भेजा जा चुका है। अब मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी विधान मण्डल दल नेता आराधना मिश्र मोना पहुंच गयी है। यहां पर बैठके एवं सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। मालूम हो कि 1967 में यह सीट अस्तित्व में आयी तब से लेकर अब केवल तीन बार कांग्रेस को यहां पर हार का सामना करना पड़ा। यहां से संजय गांधी एवं उनकी पत्नी मेनका गांधी और पिछले चुनाव मे राहुल गांधी भी चुनाव हार चुके हैं। जबकि पूर्व में राहुल गांधी यहां से कई चुनाव जीत चुके हैं। साथ ही इसे लेकर संगठन को बूथ स्तर तक चुस्त दुरूस्त करने का काम पूर्व एमएलसी दीपक सिंह देख रहे हैं। चर्चा यह भी है कि राहुल गांधी वायनाड से सांसद है और वह दोबारा वहां से चुनाव लड़ रहे हैं। वहां 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न होने के साथ ही राहुल गांधी अमेठी पर पूरा फोकस करेंगे।

इसी तरह रायबरेली सीट भी कांग्रेस का अमेघ दुर्घ माना जाता है। यहां से भी आजादी के बाद से अब तक केवल तीन चुनाव ही कांग्रेस हारी है। बाकी यहां पर कांग्रेस की ही लहर रही। यहां से इंदिरा गांधी 3 बार, फिरोज गांधी दो बार तथा सोनिया गांधी चार बार सांसद रह चुकी है। यहां से सांसद सोनिया गांधी ने त्यागपत्र दे दिया है और राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी है। यहां से गांधी परिवार से प्रियंका गांधी का चुनाव लड़ना भी लगभग तय माना जा रहा है।

केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पर किशोरी लाल शर्मा कैंप कर रहे हैं। साथ ही यहां पर प्रदेश प्रवक्ता सुधा मिश्रा एवं सुरेश पासी कई दिनों से समन्वयक के रूप में कार्य कर देख रहे हैं। इस तरह इन दोनों सीटों पर संगठन को मजबूत करने के लिए हर बूथ पर 11 सदस्यीय टीम तैयार है। जिसकी बैठकें भी लगभग हो चुकी है। साथ ही कार्यकर्ताओं की टीम कांग्रेस की 25 गारंटियां को लेकर घर घर दस्तक देकर लोगों को एकजुट करने का काम कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया सलाहकार अशोक सिंह ने बताया कि अमेठी और रायबरेली सीट को लेकर पार्टी गंभीर है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती देने के साथ ही लगातार बैठकें एवं जन संवाद कार्यक्रम चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमेठी से राहुल गांधी एवं रायबरेली से प्रियंका गांधी ही चुनाव लड़ेंगी। इसकी घोषणा भी जल्द हो जायेगी। यहां से यह दोनों नेता लड़कर पूरे प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत संदेश देने का काम करेंगे इसका फायदा पार्टी को मिलेगा। गांधी परिवार इतनी जल्दी इस गढ़ को नहीं छोड़ेगा क्योंकि यहां पर इस परिवार का इंतिहास जुड़ा है।

# विदेशी पढ़ाई की देसी चुनाव में कड़ी परीक्षा!



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोकसभा मे आजकल एक कहावत तेजी से लोगों के बिच चर्चा का विषय बनी हुयी है कि क्या विदेश मे पढ़ा युवक इस बार देश के चुनाव मे अपनी छाप छोड़ने मे सफल हो जायेगा। पूर्व मंत्री

## राजा भैया ने नहीं खोले पत्ते, उनकी खामोशी से राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज

## निवर्तमान सांसद भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर भी कड़ी धूप में बहा रहे पसीना

इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज जो विदेश से पढ़कर लौटे की उनको लोकसभा चुनाव में संभवता सबसे कम उम्र का प्रत्याशी है।उनको इंद्रजीत सरोज कि जगह सपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है जो कौशाम्बी लोकसभा से 2024 के लोकसभा से चुनाव मे किस्मत आजमा रहे है।

पिछले चुनाव 2019 मे उनके पिता इंद्रजीत सरोज सपा के प्रत्याशी थे और जोरदार चुनाव लड़े लेकिन महज 40 हजार वोटों से भाजपा के विनोद सोनकर से हार गए।हालांकि इंद्रजीत सरोज वर्तमान मे मंझनपुर से सपा के विधायक है और इस चुनाव मे पहले उनको उतारने कि संभावना थी लेकिन येन मौके पर उन्होंने अपने विदेश से शिक्षा लेकर लौटे बेटे पुष्पेंद्र सरोज को सपा का प्रत्याशी बना दिया। लोगों के बीच इस बात को जोरो पर चर्चा है कि पूर्व मंत्री ने अपने बेटे को मैदान मे तो उतार दिया लेकिन प्रचार कार्य मे जिस तरह कि सुस्ती नजर आ रही है उससे कहानियों को बल मिलता है कि क्या बिना निर्धारित कार्यक्रम के पार्टी चुनाव मे हिस्सा ले रही है।

सपा के बाबागंज विधानसभा के अध्यक्ष रमेश यादव से जब इस बावत पूछा गया कि क्या कारण है कि सपा का प्रचार कार्य धीमी गति से हो रहा है तो उन्होंने बताया कि 24 तारीख को बाबागंज विधानसभा मे एक बड़ी रैली और 26 को कांग्रेस के बड़े नेता प्रमोद तिवारी के साथ सपा प्रत्याशी कि एक जनसभा आयोजित होने जा रही है।उसके बाद से प्रचार कार्य परवान चढ़ेगा। जिससे आने वाले दिनों मे कौशाम्बी लोकसभा मे चुनाव एक तरफा हो जायेगा और सपा यहां से बड़ी जीत हासिल करने जा रही है।

बताते चलें कि कौशाम्बी लोकसभा मे अगड़ी जाति के लोगों मे कहीं न कहीं भाजपा सांसद के खिलाफ लोगों मे उनके विगत काल मे दिये गये संवेदनशील बयानों को लेकर गुस्सा है। यहाँ एक बात और गौरतलब हो कि कुंडा के विधायक राजा भैया की भूमिका भी कौशाम्बी लोकसभा मे बहुत महत्वपूर्ण है क्योकी इस लोकसभा क्षेत्र की दो विधान सभा सीटों पर राजा भैया का कब्ज़ा बीते तीन दशक से है और कुंडा तथा बाबागंज मे उनका एकाधिकार रहा है जिससे लोकसभा मे प्रायः उसी की जीत होती रही है ।जिसके साथ राजा भैया का आशीर्वाद रहता है।वैसे इस बार के चुनाव मे अभी तक राजा का चुप रहना एक बड़े राजनितिक समीकरण की ओर इशारा कर रहा है।

## पूर्वी दिल्ली सीट पर अब तक नहीं जीत सकी महिला, अलबत्ता किस्मत कई ने आजमाई

**नई दिल्ली।** राजधानी की सात लोकसभा सीटों में से एक पूर्वी दिल्ली से अब तक कोई महिला प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर सकी है। यहां से कुल 19 महिला प्रत्याशियों ने दांव लगाया लेकिन कोई भी महिला प्रत्याशी जीत का खाता नहीं खोल सकी। पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने किसी महिला प्रत्याशियों को सांसद में रूप में नहीं चुना है।




वहीं, चुनावों में इस बार किसी राजनीतिक पार्टी ने अपना दांव महिलाओं पर नहीं खेला है। इस लोकसभा क्षेत्र को अस्तित्व में आने के बाद कुल 14 चुनाव हो चुके हैं। इनमें से नौ चुनावों में महिला प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया है, लेकिन किसी चुनाव में उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी।इसी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और आप नेता आतिशी को हार का सामना करना पड़ा था। 1984 में पहली बार दो महिला चुनावी मैदान में उतरी थी। इनमें क्रांति तिवारी और हेमा भंडारी शामिल थी। लोकसभा चुनाव में क्रांति को 916 और हेमा को 506 मत मिले थे।

इसके बाद 1999 के चुनाव को छोड़ दें तो सभी में महिलाएं मैदान में उतरीं। इस लोकसभा क्षेत्र में सबसे पहला चुनाव वर्ष 1967 में हुआ, उसमें तीन पुरुष प्रत्याशी मैदान में थे। वर्ष 1971, 1977 और 1980 में भी कोई महिला चुनावी महासमर में भाग्य आजमाने नहीं उतरी।पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट के इतिहास में सबसे अधिक मत लेने वाली महिलाओं में शीला दीक्षित पहले नंबर पर हैं। वह वर्ष 1998 में कांग्रेस की टिकट पर यहां से चुनाव लड़ी थीं। उन्हें पांच लाख 17 हजार 721 मत मिले थे। इसके साथ पर दूसरे स्थान पर रही थीं। उस साल भाजपा के लाल बिहारी तिवारी सांसद चुने गए थे।

# जातीयता की चाशनी में डूबा बलिया अब त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। इस बार लोकसभा चुनाव में बलिया में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बन गये हैं। सत्तासीन भाजपा व बसपा ने अपने-अपने प्रत्याशी उतार कर चुनावी लड़ाई को जातीयता की चाशनी में डुबो दिया है। सोमवार

## सनातन पांडेय को चुनावी मैदान में उतार कर सपा ने रोचक बनाया मुकाबला

को सपा ने सनातन पांडेय को टिकट थमाकर जातीय गणित को और उलझा दिया है। माना जा रहा है कि ब्राह्मण बाहुल्य वाले बलिया में सपा के इस दांव से ब्राह्मण वोटों का छितराव होना तय है। अब जीत किसकी होगी यह तो जनता तय करेगी मगर सपा की रणनीति से सत्तासीन भाजपा की धुकधुकी बढ़ गई है। इस बार भाजपा ने वीरेन्द्र मस्त का टिकट काटकर नीरज शेखर को चुनाव मैदान में उतारा है। नीरज शेखर की भी ब्राह्मण विरादरी में पैठ मानी जाती है। माना जा रहा है कि भाजपा नीरज शेखर को चुनाव मैदान में उतार कर सवर्ण वोट हथियाना चाह रही है। बसपा ने लल्लन सिंह को टिकट थमाकर ठाकुर विरादरी को साधने की जुगत भिड़ाई है। जातीयता



के इस खेल में सपा भी कूद पड़ी है। सपा ने सनातन पांडेय को टिकट थमाकर चुनाव को और रोचक बना दिया है। सनातन पांडेय ने 2019 में भी सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी वीरेन्द्र मस्त को कड़ी टक्कर दी थी। उन्हें 4 लाख 53 हजार 595 वोट मिले थे। चूंकि बलिया में सवर्ण वोट ही प्रत्याशी के भाग्य का फैसला करते हैं इसलिए पलड़ा किस ओर झुकेगा यह अभी से नहीं कहा जा सकता। क्योंकि सपा, बसपा व भाजपा तीनों प्रमुख दल जातीयता की जंग में अपने-अपने सिपहसालारों के साथ कूद चुके हैं। बलिया लोकसभा सीट पर सबसे बड़ी आबादी ब्राह्मणों की है। यहां करीब तीन लाख ब्राह्मण हैं। इसके बाद यादव, राजपूत और दलित वोट हैं। तीनों वर्ग की आबादी करीब ढाई-ढाई लाख है। मुस्लिम वोट बैंक भी इस क्षेत्र में करीब एक लाख है। बलिया के दोआबा इलाके में ब्राह्मण सबसे अधिक हैं। पिछले चुनाव में बलिया लोकसभा सीट पर करीब 18 लाख वोटर थे। लोकसभा सीट की कुल आबादी करीब 25 लाख है। इसमें से 91:96 फीसदी आबादी गांवों में निवास करती है। यह शहरी आबादी महज 8.04 फीसदी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में 9,89,732 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह कुल वोटरों का यह 53.51 फीसदी था। चुनाव में भाजपा को 47 फीसदी और सपा-बसपा गठबंधन को 40 फीसदी मतदाताओं ने वोट दिए थे। अन्य पार्टियों को 4 फीसदी वोट मिले थे।

# कांग्रेस ने आंध्रप्रदेश के लिए 28 और विधानसभा उम्मीदवार घोषित किए

**अमरावती।** कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को 28 और उम्मीदवारों की घोषणा की तथा पहले घोषित 10 निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों को बदल दिया। पार्टी ने श्रीकाकुलम, विशाखापत्तनम उत्तर, विजयवाड़ा पूर्व, ओंगोल, कडप्पा, श्रीशैलम, हिंदूपुर सहित अन्य सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एल रामा राव विशाखापत्तनम उत्तर, एस पद्मश्री (विजयवाड़ा पूर्व), टी कल्याल असज़ल अली खान (कडप्पा) और आर असवर्धा नारायण (धर्मावरम) से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने 10 निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों को बदल दिया है। ए कृष्णा राव श्रीकाकुलम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। डी श्रीनिवास (गजपतिनगरम), एम सुशील राजा (ताडिकोंडा - एससी), टी नागलक्ष्मी (ओंगोल), डी सुब्बा रेड्डी (कनिगिरी), एन किरण कुमार रेड्डी (कोवूर), पी वी श्रीकांत रेड्डी (सर्वपल्ली), यू रामकृष्ण राव (गुदुर - एससी), चंदनामुडी शिवा (सुल्लुरपेटा - एससी) और मोहम्मद हुसैन इनायतुल्ला (हिंदूपुर) से उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अब तक 154 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। कांग्रेस ने आठ-आठ सीटें अपनी सहयोगियों माकपा और भाकपा के लिए छोड़ी हैं।

'इंडिया' गठबंधन की ओर से अब पांच और सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की जानी बाकी है। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा सीटों के लिए चुनाव 13 मई को होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

# अपनी सरकार के मंत्रियों को गिरफ्तार करना चाहते थे उद्धव-शिंदे

**मुंबई ।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तत्कालीन महाविकास अघाड़ी सरकार को लेकर एक बड़ा राज खोला ह। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुलासा किया है कि तत्कालीन महाविकास अघाड़ी सरकार ने बीजेपी के कुछ मंत्रियों को गिरफ्तार करने की साजिश रची थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू देते हुए इस राज का खुलासा किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह भी खुलासा किया है कि उद्धव ठाकरे ने मुझे मुख्यमंत्री पद की पेशकश की थी। शिंदे ने यह भी कहा कि महाविकास अघाड़ी देवेंद्र फड़णवीस, गिरीश महाजन और आशीष शेलार को गिरफ्तार करने जा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक इंटरव्यू में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर भी टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने सीट बंटवारे के बारे में बताया कि राज्य में 16 सीटों पर शिवसेना चुनाव लड़ेगी। इसमें मुंबई की 3 सीटें शामिल हैं. राज्य में सीट आवंटन में कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि 2019 में हमने 42 जीते, हम उस रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगे।



एक इंटरव्यू में शिंदे ने कहा कि जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे तो उनके अधीन काम करने का अनुभव बहुत खराब था। उद्धव ठाकरे के साथ काम करने के दौरान मुझे हमेशा अपमानित किया गया। उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे ने मुझे मंत्री के तौर पर काम नहीं करने दिया मेरे शहरी विकास विभाग में आदित्य ठाकरे लगातार दखल दे रहे थे. आदित्य ठाकरे एमएमआरडीए, सिडको और एमएसआरडीसी की बैठकों में शामिल होते थे। मैंने इस बात की जानकारी उद्धव ठाकरे को दी लेकिन पुत्रमोह के कारण उन्होंने कुछ नहीं किया। शिंदे ने कहा वैसे, उद्धव ठाकरे को आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाने की जल्दी थी. लेकिन उद्धव ठाकरे को लगा कि मैं एक बाधा हूं। एकनाथ शिंदे ने खुलासा किया कि उद्धव ठाकरे ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की पेशकश की थी।

# मनमोहन का 18 साल पुराना भाषण बना मोदी का हथियार

**बांसवाड़ा ।** राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी भाषण में मुसलमानों के संदर्भ पर विवाद खड़ा हो गया है। विपक्षी गुट इंडिया के नेताओं ने भाषण को वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास बताया है। भाषण में पीएम मोदी दिसंबर 2006 में सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं पर राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की एक टिप्पणी की ओर इशारा कर रहे थे। तब भी एक बड़ा विवाद छिड़ गया था, जिसके बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री के कार्यालय ने एक स्पष्टीकरण जारी किया था, जिसे उन्होंने जानबूझकर और शरारती गलत व्याख्या÷ कहा था। हालांकि, एक बार फिर से मनमोहन सिंह का बयान सियासी मुद्दा बन गया है। कांग्रेस पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि ये शहरी नक्सली मानसिकता, माताओं और बहनों, ये आपका मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे। वे उस स्तर तक जा सकते हैं। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि वे माताओं और बहनों के साथ सोने का हिसाब करेंगे, उसके बारे में जानकारी लेंगे और फिर



उस संपत्ति का वितरण करेंगे। किसको बांटेंगे - मनमोहन सिंह सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है। पहले जब उनकी (कांग्रेस) सरकार सत्ता में थी तो उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है। इसका मतलब यह है कि इसका वितरण उन लोगों में किया जाएगा जिनके अधिक बच्चे हैं। इसे घुसपैठियों को बांटा जाएगा। क्या आपकी मेहनत की कमाई घुसपैठियों के पास चली जानी चाहिए? क्या आप इसे स्वीकार करते हैं? कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने डॉ. सिंह पर पीएम मोदी के हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री अब मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद नरेंद्र मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबरा कर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। कांग्रेस के 'क्रांतिकारी मेनिफेस्टो' को मिल रहे अपार समर्थन के रुझान आने शुरू हो गए हैं। देश अब अपने मुद्दों पर वोट करेगा, अपने रोज़गार, अपने परिवार और अपने भविष्य के लिए वोट करेगा। भारत भटकेगा नहीं! समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ बोलते हैं, जिस तरह से उन्होंने कांग्रेस के न्याय पत्र और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बारे में झूठ फैलाया, वह गंदी राजनीति का उदाहरण है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि क्करूमोदी ने आज फिर झूठ बोला। वे देश को हिंदू-मुसलमान के नाम पर झूठ परोसकर बांट रहे हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि क्करू मोदी लोगों को झूठे और गैर-जरूरी मुद्दों में उलझा रहे हैं। लेकिन आज उन्होंने मंगलसूत्र' पर बयान देकर सारी सीमाएं लांघ दी हैं। तब विवाद बढ़ने पर तत्कालीन प्रधान मंत्री के कार्यालय ने एक स्पष्टीकरण जारी किया था।

इसमें सिंह के बयान को बताया गया था। इसमें कहा गया था कि मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएँ स्पष्ट हैं । ग्रामीण बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश, और सामान्य बुनियादी ढांचे की आवश्यक सार्वजनिक निवेश आवश्यकताओं के साथ-साथ एससी/एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रम। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए घटक योजनाओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता होगी। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नवीन योजनाएँ बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने का अधिकार मिले।

# जेपी नड्डा का बड़ा आरोप, शुरू से सनातन विरोधी रही है कांग्रेस, भगवान राम को बताया था काल्पनिक

**बिलासपुर ।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के लोरमी शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए, नड्डा ने पिछले 10 वर्षों में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

नड्डा ने कहा कि मैं आप सबको सबसे पहले हाथ जोड़कर धन्यवाद देना चाहता हूं। क्योंकि 3 महीने पहले, मैं विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए यहां आया था और आपने प्रधानमंत्री मोदी जी के निवेदन को सुना-समझा। और आपने बघेल की कुशासित सरकार को उखाड़ फेंका और भाजपा की सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि चुनाव में आपके वोट का बहुत महत्व है, आपका वोट बहुत बड़े-बड़े कार्य कराता है और बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखता है। जेपी नड्डा ने



आपने 2014 में मोदी जी को चुनाव जिताया। जो भारत देश पिछड़ रहा था, वो 5 साल के अंदर दुनिया के अग्रणी देशों में आकर खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि 1947 में देश विभाजन के बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में काफी लोगों को धार्मिक रूप से प्रताड़ित करके वहां से निकाला गया था। उनको नागरिकता देने की बात तो सभी करते थे, लेकिन नागरिकता देने की हिम्मत किसी में नहीं थी, क्योंकि सभी तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति में डूबे हुए थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी को आपने ताकत दी, उन्होंने ष्ट लागू किया और जो लोग भारत में आए थे, उन्हें नागरिकता देने का काम किया गया। उन्हों कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2014 में कहा था कि मेरी सरकार गरीब, गांव, वंचित, दलित, महिला सशक्तिकरण, किसान और युवाओं के लिए समर्पित है। आज गांवों का सर्वांगीण विकास हुआ है। नड्डा ने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में 4 करोड़ पक्के घर बनकर तैयार हुए हैं। ये मकान सभी सुविधाओं से युक्त हैं। आप एक बार फिर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे और हम 5 साल में 3 करोड़ घर और बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव राम विरोधी और सनातन विरोधी रही है। क्क की मनमोहन सिंह सरकार के समय, इन्होंने कोर्ट में एफिडेविट दिया था कि राम काल्पनिक है और उनका कोई ऐतिहासिक वजूद नहीं है। अब न्यास ने उनको मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया, लेकिन उन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकरा दिया।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0522-4043151
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# अमेरिका में नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन गया भारत

## 2022 में करीब 66 हजार भारतीयों को मिली नागरिकता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की नवीनतम संसदीय रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिका के नागरिक बन चुके हैं। इसी के साथ मैक्सिको के बाद भारत अब अमेरिका के लिए नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है। 2022 तक चार करोड़ 60 लाख विदेशी मूल के नागरिक अमेरिका में निवास कर रहे थे, जो कि 33 करोड़ 30 लाख जनसंख्या वाले देश का 14 प्रतिशत है। 15 अप्रैल की नवीनतम यूएस नेचुरलाइज़ेशन पॉलिसी रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022 में 969,380 लोग नियमानुसार अमेरिकी नागरिक बने। अमेरिका में नियमानुसार नागरिकता मिलने के मामले में मैक्सिको पहले स्थान पर है, इसके बाद भारत, फिलीपींस, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोग शामिल हैं।

नवीनतम सीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में मैक्सिको के 1,28,878 लोगों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। उनके अलावा भारत के 65,960,फिलीपींस के 53,413 ,क्यूबा के 46,913, डोमिनिकन गणराज्य के 34,525, वियतनाम के 33,246 और चीन के 27,038 नागरिकों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। सीआरएस की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 तक अमेरिका में विदेशी मूल के नागरिकों में 28,31,330 लोग भारत से थे। बता दें कि मैक्सिको (1,06,38,429) के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। इसके अलावा 22,25,447 लोग चीन से हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में रह रहे भारत में जन्मे कुल लोगों में से 42 फीसदी ऐसे हैं, जो कि मौजूदा समय में अमेरिकी नागरिकता के लिए अयोग्य हैं। 2023 तक भारत में जन्मे लगभग 290,000 विदेशी नागरिक जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड पर थे, वे अब नागरिकता के पात्र हो चुके हैं। कुछ जानकारों ने अमेरिका के आव्रजन विभाग के नागरिकता के आवेदनों पर कार्यवाही को लेकर चिंता जताई है।



रिपोर्ट के मुताबिक, होंडुरास, ग्वाटेमाला, वेनेजुएला, मैक्सिको, अल साल्वाडोर और ब्राजील के विदेश में जन्मे लोगों के प्राकृतिक तौर पर नागरिकता मिलने का प्रतिशत काफी कम है। वहीं, वियतनाम, फिलीपींस, रूस, जमैका और पाकिस्तान के विदेश में जन्मे शरणार्थियों को नियमानुसार नागरिकता मिलने का प्रतिशत काफी ज्यादा है।

# सनातन विरोधी रही है कांग्रेस : नड्डा

**बिलासपुर।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। छत्तीसगढ़ के

### भगवान राम को बताया था काल्पनिक

बिलासपुर जिले के लोरमी शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए, नड्डा ने पिछले 10 वर्षों में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। नड्डा ने कहा कि मैं आप सबको सबसे पहले हाथ जोड़कर धन्यवाद देना चाहता हूं। क्योंकि 3 महीने पहले, मैं विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए यहां आया था और आपने प्रधानमंत्री मोदी जी के निवेदन को सुना-समझा। और आपने बघेल की कुशासित सरकार को उखाड़ फेंका और भाजपा की सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि चुनाव में आपके वोट का बहुत महत्व है, आपका वोट बहुत बड़े-बड़े कार्य कराता है और बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखता है। जेपी नड्डा ने आपने 2014



में मोदी जी को चुनाव जिताया। जो भारत देश पिछड़ रहा था, वो 5 साल के अंदर दुनिया के अग्रणी देशों में आकर खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि 1947 में देश विभाजन के बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में काफी लोगों को धार्मिक रूप से प्रताड़ित करके वहां से निकाला गया था। उनको नागरिकता देने की बात तो सभी करते थे, लेकिन नागरिकता देने की हिम्मत किसी में नहीं थी, क्योंकि सभी तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति में डूबे हुए थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी को आपने ताकत दी, उन्होंने सीएए लागू किया और जो लोग भारत में आए थे, उन्हें नागरिकता देने का काम किया गया। उन्हों कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2014 में कहा था कि मेरी सरकार गरीब, गांव, वंचित, दलित, महिला सशक्तिकरण, किसान और युवाओं के लिए समर्पित है। आज गांवों का सर्वांगीण विकास हुआ है। नड्डा ने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में 4 करोड़ पक्के घर बनकर तैयार हुए हैं। ये मकान सभी सुविधाओं से युक्त हैं। आप एक बार फिर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे और हम 5 साल में 3 करोड़ घर और बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव राम विरोधी और सनातन विरोधी रही है। यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार के समय, इन्होंने कोर्ट में एफिडेविट दिया था कि राम काल्पनिक है और उनका कोई ऐतिहासिक वजूद नहीं है। अब न्यास ने उनको मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया, लेकिन उन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकरा दिया।

# पाकिस्तान पहुंचे ईरानी राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राजधानी में कड़ी सुरक्षा के बीच, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचे। विदेश कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरानी राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आए हुए हैं। बयान में बताया गया कि राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के आगमान में उनके ग्रुप में विदेश मंत्री, अन्य कैबिनेट सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि यह यात्रा बुधवार तक चलेगी। इस यात्रा के दौरान दोनों मुस्लिम पड़ोसी इस साल अभूतपूर्व सैन्य हमलों के बाद संबंधों को सुधारने की कोशिश करेंगे। बयान में कहा गया है कि रायसी पूर्वी शहर लाहौर और दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची का दौरा करने के अलावा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। रायसी के आगमन के लिए सुरक्षा उपायों के तहत इस्लामाबाद में प्रमुख राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया गया, जबकि सरकार ने कराची में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की।

# कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या के मामले में सड़कों पर उतरी भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्षद की बेटी निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ को न्याय दिलाने की मांग तेज हो गई है।



छात्र संगठनों ने भी सड़कों पर उतरकर न्याय दिलाने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया है। कर्नाटक की सड़कों पर इन दिनों नेहा के न्याय के लिए लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या के बाद से माहौल काफी गरम हो चुका है। 18 अप्रैल को हुबली के एक कॉलेज में फैयाज नामक एक युवक ने नेहा हिरेमथ पर चाकू से हमला किया था। पांच-छह बार चाकू से हमला करने के बाद वह भाग रहा था, कि स्थानीय लोगों ने उसके पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। वहीं नेहा को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद से इस हत्या पर पहले सियाजी जंग शुरू हुई।

भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने बयानबाजी की। नेहा का परिवार इस हत्या को लव जिहाद बता रहा है, वहीं कुछ लोग इसे प्रेम संबंध से जोड़ रहे हैं। इसी बीच कुछ लड़के सोशल मीडिया पोस्ट पर सच्चा प्यार कहते हुए हत्या को सही बता रहे थे। इनको स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सड़कों पर उतर कर नेहा हेमरथ की हत्या के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। संगठन की मांग है नेहा को न्याय दिया जाना चाहिए। काली पट्टी बांधकर विरोध किया। वहीं दूसरी ओर अंजुमन आई इस्लाम सामाजिक संगठन भी नेहा हिरेमथ को न्याय दिलाने की मांग कर रहा है। हाथ में एक मनुष्य हत्या, मानवता की हत्या और कॉलेज परिसर में महिला की सुरक्षा और इज्जत की तख्ती लेकर संगठन के सदस्यों में सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस घटना को अंजाम देने वाले पर सख्त से सख्त कार्रवाई करना चाहिए।

# इजराइल खुफिया विभाग चीफ ने छोड़ा पद

**तेल अवीव।** हमास के इस्राइल पर हमले को अपनी असफलता मानते हुए इजराइली सेना के खुफिया विभाग के प्रमुख मेजर जनरल अहारोन हलिवा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

मेजर जनरल हलिवा ने हमास के हमले को न रोक पाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए पद छोड़ दिया। गौरतलब है कि इजराइल में हमास हमले के बाद यह शीर्ष स्तर पर पहला इस्तीफा है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई अन्य शीर्ष अधिकारी और नेता भी इस्तीफा दे सकते हैं।

हमास ने बीते साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमला बोला था। हमास के हमले में इस्राइल में 1200 लोगों की मौत हुई थी और 250 लोगों को हमास के आतंकियों ने बंधक बना लिया था। हमास के हमले के बाद ही इस्राइल ने गाजा पर हमला बोल दिया था और अब गाजा युद्ध को सात महीने का वक्त बीत चुका है। इजराइल के हमलों से गाजा में 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और वहां गंभीर मानवीय संकट



पैदा हो गया है। अपना पद छोड़ते हुए मेजर जनरल अहारोन हलिवा ने अपने इस्तीफे में लिखा कि मेरे नेतृत्व में खुफिया विभाग अपनी जिम्मेदारियों पर खरा नहीं उतरा। उस काले दिन का दर्द अभी भी मेरे साथ है और अब हमेशा मेरे साथ रहेगा। हमास के हमले के तुरंत बाद हलिवा ने हमले को रोक पाने में असफल रहने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली थी। हालांकि उस समय हलिवा ने इस्तीफा नहीं दिया था। मेजर जनरल हलिवा का इस्तीफा स्वीकार हो गया है और इजराइली सेना के प्रमुख ने मेजरल जनरल हलिवा को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। हमास के हमले के बाद से ही इजराइल युद्ध में फंसा हुआ है।

# पुर्तगाली नागरिकता वाले गोवावासियों को राहत, ओसीआई के लिए कर सकेंगे आवेदन

**नई दिल्ली।** भारत में पूर्ववर्ती पुर्तगाली क्षेत्रों (गोवा और दमन और दीव) के उन लोगों को भारत सरकार ने राहत दी है जिनके भारतीय पासपोर्ट पुर्तगाली नागरिकता लेने के बाद रद्द कर दिए गए थे। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट अधिकारियों निर्देश दिया है कि उन लोगों



को निरसन आदेश जारी करें जिनके भारतीय पासपोर्ट रद्द किए गए हैं।

यह निर्णय उन कई लोगों को राहत दे सकता है जो नियमों के अनुसार ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) के लिए आवेदन करने के अयोग्य हो गए थे। ओसीआई कार्ड भारत सरकार द्वारा भारतवंशी लोगों को जारी किया जाता है जो विदेशी नागरिक हैं। ओसीआई भारतवंशी विदेशी नागरिकों को अनिश्चित काल तक भारत में रहने और काम करने का अधिकार देता है। विदेश मंत्रालय के चार अप्रैल के ज्ञापन में कहा गया है, गृह मंत्रालय ने भारत में पूर्ववर्ती पुर्तगाली क्षेत्रों के उन लोगों के मामले में सरेंडर सर्टिफिकेट के बदले निरसन प्रमाणपत्र को वैकल्पिक दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का निर्णय लिया है जिन्होंने पुर्तगाली नागरिकता ले ली है। ऐसे सभी मामलों में अनिवार्य रूप से निरसन आदेश जारी करने की सलाह दी जाती है।

इस फैसले के बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हजारों गोवा नागरिकों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को एक्स पर पोस्ट कर धन्यवाद दिया। पुर्तगाली कानून के तहत 19 दिसंबर 1961 से पहले गोवा में पैदा हुए व्यक्तियों और उसके बाद की दो पीढ़ियों के पास पुर्तगाली नागरिक के रूप में पंजीकरण करने का विकल्प है। पुर्तगाली पासपोर्ट के साथ यूरोपीय संघ, ब्रिटेन में वीजा-मुक्त प्रवेश मिलता है। इस कारण कई गोवावासियों ने विदेश में बेहतर रोजगार और शिक्षा की संभावनाओं के लिए इस अवसर का लाभ उठाया है।

# पिथौरागढ़ जिले के जंगलों में लगी आग से झुलसे पहाड़

**पिथौरागढ़।** पिथौरागढ़ जिले में वनाग्नि की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। पारा जैसे-जैसे चढ़ता जा रहा है जंगलों के धधकने की गति भी उसी तेजी से बढ़ रही है। इस सीजन में अब तक 89.5 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुके हैं। इस बार जाड़ों के सीजन में बारिश नहीं होने से जंगलों में पर्याप्त नमी का अभाव रहा। इससे सर्दियों के सीजन में भी मुनस्यारी, बंगापानी के जंगलों में आग सुलग उठी। इस सीजन में चार दिन पूर्व तक जहां करीब 50 हेक्टेयर जंगल में आग लगी थी वहीं रविवार को यह आंकड़ा बढ़कर 89 हेक्टेयर को पार गया। अकेले शनिवार को ही आग लगने की 10 घटनाएं दर्ज की गईं। पिथौरागढ़ प्रभाग के साथ ही अस्कोट, डीडीहाट, बेड़ीनाग, गंगोलीहाट में चीड़, बांज आदि के जंगल आग से सुलग रहे हैं। इससे जहां बहुमूल्य वन संपदा को नुकसान हो रहा है। वहीं पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। चारों ओर छाए आग के धुएं से पहाड़ियां ओझल हो गई हैं। थल, अस्कोट क्षेत्र में वातावरण में फैले धुएं से लोग खासे परेशान हैं। वनाग्नि की रोकथाम के लिए वन विभाग ने 68 क्रू स्टेशन बनाए हैं। सौ से अधिक फायर वाचर की तैनाती की है। वन कार्मिकों के चुनाव ड्यूटी पर होने से वनों की आग पर काबू नहीं पाया जा सका। अब सोमवार से कार्मिकों के ड्यूटी पर पहुंचने से उम्मीद है कि आग पर काफी हद तक नियंत्रण लग सकेगा। इस सीजन में मुनस्यारी के खुलिया बीट में आग लगाते विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। वन विभाग ने लोगों से जलती बीड़ी-सिगरेट को जंगल में नहीं फेंकने और आग लगने पर ग्रामीणों से सहयोग करने का अनुरोध किया है।

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती रद्द की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कथित तौर पर अवैध रूप से प्राप्त सभी नौकरियां रद्द कर दीं। जज देबांशु बसाक और

### 25,753 लोगों की नौकरियों पर संकट

जज मोहम्मद सब्बीर रशीद की कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा, जो लोग लंबे समय से अवैध तरीके से काम कर रहे हैं, उन्हें ब्याज समेत सैलरी लौटानी होगी। इस फैसले के तहत 25,753 नौकरियां रद्द कर दी गईं। उन्हें 2016 के पैनल में नौकरी मिली थी। पैनल का कार्यकाल खत्म होने के बाद जिन लोगों को नौकरी मिली है, उन्हें भुगतान करना होगा। वादी पक्ष के वकील ने कहा, 2016 का पूरा



पैनल रद्द कर दिया गया है। कोर्ट ने डीएम को निर्देश दिया है। डीआई चार सप्ताह के अंदर डीएम को सप्ताह के अंदर डीएम को इसकी जानकारी देनी होगी। 2016 की सभी चार भर्ती प्रक्रियाएं - ग्रुप सी, ग्रुप डी, 9वीं-10वीं, 11वीं-12वीं - पैनल को रद्द कर दिया गया है। सभी को वेतन वापस करना होगा। कोर्ट ने कहा है कि छह सप्ताह के भीतर वेतन वापस करना होगा। संबंधित डीआई को यह देखने की जिम्मेदारी दी गई है कि वेतन वापस किया गया है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। बता दें कि 23 हजार 753 नौकरियां रद्द कर दी गईं। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

श्री रतनसिंह मेमोरियल पी.जी. कालेज

कालेज कोड 527

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध

SHRI RATAN SINGH COLLEGE OF PHARMACY

ADMISSION OPEN 2024-25

Courses :-

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, चित्रकला, संस्कृत

B.Com. (Group A.B.C.)

M.A. (शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान, अंग्रेजी, भूगोल, समाजशास्त्र)

B.Sc. (Agriculture)

B.Sc. (ZBC & PCM)

M.Sc. Chemistry Botany

M.Sc. Agriculture Horticulture & Agronomy

Mode of Admission Entrance

D. PHARMA College Code 2154

Mode of Admission by JEEUP (Polytechnic) 2021 Counceling or Direct Admission on Vacant seats

B. PHARMA College Code 1154

Mode of Admission by UPSEE (UPCET) 2021 Counceling or Direct Admission on Vacant seats

महाविद्यालय में निःशुल्क फार्म की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध

Qualification : Intermediate with Physics Chemistry & Biology

प्रवेश के लिए JEECUP परीक्षा फार्म भरना अनिवार्य

ग्राम-भूड़ा मैनारी, पुवायाँ जिला-शाहजहाँपुर

M. : 9990745119, 6307698391, 9721755089, 7800400015

www. rsmspn.org | E-mail : srsmcollegespn@mjpru.ac.in

# अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रेरणास्त्रोत है 'नृत्य'




डांस या नाचना एक कलात्मक अभिव्यक्ति है, जिसके साथ लोग अपनी भावनाएं और बयान जाहिर करते हैं। हर साल 29 अप्रैल को दुनियाभर के लोग इंटरनेशनल डांस डे मनाने के लिये एकजुट होते हैं। 'अटल' में विमला बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहीं प्रचिती अहिराव ने बताया, ''मुझे डांस करना पसंद है, क्योंकि उससे मुझे खुशी मिलती है। यह मेरी जिन्दगी का एक अटूट हिस्सा है। डांसिंग ने मुझे अपने भीतर संतुलन लाना सिखाया है ।''



'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''बचपन में मुझे डांसिंग से बड़ा मजा आता था। डांस के लिये मेरा प्यार इस तरह शुरू हुआ।एक्टर होने के नाते मुझे विभिन्न नृत्य करने के अवसर मिले हैं, जैसे कि तांडव, गरबा, लावणी, आदि। डांसिंग ने मुझे हमेशा जिन्दगी के तनावों से दूर होने का एक तरीका दिया है।'''भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, ऊर्फ शुभांगी अत्रे ने बताया, ''अभिनेत्री होने के अलावा मैं एक अनुभवी डांसर और इंस्ट्रक्टर भी हूँ। डांसिंग मेरी जिन्दगी का एक जरूरी हिस्सा है। मुझे कथक में विशेषज्ञता प्राप्त है। कथक के लिये मेरा प्यार उसके अलौकिक विशयों और धुनों से मेरा आध्यात्मिक लगाव दिखाता है। डांसिंग से मुझे खुशी और आत्मविश्वास मिलता है और मैं अपने आप में खो जाती हूँ। मुझे तनाव और नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है और आजादी का बोध होता है।''

# राखी सावंत पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। फिलहाल राखी सावंत अपनी पर्सनल लाइफ के कारण सुर्खियों में हैं। राखी सावंत को उनके पूर्व पति आदिल दुर्रानी का अश्लील वीडियो लीक होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें चार हफ्ते के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। आदिल दुर्रानी ने अपने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर लीक करने के आरोप में अंबोली पुलिस स्टेशन में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कराया था। आदिल खान दुर्रानी द्वारा एक्ट्रेस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के बाद से वह दुबई में रह रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस एफआईआर के बाद राखी गिरफ्तारी से बचने के लिए दुबई भाग गईं। राखी के पूर्व पति आदिल दुर्रानी के अश्लील



वीडियो लीक होने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद राखी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दी थी। लेकिन बॉम्बे हाई कोर्ट ने राखी की गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका खारिज कर दी। आदिल की शिकायत के बाद, अभिनेत्री पर आईपीसी की धारा 500 और अपराध करने के इरादे से अश्लील वीडियो प्रकाशित करने के लिए धारा 34 के तहत मानहानि का आरोप लगाया गया था। फिर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हालांकि अब जब सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी अर्जी खारिज कर दी है तो राखी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस मामले में राखी सावंत पर अभी भी कोर्ट की तलवार लटक रही है। दिसंबर 2022 में राखी और आदिल की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर आदिल दुर्रानी से शादी होने का भी दावा किया था। आदिल ने भी इस शादी को मंजूरी दे दी। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही राखी ने आदिल के खिलाफ घरेलू हिंसा और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। राखी की शिकायत के बाद पुलिस ने आदिल को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में


शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोन:- 0551-2338089

+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइल: 9415016089